■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित
www.navbihartime.com
■ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

वर्ष : 35, अंक : 322
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, शनिवार
26 अप्रैल 2025
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1755:** रूस का पहला विश्वविद्यालय राजधानी मॉस्को में खोला गया।
**1903:** गांधी जी ने दक्षिण अफ्रीका में वकालत शुरू की और वहां ब्रिटिश इंडियन एसोसिएशन की स्थापना की।
**1920:** महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजम का निधन।
**1959:** क्यूबा ने पनामा पर आक्रमण किया।
**1975:** सिक्किम भारत का 22वां राज्य बना।

**क्रोध हमेशा मनुष्य को तब आता है जब वह अपने आप को कमजोर और हारा हुआ पाता है।**

## संक्षिप्त समाचार

### युवक की चाकू से गोदकर हत्या

**मोतिहारी(नबिटा ब्यूरो)।** नगर थाना क्षेत्र के अगरवा मुहल्ले में अज्ञात बदमाशों ने 17 वर्षीय युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। मृतक गोलू कुमार बेलीसराय का रहने वाला था। मृतक के ममेरे भाई संजू ने बताया कि गोलू का कुछ दिन पहले अगरवा मुहल्ले के विशाल नाम के युवक से विवाद हुआ था। घटना की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे और हंगामा शुरू कर दिया। स्थिति को देखते हुए अस्पताल में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। सदर एएसपी शिवम धाकर मौके पर कैंप कर परिजनों को शांत कराने का प्रयास कर रहे हैं।

### इंडो-नेपाल बॉर्डर से अमेरिकी नागरिक गिरफ्तार

**बेतिया(नबिटा ब्यूरो)।** इंडो-नेपाल बॉर्डर से इमिग्रेशन विभाग ने एक अमेरिकी नागरिक एटान बेन को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि वह रक्सौल में गैरकानूनी तरीके से रह रहा था। उसका वीजा भी खत्म हो चुका है। इमिग्रेशन विभाग ने अमेरिकी नागरिक को पकड़कर संबंधित थाने को मामले की जानकारी दी। एटान बेन से पूछताछ जारी है। बता दें कि 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद बिहार में इंडो-नेपाल सीमा पर चौकसी बढ़ा दी गई है। रक्सौल, किशनगंज और मधुबनी जैसे प्रमुख सीमावर्ती इलाकों में सुरक्षा एजेंसियों की ओर से चप्पे-चप्पे पर निगरानी की जा रही है।

### सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

**गोपालगंज(नबिटा ब्यूरो)।** अपनी चचेरी बहन की शादी का कार्ड बाटने बाइक से जा रहे युवक के चचेरे भाई तथा बड़े भाई के साले की बस से टक्कर हो जाने के कारण मौत हो गई। वहीं तीसरा युवक बुरी तरह जख्मी हो गया। मृतकों में जिले के विजयीपुर गांव के राजेश राम तथा प्रभुराम शामिल है।

### मुखिया के भतीजे का शव मिलने से सनसनी

**समस्तीपुर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में पूसा थाना क्षेत्र के मोरसंड पंचायत की पुनास गाछी में शुक्रवार सुबह एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान कर्पूरी ग्राम थाना क्षेत्र के पुनास गांव निवासी महेश राम के पुत्र गौतम कुमार के रूप में की गई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन में जुट गई है।

### पटना में कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी


**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद से पूरे देश की पुलिस अलर्ट मोड में है। संदिग्ध जगहों पर लगातार छापेमारी चल रही है। इसी बीच शुक्रवार को पटना सिविल कोर्ट को आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी मिली है। यह धमकी ईमेल के जरिए समीर अलबुहारी के नाम से दी गई है। धमकी देने वाले शख्स ने लिखा कि जज साहब आपकी कोर्ट में आरडीएक्स बम रखा है। फौरन पटना पुलिस की पूरी टीम बम और डॉग स्क्वायड को लेकर पहुंची और पूरे कोर्ट परिसर को खंगाला लेकिन कहीं कुछ नहीं मिला।

# कैमूर व गया समेत आठ जिलों में खुलेंगे डिग्री कॉलेज

**खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए 119 करोड़ मंजूर | अयोध्या की तरह विकसित होगा पुनौरा धाम | नीतीश कैबिनेट की बैठक में 34 एजेंडों पर लगी मुहर**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को आयोजित बिहार कैबिनेट की बैठक में 34 एजेंडों को स्वीकृति दी गयी है। बैठक में शिक्षक नियुक्ति, खेलो इंडिया यूथ 2025 के लिए खर्च राशि आदि की स्वीकृति मिली है। कैबिनेट में खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 के आयोजन पर होने वाले खर्च के लिए 119 करोड़ 4 लाख 79 129 रुपए दिए जाएंगे। बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार पश्चिम चंपारण जिले के मधुबनी, वैशाली के गरौल, बेगूसराय के शामहो, गया के इमामगंज, कैमूर के अधौरा, बांका के कटोरिया और मुंगेर के असरगंज तथा जमुई के चकाई में प्रस्तावित डिग्री महाविद्यालय के लिए 422 शिक्षकों की नियुक्ति होगी। इसके साथ 104 शिक्षकेतर कर्मचारी, कुल 526 पदों का सृजन किया जाएगा। सीतामढ़ी जिले में मां सीता की जन्मस्थली मुनौरा धाम में मंदिर का निर्माण होगा। इसके लिए डिजाइन कंसल्टेंट के रूप में रिसर्च डिजाइन एसोसिएट्स इनकॉरपोरेटेड नोएडा का चयन किया गया है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या के अनुरूप भव्य मंदिर बनाने का निर्णय लिया गया है। वहीं नगर एवं आवास विभाग के अंतर्गत एकीकृत शहरी अभियंत्रण संगठन के 71 कार्यालय के लिए 35 करोड़ 27 लाख 38344 की वार्षिक व्यय पर 663 विभिन्न कोटि के गैर तकनीकी पदों का सृजन हुआ है। बिहार पशु चिकित्सा सेवा संभाग के पूर्व से स्वीकृत 2159 पदों को पुनर्गठित करने की स्वीकृति। बिहार पर्यटन बॉन्डिंग एवं मार्केटिंग संशोधन नीति 2025 की स्वीकृति, इंदिरा गांधी हृदय रोग संस्थान चिकित्सा सेवा नियमावली



2023 में संशोधन करने की स्वीकृति मिली है। वैशाली के बाबा गणिनाथ पालवैया धाम मेला महनार को बिहार राज्य मेला प्राधिकार के प्रबंधन के अंतर्गत शामिल किया जाएगा। बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त नियमावली 2025 की स्वीकृति दी गयी है। इसके साथ महाधिवक्ता कार्यालय बिहार पटना के लिए विभिन्न कोटि के 40 स्थाई पद और संविदा आधारित 6 पद कुल 40 पदों के सृजन होगा। बिहार दंत चिकित्सा सेवा के दंत चिकित्सकों के लिए डायनेमिक एसीपी के वैचारिक लाभ को 14 अक्टूबर 2014 से और वित्तीय लाभ 1 अप्रैल 2017 के प्रभाव से देने की स्वीकृति दी गयी है। ग्रामीण कार्य विभाग अंतर्गत ग्रामीण पथ आरेखन में निर्बाध संपर्कता के लिए मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना के प्रावधान में संशोधन की स्वीकृति मिली है। ग्रामीण कार्य विभाग अंतर्गत ग्रामीण पथ आरेखन में निर्बाध संपर्कता के लिए मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना के प्रावधान में संशोधन की स्वीकृति मिली है। बिहार कृषि विभागीय आशुलिपिक संपर्क नियमावली 2025 का गठन एवं बिहार खेल विश्वविद्यालय राजगीर के सुगम संचालन के लिए विभिन्न कोटि के कुल 244 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गयी है। एनडीबी वित्त सहायतार्थ बिहार ग्रामीण पथ परियोजना फ़ेज 2 में काम होगा। मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना अंतर्गत 38 जिलों में 100 या इससे अधिक आबादी के सभी टोलों को बारहमासी एकल संपर्कता प्रदान करने के लिए 14000 किलोमीटर पथों के निर्माण और मेंटेनेंस का काम होगा। कैबिनेट की बैठक में शेखपुरा के एक अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की भी स्वीकृति दी गयी। शेखपुरा बरबीघा के तत्कालीन कार्यपालक पदाधिकारी विजय कुमार को सेवा से बर्खास्त किया जाएगा।

# पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान कर शीघ्र वापस भेजें : अमित शाह

**पटना में वीजा पर रह रहे 24 महिलाएं समेत 27 पाकिस्तानी नागरिक**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को सभी राज्य के मुख्यमंत्रियों से बात की। उन्होंने सभी से अपने-अपने राज्यों में सभी पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान करने और उनकी शीघ्र पाकिस्तान वापसी सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने को कहा। श्री शाह ने कई मुख्यमंत्रियों से बात कर ली है और बाकियों से भी वे बात कर रहे हैं। इस बीच राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की है। सूत्रों के मुताबिक अमित शाह ने शुक्रवार को सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को फोन किया और उनसे यह सुनिश्चित करने को कहा कि कोई भी पाकिस्तानी नागरिक देश छोड़ने के लिए निर्धारित समय सीमा से आगे भारत में न रहे। भारत ने गुरुवार को 27 अप्रैल से पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए सभी वीजा रद्द करने की घोषणा की थी और पाकिस्तान में रहने वाले भारतीय नागरिकों को जल्द से जल्द घर लौटने की सलाह दी थी। मुख्यमंत्रियों को यह भी कहा



गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान करें और उनका निर्वासन सुनिश्चित करें। पटना में इस वक्त 27 पाकिस्तानी नागरिक वीजा पर रह रहे हैं। इनमें 24 महिलाएं हैं। केंद्र सरकार के आदेश के बाद इनकी परेशानी बढ़ गई है। दरअसल, पटना के सब्जीबाग, समनपुरा, रुकनपुरा और फुलवारी शरीफ में यह सभी पाकिस्तानी एक्सटेंशन वीजा पर रह रहे थे। यह लोग तीन से सात दिन के लिए पटना आए थे लेकिन बाद में रिश्तेदार, बीमारी समेत अन्य कुछ कारण बता इनलोगों ने अपने रहने की अवधि बढ़ा ली थी। अब जब भारत सरकार ने इनका वीजा रद्द कर दिया तो बिहार पुलिस की स्पेशल ब्रांच और पासपोर्ट कार्यालय की टीम इसकी जांच में जुट गई है। पुलिस के अनुसार, एक्सटेंशन वीजा पर रहने वाले पाकिस्तानी नागरिकों को अपना वतन लौटना होगा। अगर वह नहीं जाते हैं तो उन्हें विदेशी घुसपैठियां घोषित कर दिया जाएगा। उन्हें गिरफ्तार भी किया जा सकता है। पुलिस सूत्रों की मानें तो पाकिस्तानी नागरिकों ने भारतीय नागरिकता के लिए अपना पासपोर्ट सरेंडर कर दिया है। इनमें तीन महिलाएं भी हैं। वहीं तीन में से एक अन्य महिला पर पीरबहोर थाने में केस दर्ज है। हालांकि, कोर्ट ने महिला को जमानत दी है।

# नीट पेपरलीक केस का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** नीट पेपर लीक केस में बिहार पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। बिहार पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स की टीम ने पेपरलीक केस के मास्टरमाइंड संजीव मुखिया को गिरफ्तार कर लिया है। वह पांच मई 2024 से फरार चल रहा था। पुलिस जब उसे नहीं खोज पाई तब उसपर तीन लाख का इनाम रख दिया था। शुक्रवार सुबह एसटीएफ ने उसे दानापुर इलाके के गिरफ्तार किया। संजीव मुखिया पर नीट समेत कई प्रतियोगी परीक्षाओं में फर्जीवाड़ा करने और पेपरलीक कराने का आरोप है। एसटीएफ की टीम संजीव मुखिया को जल्द ही कोर्ट में पेश करेगी। इसके बाद कोर्ट से आदेश मिलने पर उसे रिमांड पर लेगी। इससे पहले चार मार्च को आर्थिक अपराध इकाई (इओयू) ने फरार आरोपी संजीव मुखिया के विरुद्ध फिर कार्रवाई की थी। इओयू की विशेष टीम ने नगरनौसा थाना क्षेत्र के शाहपुर बलबा गांव में संजीव कुमार के निवास स्थान पर कोर्ट से प्राप्त इश्तिहार को चिपकाया




था। यह कार्रवाई इओयू थाना पटना में दर्ज मामला संख्या 16/23 से संबंधित है, जिसने पूरे राज्य में एक बड़ी सनसनी मचा दी है। नालंदा जिले के नूरसराय वानिकी कॉलेज में तकनीकी सहायक के पद पर कार्यरत संजीव कुमार उर्फ़ संजीव मुखिया बिहार पुलिस भर्ती परीक्षा घोटाले का मुख्य संचालक माना जा रहा है। उनपर अपने बेटे डॉ. शिव के साथ मिलकर परीक्षा प्रणाली में व्यापक स्तर पर धांधली करने का आरोप है। बता दें कि संजीव मुखिया के पुत्र डॉ. शिव पहले ही सिपाही भर्ती पेपर लीक मामले में जेल में बंद है।

# काम करने के आधार पर हसपुरा अंचल कार्यालय दूसरे स्थान पर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार की ओर से बिहार के अंचल कार्यालयों के काम करने के आधार पर मार्च महीने की रैंकिंग जारी कर दी गई है। इसमें जमुई के लक्ष्मीपुर अंचल कार्यालय को पहला, औरंगाबाद के हसपुरा को दूसरा तथा बांका के बाराहाट को तीसरा स्थान मिला है। वहीं फरवरी में पहले स्थान पर सारण का नगरा और दूसरे स्थान पर औरंगाबाद का हसपुरा अंचल कार्यालय था। दरअसल, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा नियमित रूप से मुख्यालय स्तर से, अंचल कार्यालयों से लेकर जिलों तक किये जा रहे राजस्व कार्यों की समीक्षा की जाती है। इसी क्रम में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा मार्च माह में राज्य के सभी 534 अंचल कार्यालयों की समीक्षा कर रैंकिंग जारी की गई है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा बताया गया कि अंचल कार्यालयों की रैंकिंग परिमार्जन प्लस, म्यूटेशन, अभियान बसेरा-2, आधार




सीडिंग की स्थिति आदि के आधार पर की जाती है। रैंकिंग में अंचल कार्यालयों को म्यूटेशन पर 20 अंक, परिमार्जन प्लस पर 25 अंक, अभियान बसेरा-2 पर 15 अंक, आधार सीडिंग पर 2.5 अंक, ऑनलाइन एलपीसी पर 2.5 अंक, ई मापी पर 15 अंक, अतिक्रमणवाद निबटारे पर पांच अंक, जमाबंदी पर पांच अंक और सरकारी जमीन की इंट्री और वेरीफिकेशन पर 10 अंक दिये जाते हैं। इनमें सबसे अधिक अंक परिमार्जन प्लस पर मिलते हैं। इस आधर पर लक्ष्मीपुर अंचल कार्यालय को 100 में 91.61 अंक मिले हैं तो दूसरे नंबर पर रहे हसपुरा को 91.39 अंक और तीसरे नंबर पर रहे बाराहाट को 90.07 अंक मिले हैं।

# सभी जिलों में बनाए गए प्रभारी मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के सभी जिलों में नए प्रभारी मंत्री बनाए गए है। एनडीए के सभी मंत्रियों को अलग-अलग जिलों का प्रभार दिया गया है। आज मंत्रिमंडल सचिवालय द्वारा अधिसूचना जारी कर जिलों के प्रभारी मंत्रियों की सूची जारी कर दी गई है। पहले प्रभारी मंत्रियों की सूची को रद्द कर नई सूची जारी की गई है। अधिसूचना के अनुसार डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी को पटना, डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा को मुजफ्फरपुर, विजय चौधरी को पूर्णिया और नालंदा, विजेंद्र प्रसाद यादव को वैशाली, डॉ. प्रेम कुमार को कैमूर, श्रवण कुमार को समस्तीपुर और मधेपुरा, संतोष सुमन को औरंगाबाद, सुमित सिंह को सारण, रेणु देवी को सिवान, मंगल पांडेय को दरभंगा, नीरज कुमार सिंह को कटिहार, अशोक चौधरी को सीतामढ़ी और जहानाबाद, लेसी सिंह को मधुबनी, मदन सहनी को सुपौल, नीतीश मिश्रा को अररिया, नितिन नवीन को बक्सर, महेश्वर हजारी को खगड़िया, शीला कुमारी को लखीसराय, सुनील कुमार को पूर्वी चंपारण, जनक राम को पश्चिमी चंपारण, हरि सहनी को अरवल, कृष नंदन पासवान को गोपालगंज, जयंत राज को रोहतास, जमा खान को किशनगंज, रत्नेश सदा को जमुई, केदार गुप्ता को भोजपुर, सुरेंद्र मेहता को बांका, संतोष सिंह को भागलपुर, संजय सरावगी को बेगूसराय, डॉक्टर सुनील कुमार को गया, जीवेश कुमार को नवादा, राजू सिंह को शेखपुरा, मोतीलाल प्रसाद को शिवहर, विजय कुमार मंडल को सहरसा, कृष्ण कुमार पिंटू को मुंगेर का प्रभारी बनाया गया है। बिहार विधानसभा चुनाव से ठीक पहले बिहार सरकार में मंत्रियों को जिले का प्रभार देकर बड़ी जिम्मेदारी दी है।




# काफी तरक्की कर रहा बिहार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से आज 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प में मध्य सेवा कालीन प्रशिक्षण चरण-2 के तहत बिहार भ्रमण पर आये भारतीय विदेश सेवा के पदाधिकारियों ने शिष्टाचार मुलाकात की। इन भ्रमण करने वाले पदाधिकारियों में बिहार के दरभंगा जिले के रहने वाले विदेश मंत्रालय, भारत सरकार में पदस्थापित अमित कुमार मिश्रा, सुपौल जिले के रहने वाले ऑस्ट्रेलिया में पदस्थापित डॉ. सुशील कुमार और गया जिले के रहने वाले लाइबेरिया देश में पदस्थापित मनोज बिहारी वर्मा शामिल हैं। भारतीय विदेश सेवा के इन पदाधिकारियों ने 21 से 25 अप्रैल की अवधि में मध्य सेवा कालीन प्रशिक्षण चरण-2 के तहत आर्थिक, व्यापारिक एवं वाणिज्यिक परिवेष से अवगत होने हेतु बिहार का भ्रमण किया। मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान भारतीय विदेश सेवा के इन पदाधिकारियों ने कहा



कि बिहार काफी तरक्की कर रहा है। हर क्षेत्र में यहां विकास दिख रहा है। यहां के लोगों की आर्थिक और सामाजिक स्थिति में काफी बदलाव आया है। बिहार की छवि सभी जगह बदली है। राज्य का माहौल काफी खुशनुमा है और लोगों की विकास के प्रति सकारात्मक मानसिकता दिख रही है। हमलोगों ने भ्रमण के दौरान महसूस किया कि पहले के बिहार और अब के बिहार में काफी बदलाव आया है। मुख्यमंत्री ने भारतीय विदेश सेवा के आगंतुक पदाधिकारियों को शुभकामनायें दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, सामान्य प्रशासन विभाग की विशेष सचिव रचना पाटिल सहित भारतीय विदेश सेवा के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# राज्य के प्रत्येक पंचायत में स्थापित होंगे कस्टम हायरिंग सेन्टर : विजय कुमार सिन्हा

## लघु एवं सीमांत किसानों को मिलेगा आधुनिक कृषि यंत्रों का लाभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** उप मुख्यमंत्री-सह-कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि बिहार सरकार द्वारा कृषि रोड मैप के अंतर्गत राज्य के प्रत्येक पंचायत में कस्टम हायरिंग सेन्टर (सीएचसी) की स्थापना की जाएगी। इसका उद्देश्य लघु एवं सीमांत किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों की सुविधा उपलब्ध कराना है ताकि वे समय पर खेती से जुड़ी सभी आवश्यक क्रियाएं कर सकें। इससे खेती में लागत घटेगी, श्रम की बचत होगी और कृषि उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि होगी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कस्टम हायरिंग सेन्टर की स्थापना से किसानों को ट्रैक्टर चालित या स्वचालित यंत्र जैसे जुताई, बुआई, रोपनी, हार्वेस्टिंग और थ्रेसिंग के लिए उपकरण किराये पर मिल सकेंगे। इससे वे बिना भारी निवेश किए आधुनिक तकनीकों का लाभ उठा पाएंगे। इन सेन्टरों से विशेष रूप से छोटे और सीमांत किसान लाभान्वित होंगे जो अब तक संसाधनों के अभाव में आधुनिक खेती से वंचित रह जाते थे।

उन्होंने कहा कि एक कस्टम हायरिंग सेन्टर की स्थापना हेतु अधिकतम 10 लाख रुपये की लागत निर्धारित की गई है। इस परियोजना में स्थानीय फसल चक्र के अनुसार प्रत्येक आवश्यक कृषि क्रिया के लिए कम से कम एक यंत्र लेना अनिवार्य है। राज्य सरकार इस लागत पर 40 प्रतिशत या अधिकतम 4 लाख रुपये का अनुदान दे रही है जिससे किसानों और किसान समूहों को आर्थिक सहायता मिलेगी और वे सुगमता से इस योजना से जुड़ सकेंगे। श्री सिन्हा ने कहा कि इस योजना का लाभ प्रगतिशील कृषक, जीविका समूह, ग्राम संगठन, क्लस्टर फेडरेशन, आत्मा से संबद्ध फार्मर इंटरेस्ट ग्रुप, नाबार्ड या राष्ट्रीयकृत बैंकों से संबद्ध किसान क्लब, किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ), किसान उत्पादक कंपनी, स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) और पैक्स द्वारा लिया जा सकता है। अब तक कुल 950 कस्टम हायरिंग सेन्टर की स्थापना राज्य भर में की जा चुकी है। आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 267 नए सेन्टर स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

# लोकमान्य तिलक टर्मिनस से सहरसा के मध्य वन-वे स्पेशल का परिचालन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए उनकी सुविधा के मद्देनजर लोकमान्य तिलक टर्मिनस से सहरसा के लिए एक वन-वे स्पेशल का परिचालन किया जा रहा है। यह वन-वे स्पेशल लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 27 अप्रैल, 2024 को परिचालित की जायेगी। गाड़ी सं. 01019 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-सहरसा वन-वे स्पेशल लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 27.04.2025 रविवार को 10.30 बजे खुलकर सोमवार को 15.00 बजे पं.दीनदयाल उपाध्याय जं., 18.15 बजे पाटलिपुत्र, 19.05 बजे हाजीपुर, 21.00 बजे मुजफ्फरपुर, 22.05 बजे समस्तीपुर सहित अन्य स्टेशनों पर रुकते हुए मंगलवार को 02.15 बजे सहरसा पहुंचेगी।

# बिहार अब उपभोक्ता नहीं, उत्पादक राज्यों में शुमार : मंटू

## अब बिहटा में बनी सोलर लाइट और आईटी उत्पाद की होगी देश-दुनिया में आपूर्ति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहारवासियों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। वर्षों से राज्य में निवेश का इंतजार अब खत्म हो चुका है। राज्य के सूचना प्रावैधिकी मंत्री कृष्ण कुमार मंटू ने शुक्रवार को राजधानी पटना के समीप बिहटा के सिकंदरपुर गांव में निर्माणाधीन आईटी पार्क में देश की दो बड़ी कंपनियों लेक्सा लाइटिंग टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड और आईटी के क्षेत्र में प्रतिष्ठित बेंचमार्क इन्फोटेक की अधारशिला रख दी है। इस मौके पर राज्य के सूचना प्रावैधिकी मंत्री कृष्ण कुमार मंटू ने कहा कि अब बिहार केवल उपभोक्ता राज्य नहीं बल्कि उत्पादक राज्यों की श्रेणी में शामिल हो चुका है। इस आधारशिला कार्यक्रम में राज्य के सूचना प्रावैधिकी विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह के साथ लेक्सा लाइटिंग टेक्नोलॉजी के चारों निदेशक और आईटी विभाग के विशेष सचिव अरविन्द कुमार चौधरी मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य के आईटी मंत्री कृष्ण कुमार मंटू ने कहा कि अब बिहार की धरती से उत्पादित सोलर लाइट और आईटी से जुड़े उत्पाद न सिर्फ देशभर में बल्कि दुनिया के विभिन्न देशों में भेजे जाएंगे। उन्होंने कहा कि उनका विभाग इस निवेश के लिए पिछले दो वर्षों से प्रयास कर रहा था। इस निवेश से स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। इन दोनों कंपनियों में पांच सौ से भी अधिक लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित हो रहे हैं। इस मौके पर राज्य के सूचना प्रावैधिकी विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह ने बिहटा के आईटी पार्क में निवेश करने वाली कंपनियों के लिए सरकार की नई आईटी नीति के तहत कई तरह की सुविधाओं और सहायता उपलब्ध कराने की घोषणा की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आईटी मंत्री श्री मंटू ने कहा कि जिस दिन बिहटा के आईटी पार्क में सौ कंपनियां काम शुरू कर देंगी, उस दिन बिहार के लाखों युवाओं को उनके ही राज्य में रोजगार उपलब्ध हो जाएगा। इसके लिए उन्होंने उन बिहटावासियों के प्रति भी आभार व्यक्त किया जिन्होंने अपनी जमीन इस आईटी पार्क के निर्माण के लिए दी है। उन्होंने कहा कि बिहटा के स्थानीय लोगों को यहां रोजगार में प्राथमिकता दी जाएगी। आईटी मंत्री ने कहा कि उनकी सरकार राज्य के सभी जिलों में औद्योगिक पार्क का निर्माण कर रही है, ताकि स्थानीय लोगों को उनके जिले में ही रोजगार उपलब्ध कराया जा सके। कार्यक्रम को लेक्सा लाइटिंग के निदेशक रोनाल्ड सिल्वन डिसूजा, विनीत कुमार गुप्ता और मुकेश अग्रवाल ने भी संबोधित किया। लेक्सा के निदेशकों ने बिहार सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा कि बहुत जल्द ही बिहार में बनी सोलर लाइट देश और दुनिया में जगमाएगी।

# रचनात्मकता और नवाचार की सुरक्षा आवश्यक : डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** विश्व बौद्धिक संपदा दिवस की पूर्व संध्या पर बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. प्रेम कुमार ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि यह दिवस रचनाकारों, वैज्ञानिकों, कलाकारों और नवाचारियों के अधिकारों की रक्षा और उनकी मेहनत का सम्मान सुनिश्चित करने का प्रतीक है। डॉ. कुमार ने कहा कि वर्ष 1967 में विश्व बौद्धिक संपदा संगठन की स्थापना के साथ ही बौद्धिक संपदा के महत्व को वैश्विक स्तर पर मान्यता मिली। इसके बाद से हर वर्ष 26 अप्रैल को विश्व बौद्धिक संपदा दिवस के रूप में मनाया जाता है जिससे पेटेंट, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क और औद्योगिक डिजाइन जैसे अधिकारों के प्रति जन-जागरूकता फैलाई जा सके। उन्होंने कहा कि बौद्धिक संपदा कानून के तहत लेखक, कवि, आविष्कारक, डॉक्टर, कलाकार, बीज और दवाएं बनाने वाले वैज्ञानिकों को उनके कार्य का विधिक संरक्षण मिलता है। साथ ही वैश्विक बाजार में उन्हें उनके प्रयासों का उचित मूल्य भी मिल पाता है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि आज की दुनिया में नवाचार और रचनात्मकता विकास के प्रमुख आधार हैं। ऐसे में इनकी रक्षा करना और इसके प्रति समाज को जागरूक बनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी रचनात्मक और बौद्धिक क्षेत्र से जुड़े लोगों को इस अवसर पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# बिजली में अनुदान से ग्राहकों को मिलेगी बड़ी राहत

## अनुदान के तौर पर 15 हजार 995 करोड़ रुपए की दी गई स्वीकृति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राज्य सरकार ने मंत्रिपरिषद की बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना के अंतर्गत 15 हजार 995 करोड़ रुपये अनुदान की स्वीकृति दी गई है। इससे उपभोक्ताओं को सस्ती दर पर बिजली मुहैया कराने में सहूलियत होगी। वित्तीय वर्ष 2017-18 से बिहार विद्युत विनियामक आयोग की तरफ से लागत आधारित बिजली दरें निर्धारित की जा रही हैं। राज्य सरकार के स्तर से इन दरों के अनुपात में उपभोक्ताओं को सस्ती बिजली देने के लिए प्रतिवर्ष अनुदान की व्यवस्था की जाती रही है। इसी क्रम में वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वीकृत 15 हजार 343 करोड़ रुपए की तुलना में चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए अनुदान की राशि में 4 फीसदी की वृद्धि की गई है।

इस अनुदान से राज्य के सभी विद्युत उपभोक्ताओं को लाभ होगा। ग्रामीण क्षेत्रों के घरेलू उपभोक्ताओं की स्लैब दरों (0-50 यूनिट एवं 50 यूनिट से ऊपर) को समाप्त कर सभी यूनिट पर अब न्यूनतम दर लागू की गई है। 50 यूनिट से अधिक खपत करने वाले इस क्षेत्र के उपभोक्ताओं को प्रति यूनिट 54 पैसे की राहत मिलेगी। इससे राज्य के लगभग 1 करोड़ 25 लाख ग्रामीण उपभोक्ताओं को लाभ होगा। इसी तरह स्मार्ट प्री-पेड मीटर के माध्यम से बिजली उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं को 25 पैसे प्रति यूनिट की अतिरिक्त रियायत दी जाएगी।

**कृषि क्षेत्र के उपभोक्ताओं को विशेष प्राथमिकता**

इस योजना के तहत कृषि क्षेत्र के उपभोक्ताओं को विशेष प्राथमिकता दी गई है। अब कृषि उत्पाद भंडारण के लिए कोल्ड स्टोरेज की कृषि दर पर अर्थात सिर्फ 55 पैसे प्रति यूनिट पर विद्युत आपूर्ति की जाएगी। इससे भंडारण लागत में कमी आएगी और आम जनता को सस्ती दर पर कृषि उत्पाद उपलब्ध हो सकेंगे। कृषि उपभोक्ताओं के लिए निर्धारित दर से 92 फीसदी अनुदान दिए जाने से उन्हें 55 पैसे प्रति यूनिट का भुगतान करना पड़ेगा।

**बीपीएल परिवार को खास राहत**

बीपीएल (कुटीर ज्योति) परिवारों के लिए बिजली की न्यूनतम दर 1.97 रुपए प्रति यूनिट, ग्रामीण घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 2.45 रुपए, व्यावसायिक (ग्रामीण) के लिए 3.35 रुपए, शहरी घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 4.12 रुपए, हर घर नल का जल के लिए 2.45 रुपए, लघु उद्योगों के लिए 6.00 रुपए तथा वृहद उद्योगों के लिए 6.40 रुपए प्रति यूनिट न्यूनतम दर तय की गई है।

ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की तरफ से जनता से किए गए निर्बाध, गुणवत्ता पूर्ण एवं सस्ती बिजली के वादे को लगातार निभाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिजली के उत्पादन, संचरण एवं वितरण में बढ़ती लागत के कारण निर्धारित विद्युत दर काफी अधिक होती है जिससे अधिकांश हिस्से को राज्य सरकार की तरफ से अनुदान के रूप में वहन कर लिए जाने से उपभोक्ताओं को बहुत सस्ते दर पर बिजली मुहैया कराई जा रही है। मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना राज्य सरकार की जन-कल्याणकारी सोच का जीवंत प्रमाण है। इस योजना से ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के करोड़ों उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा। राज्य सरकार का प्रयास है कि हर घर तक किफायती, गुणवत्तापूर्ण और निरंतर बिजली पहुंचे जिससे बिहार के सामाजिक-आर्थिक विकास को गति मिले।

# टीकेएम ने पर्यावरणीय स्थिरता के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पृथ्वी दिवस पर जब पूरी दुनिया हमारी शक्ति, हमारा ग्रह थीम के तहत एकजुट हो रही है, हमें याद आता है कि हमारे पर्यावरण की सुरक्षा की जिम्मेदारी हम सब की है। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) में, यह प्रतिबद्धता हमारे अहम मूल्यों में अंतर्निहित है जो हमें न केवल वैकल्पिक ईंधन से चलने वाले पावरट्रेन सहित विभिन्न विद्युतीकृत वाहन प्रौद्योगिकियों को नया रूप देने और पेश करने के लिए प्रेरित करती है बल्कि पर्यावरण की दृष्टि से लचीली दुनिया की खोज में अक्षय ऊर्जा को अपनाने सहित ऐसी सामूहिक पहल का नेतृत्व भी करती है जो निरंतर जारी रहे। 2015 में घोषित वैश्विक टोयोटा की पर्यावरण चुनौती 2050 (चुनौती 1-6) के अनुरूप, हम टीकेएम में उत्पादों से आगे बढ़कर, विनिर्माण कार्यों और हमारी संपूर्ण मूल्य श्रृंखला में निरंतर जारी रहने वाले व्यवहारों को शामिल करके, कार्बन तटस्थता की ओर अपने पारगमन को तेज कर रहे हैं। टोयोटा के ग्रीनवेव प्रोजेक्ट के तहत, मियावाकी विधि से हमने 328,000 से अधिक पेड़ लगाए हैं, पारिस्थितिकी तंत्र को बहाल किया है और हमारे परिसर में 790 से अधिक देशी पौधों की प्रजातियों तथा 400 से अधिक जीव प्रजातियों के साथ जैव विविधता को समृद्ध किया है। पिछले साल ही हमारे परिसर के बाहर 8,000 से अधिक पौधे लगाए गए ताकि हमारी हरित पहुंच को और भी आगे बढ़ाया जा सके।

# बिहारी प्रतिभाओं को दरकिनार कर बाहरी को पद देती है बिहार सरकार : राजेश राम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** 70वीं बीपीएससी के प्रारंभिक परीक्षा में धांधली पर सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने बीपीएससी के चेयरमैन पर सवाल उठाते हुए कहा कि गुजरात में मूल निवासी चेयरमैन पर कई धांधली के आरोप हैं और सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के बाद भी कांग्रेस पार्टी अभ्यर्थियों के पक्ष में खड़ी रहेगी और उनकी लड़ाई को लड़ेगी। हमारी सरकार आई तो इस परीक्षा में हुई धांधली की जांच भी कराई जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि बिहार के सभी उच्च शिक्षण संस्थान, विश्वविद्यालय और शैक्षणिक केंद्र पर लगभग बिहार के बाहर से आकर राजभवन के माध्यम से पदाधिकारी नियुक्ति पाए हुए हैं और उन्होंने बिहार को धांधली का अड्डा बनाकर अपने पद का दोहन किया है। आज प्रदेश कांग्रेस के मुख्यालय, सदाकत आश्रम में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने बीपीएससी अभ्यर्थियों के साथ बिहार के खराब शैक्षणिक व्यवस्था पर सरकार और राजभवन पर हमलावर दिखे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि बीपीएससी की 70वीं प्रारंभिक परीक्षा में व्यापक स्तर पर हुई अनियमितताओं, प्रश्नपत्र लीक, एसओपी के उल्लंघन और परीक्षा प्रक्रिया में गंभीर खामियों को लेकर हजारों छात्रों ने न्याय की उम्मीद में सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। छात्रों की इस याचिका में यह मांग रखी गई थी कि परीक्षा को या तो पूर्ण रूप से रद्द किया जाए या सभी अभ्यर्थियों के लिए समान रूप से पुनः परीक्षा आयोजित की जाए, क्योंकि एक ही परीक्षा के दो अलग-अलग सेट्स और चयन दरों के बीच का असंतुलन संविधान के अनुच्छेद 14 और 16 का घोर उल्लंघन है। हालांकि सर्वोच्च न्यायालय ने इस याचिका को स्वीकार नहीं किया और हाईकोर्ट के उस आदेश को बरकरार रखा जिसमें परीक्षा प्रक्रिया को वैध ठहराया गया था। हम भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में मानते हैं कि देश की सर्वोच्च अदालत का निर्णय अंतिम होता है और उसका सम्मान करना लोकतंत्र में हमारी जिम्मेदारी है क्योंकि वही हमारी न्यायिक व्यवस्था की रीढ़ है।

# आज निकलेगी 108 मीटर लंबी जीण माता की चुनरी यात्रा, उमड़ेगा आस्था का सैलाब

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** जीण माता सेवा समिति की ओर से पंचम वार्षिकोत्सव पर दो दिवसीय जीण माता कार्यक्रम के पहले दिन शनिवार 26 अप्रैल को सुबह 7 बजे 108 मीटर लंबी चुनरी यात्रा से होगी। यह यात्रा पुष्प बिहार अपार्टमेंट एग्जीबिशन रोड से आरंभ होकर एसपी वर्मा रोड, होटल मौर्या, जेपी गोलंबर, बिस्कोमान भवन होते हुए दादी मंदिर शक्तिधाम पहुंचेगी। यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु महिला-पुरुष पारंपरिक परिधान में भाग लेंगे। समिति के अध्यक्ष श्रवण गोयनका और सह सचिव सुभाष चौधरी ने इसकी जानकारी दी। गोयनका ने बताया कि बैंक रोड स्थित शक्तिधाम (अग्रसेन भवन, दादी मंदिर) में भव्य जीण माता पंचम वार्षिकोत्सव में मंगलपाठ एवं भजन संध्या का दो दिवसीय यह आयोजन होगा। पहले दिन आज शनिवार 26 अप्रैल को 108 मीटर लंबी चुनड़ी यात्रा के बाद दूसरे दिन यह कार्यक्रम दोपहर दो बजे से दादी मंदिर में शुरू होगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में कोलकाता से प्रसिद्ध भजन गायक केशव मधुकर अपनी टीम के साथ शिरकत करेंगे और जीण माता की स्तुति में भक्ति रस का संचार करेंगे। श्रवण गोयनका ने बताया कि कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। अग्रसेन भवन को विशेष रूप से सजाया गया है।

# बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना ने मनाया विश्व पशु चिकित्सा दिवस पखवाड़ा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना द्वारा इस वर्ष विश्व पशु चिकित्सा दिवस को 21 से 25 अप्रैल तक पखवाड़े के रूप में उत्साहपूर्वक मनाया। इस वर्ष की थीम 'पशु स्वास्थ्यः एक टीम का काम है' को केंद्र में रखते हुए विश्वविद्यालय ने विभिन्न जन-जागरूकता और सेवा-आधारित कार्यक्रमों का आयोजन किया जिसमें छात्रों, पशु चिकित्सकों, शिक्षकों, ग्रामीणों एवं पशुपालकों ने सक्रिय सहभागिता दिखाई।

**निःशुल्क एंटी-रेबीज टीकाकरण अभियान**

पखवाड़े की शुरुआत बिहार वेटरनरी कॉलेज के वेटरनरी क्लिनिकल कॉम्प्लेक्स में निःशुल्क एंटी-रेबीज टीकाकरण अभियान से हुई जिसमें पटना शहर के विभिन्न क्षेत्रों से पालतू पशुओं के मालिक पहुंचे और कुल 48 कुत्तों का निःशुल्क टीकाकरण किया गया। इस अभियान में संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों ने भी भाग लिया और साथ ही पालतू पशुओं की स्वास्थ्य जांच व देखभाल संबंधी परामर्श भी प्रदान किया गया।

**विद्यालयों में करियर जागरूकता सत्र**

पशुचिकित्सा को एक आकर्षक करियर विकल्प के रूप में प्रस्तुत करते हुए चंद्रावती +2 उच्च विद्यालय (हिलसा), महंत केशव दास +2 उच्च विद्यालय (जहानाबाद) तथा मध्य विद्यालय चिरौरा (नौबतपुर) में करियर काउंसलिंग सत्र आयोजित किए गए। इन सत्रों के माध्यम से 1,000 से अधिक छात्रों को पशु चिकित्सा की शिक्षा व क्षेत्रीय संभावनाओं की जानकारी दी गई। 382 छात्रों ने एक विशेष प्रश्नावली के माध्यम से अपनी रुचि व्यक्त की जिससे ग्रामीण छात्रों में इस पेशे के प्रति बढ़ती रुचि उजागर हुई।

**ग्रामीण क्षेत्रों में पशु स्वास्थ्य शिविर**

पखवाड़े के अंतर्गत सुलतानपुर (नालंदा), भरथू (जहानाबाद) और बदीपुर (पटना) में तीन पशु स्वास्थ्य शिविर लगाए गए जिनमें कुल 194 पशुओं (गाय, भैंस, बकरी) का निःशुल्क परीक्षण एवं उपचार किया गया। इनमें प्रजनन समस्याएं, त्वचा रोग, पाचन विकार एवं कमजोरी जैसी समस्याएं पाई गईं। शिविरों में किसानों को आधुनिक पशुपालन तकनीकों, कृमिनाशन, टीकाकरण व पोषण संबंधी जानकारी भी दी गई।

**सार्थक सहभागिता और भविष्य की दिशा**

विश्वविद्यालय के इन प्रयासों ने इस वर्ष की थीम 'पशु स्वास्थ्य एक टीम का काम है' को वास्तविक रूप दिया। इन कार्यक्रमों ने न केवल पशुपालकों तक आवश्यक सेवाएं पहुंचाईं, बल्कि छात्रों को भी पशु चिकित्सा क्षेत्र के प्रति प्रेरित किया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी गतिविधियों में मिली उत्साही भागीदारी पर संतोष व्यक्त किया और शिक्षा, सेवा एवं सहयोग के माध्यम से पशु स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

# दक्षिण-पूर्व रेलवे ने मनाया विश्व धरोहर सप्ताह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**कोलकाता।** दक्षिण-पूर्व रेलवे ने 18 अप्रैल से 25 अप्रैल 2025 तक अपने मुख्यालय गार्डन रीच में विश्व धरोहर सप्ताह का आयोजन किया है। हर साल 18 अप्रैल को विश्व धरोहर दिवस मनाया जाता है। ताकि समृद्ध सांस्कृतिक विविधता और प्राचीन धरोहर के संरक्षण के महत्व के प्रति जागरूकता फैलायी जा सके। इस वर्ष का विषय था 'आपदाओं और संघर्षों से निपटने योग्य धरोहर संरक्षण के संदर्भ में कार्य'। विश्व धरोहर सप्ताह के अवसर पर 24 अप्रैल 2025 को गार्डन रीच में एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सौमित्र मजूमदार, उप महाप्रबंधक और दक्षिण-पूर्व रेलवे के जोनल धरोहर समिति के अध्यक्ष ने आमंत्रित अतिथियों का स्वागत किया। इस सेमिनार में रेलवे धरोहर पर विभिन्न दृष्टिकोणों से विचार व्यक्त करने के लिए विशिष्ट अतिथियों को आमंत्रित किया गया। पूर्व रेलवे बोर्ड के सदस्य संजय मुखर्जी ने 'रेलवे धरोहर का महत्व' पर अपने विचार व्यक्त किए। इसके बाद नवाब वाजिद अली शाह के परपोते शाहंशाह मिर्जा ने 'अवधी प्रभाव पर एक संवाद' पर प्रकाश डाला। जी.एम. कपूर, सलाहकार और जी.के. मोहंती, पूर्व पीसीओएम, दक्षिण-पूर्व रेलवे ने क्रमशः 'औद्योगिक धरोहर' और 'दक्षिण-पूर्व रेलवे की माल धरोहर' पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इस दौरान विशेषज्ञों ने रेलवे द्वारा अपनी ऐतिहासिक धरोहर के संरक्षण के लिए उठाए गए विभिन्न कदमों के बारे में बताया। कार्यक्रम में रेलवे के सभी प्रमुख विभागों के प्रमुख, वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित थे। समारोह का समापन एक भव्य पुरस्कार वितरण समारोह से हुआ जिसमें दक्षिण-पूर्व रेलवे के एजीएम और जोनल धरोहर समिति के अध्यक्ष ने फोटोग्राफी, चित्रकला और क्विज प्रतियोगिताओं में विजेताओं को पुरस्कृत किया।

# सहरसा और लोकमान्य तिलक टर्मिनस के मध्य अमृत भारत एक्सप्रेस का परिचालन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर खगड़िया-समस्तीपुर-मुजफ्फरपुर- हाजीपुर-पाटलिपुत्र-डीडीयू-प्रयागराज छिवकी-जबलपुर के रास्ते सहरसा और लोकमान्य तिलक टर्मिनस के मध्य अत्याधुनिक एवं विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त अमृत भारत एक्सप्रेस का परिचालन प्रारंभ किया जा रहा है। गाड़ी सं. 11015/11016 लोकमान्य तिलक-सहरसा-लोकमान्य तिलक टर्मिनस अमृत भारत एक्सप्रेस का नियमित परिचालन लोकमान्य तिलक टर्मिनस 02.05.2025 से प्रत्येक शुक्रवार को तथा सहरसा से 04.05.2025 से प्रत्येक रविवार को किया जायेगा। गाड़ी सं. 11015 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-सहरसा अमृत भारत एक्सप्रेस लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 02.05.2025 से प्रत्येक शुक्रवार को 12.00 बजे खुलकर शनिवार को 15.10 बजे पं.दीनदयाल उपाध्याय जं., 19.00 बजे पाटलिपुत्र, 20.30 बजे हाजीपुर, 21.28 बजे मुजफ्फरपुर, 22.50 बजे समस्तीपुर सहित अन्य स्टेशनों पर रुकते हुए रविवार को 02.00 बजे सहरसा पहुंचेगी।

### बाबा गणिनाथ पलवैया धाम मेले को राजकीय मेले का दर्जा देने के लिए मंत्री केदार गुप्ता ने सीएम नीतीश का जताया आभार

# गणिनाथ पलवैया धाम मेले को हर वर्ष मिलेगा 30 लाख

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** वैशाली जिले के महनार के बाबा गणिनाथ पलवैया धाम मेले को बिहार राज्य मेला प्राधिकरण के अंतर्गत राजकीय मेला का दर्जा मिल गया है। इसके आयोजन के लिए 30 लाख रुपये का आवंटन किया गया। प्रत्येक वर्ष मेले के आयोजन के लिए 30 लाख रुपए दिए जाएंगे। इस महत्वपूर्ण फैसले के लिए बिहार के पंचायती राज मंत्री केदार गुप्ता ने सरकार का आभार जताया। इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए उन्होंने बिहार के एनडीए सरकार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय कुमार सिन्हा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल सहित शीर्ष नेतृत्व को कानू हलवाई समाज की ओर से धन्यवाद और दिल से आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि कानू हलवाई समाज की आबादी लगभग तीन प्रतिशत है। केदार गुप्ता ने शुक्रवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि आज बिहार सरकार ने मंत्रिमंडल की बैठक में एक ऐतिहासिक निर्णय लिया जिसके तहत वैशाली जिले के अंतर्गत स्थित बाबा गणिनाथ पलवैया धाम, महनार में आयोजित भव्य मेले को अब बिहार राज्य मेला प्राधिकरण के प्रबंधन में सम्मिलित कर लिया गया है। उन्होंने कहा यह निर्णय राज्य की सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण, धार्मिक आस्था के सम्मान और क्षेत्रीय विकास की दिशा में एक मील का पत्थर सिद्ध होगा। इसके अंतर्गत अब यह मेला और अधिक सुव्यवस्थित, भव्य और आकर्षक स्वरूप में विकसित किया जाएगा जिससे देश-विदेश के श्रद्धालु एवं पर्यटक इस ऐतिहासिक स्थल की ओर आकर्षित होंगे। उन्होंने कहा कि बाबा गणिनाथ जी लोक आस्था, सद्गुण, त्याग और आध्यात्मिक ऊर्जा के प्रतीक माने जाते हैं। समाज में समरसता, न्याय और सदाचार की स्थापना में उनके योगदान को आज भी श्रद्धा से स्मरण किया जाता है।

# मोशन एजुकेशन ने पटना में शुरू किया द्रोण रेसिडेंशियल कैंपस, छात्रों को मिलेगी अत्याधुनिक सुविधाएं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** देश की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान मोशन एजुकेशन ने राजधानी में एक अनोखे तरह के भव्य रेसिडेंशियल कैंपस का शुभारम्भ किया जहां एक ही छत के नीचे छात्रों को सारी अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ शिक्षा प्रदान की जाएगी। एम्स-दीघा नहर रोड में महावीर नगर स्थित इस रेसिडेंशियल कैंपस का शुभारंभ पूरे बिहार से आए वरिष्ठ शिक्षकों ने फीता काटकर किया। मौके पर संस्थान के निदेशक राहुल सिंह ने बताया कि इस कैंपस में एक ही छत के नीचे छात्रों को सारी सुविधाएं मिलेंगी जैसे क्लासरूम, हॉस्टल, वातानुकूलित कैंपस, डाउट क्लासेज, लाईब्रेरी, इनडोर गेम्स के साथ-साथ भोजन की गुणवत्ता एवं सुरक्षा प्रदान की जाएगी। उन्होंने ये भी बताया कि इस कैंपस को शुरू करने का एक मात्र ध्येय यही है कि बिहार के छात्रों को पटना में ही सारी उच्च स्तरीय सुविधाएं प्रदान कर दी जाए ताकि उनको कोटा जाने की आवश्यकता ही न पड़े।

# निषाद समाज को आरक्षण का दर्जा दिलाना मेरा लक्ष्य : मुकेश साहनी






**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** स्थानीय पाली रोड स्थित एक होटल में आयोजित सरकार बनाओ-अधिकार पाओ कार्यक्रम के तहत आयोजित जोन-6 रोहतास, कैमूर, बक्सर, औरंगाबाद, गया जिला के सभी कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए वीआईपी पार्टी प्रमुख एवं पूर्व मंत्री मुकेश सहनी ने कार्यकर्ता सम्मेलन की शुरुआत आतंकवादियों द्वारा जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मारे गए लोगों के याद में दो मिनट का शोकसभा आयोजित कर श्रद्धांजलि देकर की। उन्होंने कहा कि आप सभी पार्टी के आंख का नाक है हम लोग पिछले 11 सालों से संघर्ष कर रहे हैं। आज आपका वोट के बदले में सरकार में पार्टनरशिप देने की तैयारी हो रही है। आज अगर सरकार बनेगी तो आपका मालाबिंद दुनिया का बेटा उपमुख्यमंत्री बनेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि निषाद समाज के हक के लिए वीआईपी पार्टी संघर्ष कर रही है और आगे भी करती रहेगी। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए हम लोगों को अभी से ही सतर्क रहना है और महागठबंधन की सरकार बनानी है। तभी बदलाव की जरूरत है। बिहार में युवा सरकार बनना बहुत जरूरी है। ताकि इस बार महागठबंधन की सरकार बने ताकि युवा मुख्यमंत्री बिहार में बदलाव करें। अगर महागठबंधन की सरकार बनती है तो निश्चित तौर पर निषाद समाज को भागीदारी मिलेगी। हरेक कार्यकर्ता पंचायत स्तर से लेकर जिलास्तर तक ईमानदारी से काम करें और गांव-गांव जाकर बूथ बनाएं और कमेटी को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि मैंने कभी भी सत्ता की लालच नहीं किया, बल्कि अपने हक और अधिकार के लिए सत्ता को लात मारने का काम किया है। हमारा अधिकार जब तक हमको नहीं मिलेगा तब तक यह लड़ाई लड़ते रहेंगे। कहा कि आज ऐसा समय आ गया है जब मांगने से कुछ नहीं मिलता। इसके लिए लड़ाई लड़नी पड़ती है और आज समय आ गया है जब हम निषाद भी एकजुट होकर अपने अधिकार की लड़ाई लड़ें। मुकेश सहनी ने कहा कि आज बिहार राज्य में निषाद समाज की इतनी बड़ी आबादी होने के बावजूद भी निषाद समाज को राजनीतिक हिस्सेदारी नहीं मिली है। कार्यकर्ता सम्मेलन को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बीके सिंह, पूर्व आईजी नुरुल हुदा, औरंगाबाद जिला अध्यक्ष जगदीश चौधरी, कैमूर जिला अध्यक्ष शिवदास बिन्दं, गया जिला अध्यक्ष राज किशोर साहनी, प्रदेश उपाध्यक्ष लल्लू चौधरी, प्रभात रंजन, दिनेश निषाद, महिला प्रदेश अध्यक्ष सुषमा पासवान, राष्ट्रीय सलाहकार चंद्रदेव बिन्द, युवा जिलाध्यक्ष राजू चौधरी, बक्सर जिला प्रभारी बच्चा लाल निषाद सहित कई लोगों ने संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बाल गोविंद बिन्द तथा संचालन जिलाध्यक्ष विवेक कुशवाहा ने किया। इस मौके पर पार्षद आनंद चौधरी उर्फ पेड़ा, भारत चौधरी, रंजीत चौधरी, राज किशोर चौधरी, बजरंगी बिन्द, प्रभु चौधरी, धर्मेंद्र चौहान, डॉक्टर लक्ष्मण निषाद, राजन चौधरी, मदन चौधरी सहित काफी संख्या में रोहतास, औरंगाबाद, बक्सर, कैमूर, गया के काफी संख्या में वीआईपी की महिलाएं-पुरुष उपस्थित थे।

# उप डाकघर के नए परिसर कार्यालय का डाक अधीक्षक ने किया उद्घाटन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ी गोला (रोहतास)।** दरिहट उप डाकघर के नए परिसर कार्यालय का उद्घाटन शुक्रवार को डाक अधीक्षक रोहतास प्रमंडल सासाराम के मारुत नन्दन के कर कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर सहायक डाक अधीक्षक संतोष कुमार, श्री भगवान साव गौड़, सहायक डाक अधीक्षक सासाराम मंडल, कुमार मनीष, डाक निरीक्षक आहुति रंजन, उप डाकपाल शशि प्रभा, कुमार मनीष, ओमप्रकाश गोंड़ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। उद्घाटन के बाद डाक अधीक्षक ने उप डाकघर की विशेषताओं पर चर्चा की कहा कि उप डाकघर में डाक सेवाएं, मनी ऑर्डर और बीमा सेवाएं ऑनलाइन बैंकिंग सेवा उपलब्ध है। बताया कि पटना-डिहरी मुख्य पथ पर उप डाकघर के आ जाने से स्थानीय निवासियों को सहूलियत होगी। इस उप डाकघर को सभी संसाधनों से लैस किया जाएगा। बताया कि मुख्य पथ पर उप डाकघर के आ जाने से स्थानीय निवासियों को डाक सेवाओं का लाभ उठाने में आसानी होगी और स्थानीय ग्रामीण अधिक से अधिक संख्या में डाक सेवा का लाभ उठा सकेंगे। पोस्ट मास्टर शशि प्रभा ने कहा कि पीपीएफ अकाउंट, महिला सम्माननिधि अकाउंट, सुकन्या समृद्धि अकाउंट, किसान विकास पत्र, नेशनल सर्विस सर्टिफिकेट, पोस्टल लाइफ इंश्योरेंस, मंथली इनकम स्कीम, आवर्ती जमा, स्पीड पोस्ट बुकिंग, रजिस्ट्री बुकिंग, पार्सल बुकिंग, रैकरिंग डिपॉजिट, वरीय नागरिक योजना स्कीम सहित सभी सुविधा उपलब्ध रहेगी। कहा कि हमारी प्राथमिकता स्थानीय ग्रामीणों को समय पर उनके कार्य का निष्पादन ईमानदारी पूर्वक करना है। मौके पर मकान मालिक रामनरेश यादव, धनंजय सिंह, मारतंदे सिंह, उर्मिला कुवर, रजनीकांत पांडे, गोपाल जी पांडे, मुखिया प्रतिनिधि संजीव कुमार, सरपंच कृष्णा पासवान, वार्ड सदस्य बिपिन बिहारी गुप्ता, भानु प्रताप सिंह, अशोक कुमार, सुरेंद्र सिंह, प्रतीक कुमार, मुकेश श्रीवास्तव, ललन प्रसाद, धनेश्वर प्रसाद सिंह, अविनाश कुमार, मुकेश कुमार मौजूद रहे।

# छात्रों के बीच खेल प्रतिभा चयन प्रतियोगिता का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** स्थानीय शिवगंज स्थित पीएम श्री मध्य विद्यालय के प्रतिभागी छात्र-छात्राओं के विद्यालय स्तरीय खेल प्रतिभा पहचान कार्यक्रम मशाल 2024 का आयोजन प्रधानाध्यापक संजय कुमार के निर्देशन तथा खेल प्रभारी सह नामित शिक्षक सतीश कुमार की देखरेख में पड़ाव मैदान में शुक्रवार सुबह हुआ। एथलेटिक्स, कबड्डी, साइकिलिंग, फुटबॉल और वॉलीबॉल की पांच विधाओं में अंडर 14 के बालक-बालिका वर्ग के कई बच्चों ने उत्साहपूर्वक इसमें भाग लिया। पुलिस निरीक्षक सह डिहरी नगर थानाध्यक्ष शिवेंद्र कुमार, विद्यालय शिक्षा समिति की अध्यक्ष सह वार्ड पार्षद मीना देवी, सचिव विद्यालय शिक्षा समिति रीता देवी, शिक्षक प्रेमचंद प्रसाद, तनवीर अख्तर और विभा रानी उपस्थित रहे। वक्ताओं ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि खेल से सहयोग और टीम भावना के साथ-साथ अनुशासन का भी विकास होता है। साथ ही खेल दो दिल को जोड़ने का भी अहम सूत्र है। प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने आगत अतिथियों का आभार जताया। कहा कि ऐसे कार्यक्रम से प्रतिभावान बच्चों को अपने प्रतिभा निखारने तथा इसके माध्यम से कैरीयर बनाने का अवसर प्राप्त होता है। बताया गया कि विद्यालय स्तर से चयनित बच्चों आगामी संकुल स्तरीय मशाल कार्यक्रम में विद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# फौज की तैयारी करने वाले युवाओं को मुखिया ने दिया हाई जंप गद्दा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ी गोला।** मझियाव पंचायत के मुखिया अनिल कुमार ने पंचायत क्षेत्र अंतर्गत गोही के समीप खेल मैदान में सेना में पुलिस नौकरी की तैयारियां करने वाले सैकड़ों युवक-युवतियों के लिए हाई जंप गद्दा दिया। उन्होंने मैदान में ही गद्दा का उद्घाटन फीता काट कर एवं नारियल फोड़कर किया। उद्घाटन से पहले जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए घटना में मृत लोगों को याद करते हुए 2 मिनट का मौन रखा गया तथा मृतकों की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई।

# डीआइजी ने जिले के चार पुलिस निरीक्षकों को कार्य में लापरवाही को ले किया शो कॉज



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** शाहबाद प्रक्षेत्र के डीआईजी ने जिले के चार पुलिस निरीक्षकों को कार्य में लापरवाही को ले शो कॉज किया गया। 15 दिनों में कार्य संस्कृति में सुधार के साथ लंबित कांडों की रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया है।

डीआईजी सत्यप्रकाश ने शुक्रवार को पुलिस उप महानिरीक्षक कार्यालय में जिले के सभी पुलिस निरीक्षकों के डेली रिपोर्ट की समीक्षा की। आधे दर्जन पुलिस निरीक्षकों के डेली रिपोर्ट में कई खामियां पाई गई। कांडों के निष्पादन समेत अन्य मामलों में शिवसागर, बिक्रमगंज थानाध्यक्ष, नोखा, रोहतास थानाध्यक्ष को लापरवाही के आरोप में शो कॉज किया गया। उन्हें कड़ी चेतावनी देते हुए 15 दिनों के अंदर आई ओ को बुला शिविर लगाकर कांडों का निष्पादन कराने का निर्देश दिया। 15 दिनों बाद पुनः समीक्षा की जाएगी। उन्होंने कहा कि कांडों के निष्पादन में लापरवाही से लोगों को न्याय मिलने में विलंब होता है। उन्होंने कहा कि प्रति माह पुलिस निरीक्षकों के डेली रिपोर्ट की समीक्षा की जाएगी। कर्तव्य में लापरवाह पुलिस निरीक्षक नापेंगे। उन्होंने कहा कि प्रक्षेत्र के चारों जिलों के पुलिस निरीक्षकों के डेली रिपोर्ट की समीक्षा की जाएगी। सोमवार को भोजपुर व बक्सर और मंगलवार को भोजपुर जिले के पुलिस निरीक्षकों के डेली रिपोर्ट की समीक्षा की जाएगी।

एसपी रौशन कुमार ने पुलिस निरीक्षकों को कार्य संस्कृति में सुधार लाने को निर्देश दिया। अच्छा कार्य करने वाले सम्मानित होंगे, कार्य में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में जिले के सभी एसडीपीओ भी मौजूद थे।

# पहलगाम आतंकी हमला एक कायराना हरकत : अमित पटेल



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों को निशाना बनाकर किए गए जघन्य आतंकी हमले पर भाजपा युवा नेता अमित पटेल दुःख व्यक्त किया और इसकी कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि गत मंगलवार को कश्मीर के पहलगाम इलाके में हुए आतंकी हमले में 28 पर्यटकों को आतंकियों ने गोलियों से भून डाला। यह एक इस्लाम आतंकवाद का विश्व में एक बार फिर जीता जागता उदाहरण बन गया है। पूरे विश्व की नजरें इस आतंकी हमले की ओर है। सर्वत्र इसकी निंदा हो रही है। अब सिर्फ निंदा से काम नहीं चलेगा। पुलवामा हमले के बाद जो सर्जिकल स्ट्राइक किया गया था उससे भी भयंकर एक्शन लेना होगा और आतंकी ठिकानों को तबाह कर उस पर कब्जा जमाना होगा।

# बिहार में महाजंगलराज, शोषितों पर हो रहा अत्याचार : अनिल कुमार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** जिले के चैनपुर के पर्वतपुर गांव में दलित समुदाय पर हमले के बाद बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के केंद्रीय प्रभारी अनिल कुमार ने दौरा कर पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। घटना को ''वीभत्स और अमानवीय'' बताते हुए अनिल कुमार ने एनडीए सरकार और प्रशासन पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि बिहार में शासन और प्रशासन का इकबाल पूरी तरह समाप्त हो चुका है और अब सत्ता पूरी तरह माफियाओं के हाथ में चली गई है। अनिल कुमार ने कहा जो जहां प्रभावी है वहीं कमजोर, शोषित, वंचित, दलित और पिछड़ों पर अत्याचार कर रहा है। आरा के उदवंतनगर में 15 से अधिक लोगों को गोली लगी और आज यहां दलित समुदाय को निशाना बनाया गया। यह डबल इंजन की सरकार की विफलता का प्रत्यक्ष प्रमाण है। उन्होंने इस बात पर नाराजगी जताई कि महिलाओं पर हमले के बावजूद महिला पुलिस अधिकारी तक नहीं भेजी गईं। उन्होंने कहा कि 'बेटी बचाओ' का नारा देने वाली सरकार अपने ही नारों की हत्या कर रही है। पीड़ितों से मिलने के बाद कैमूर के एक होटल में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए अनिल कुमार ने कहा कि बिहार में शोषित, वंचित, दलित, पिछड़ा और अति पिछड़ा वर्ग को दबाने की साजिश रची जा रही है। जंगलराज से जिन लोगों ने हमें बचाने की बात कही थी, वही अब बिहार को महाजंगलराज में धकेल चुके हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य की सत्ता पर माफिया, सामंतवादी और मनुवादी ताकतों का कब्जा हो गया है और डबल इंजन की सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। उन्होंने यह भी बताया कि बसपा सुप्रीमो बहन मायावती और राज्यसभा सांसद रामजी गौतम इस घटना को लेकर गहरी चिंता में है और उनके निर्देश पर ही वे मौके पर पहुंचे हैं। मौके पर जिलाध्यक्ष छोटे लाल राम, राजा खान, प्रदेश महासचिव संजय मंडल, साजिद हुसैन, विकास पटेल, अरुण कुमार, संतोष बिंद, मनकी देवी, नथुनी मुखिया, सतीश यादव, जनार्दन राम आदि लोग मौजूद रहे।

# अतिक्रमणकारियों से मुक्त डाक बंगला परिसर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**चेनारी।** प्रखंड क्षेत्र के डाक बंगला परिसर में शुक्रवार को विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद रोहतास के निर्देश पर चेनारी स्थित डाक बंगला परिसर को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। जिला परिषद की भूमि पर अतिक्रमण वाद संख्या 7/2024-25 के आलोक में यह कार्रवाई की गई। इस संबंध में अंचलाधिकारी पूजा शर्मा ने बताया कि पुलिस बल की मौजूदगी में एसआई जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में कुल 23 अतिक्रमणकारियों को शांतिपूर्ण तरीके से हटाया गया।

# समाजसेवी रितेश कुमार पर जानलेवा हमला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**तिलौथू (रोहतास)।** रात के अंधेरे में बाइक सवारों ने रितेश कुमार को रौंदने की कोशिश की, हालत गंभीर। अमझोर थाना क्षेत्र के अंतर्गत सरैया गांव के पास शनिवार रात करीब 8 बजे साइबर क्राइम एक्सपर्ट और धर्मार्थ समर्पण न्यास के बिहार प्रदेश अध्यक्ष रितेश कुमार पर अज्ञात बाइक सवार हमलावरों ने जानलेवा हमला कर दिया। रितेश कुमार के अनुसार वह जब सरैया गांव के पास से गुजर रहे थे, तभी एक बाइक पर सवार अज्ञात हमलावरों ने उन्हें ओवरटेक करते हुए अचानक जोरदार टक्कर मारी।


## SHAHABAD DUGDH UTPADAK SAHKARI SANGH LTD.
### शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड
COMFED
ARA DAIRY, KATIRA, ARA, DISTT.:BHOJPUR-802 301 (BIHAR)
E-mail: aradairyara@gmail.com

शादुसःअभि0:निविदा:1710 दिनांकः–25.04.2025

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्यों के लिए वैसे संवेदक जिनका निबंधन बिहार सरकार के भवन निर्माण विभाग/ग्रामीण कार्य विभाग/जल संसाधन विभाग या कॉम्फेड के समुचित श्रेणी में है, से मुहरबन्द निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। कॉम्फेड को छोड़कर अन्य विभागों में निबंधित संवेदकों को परिमाण विपत्र के क्रय के समय यह साक्ष्य जमा करना होगा कि उनके द्वारा विगत चार वर्षों में नीचे उल्लिखित कार्यों के लागत का जिसके लिए निविदा दे रहे है या उससे अधिक का कम से कम दो अलग-अलग समान प्रकृति का कार्य अवश्य पूरा किया गया हो। इस साक्ष्य के आभाव में परिमाण विपत्र निर्गत नही किया जाएगा।

परिमाण विपत्र अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय/शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0, आरा के वेव साइट **(www.smusudhaara.com)** से **दिनांक 16.05.2025 के 3.00 बजे अपराह्न** तक क्रय किया जा सकता है। वेव साइट से डाउनलोड किये गए परिमाण विपत्र का मूल्य डिमाण्ड ड्राफ्ट के रूप में शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0, आरा के नाम से देय होगा। निविदा निबंधित डाक या कुरियर द्वारा भेजे जाने पर ही स्वीकार की जाएगी। निविदा जमा करने की **अंतिम तिथि 17.05.2025 के 3.00 बजे अपराह्न** तक होगी। प्राप्त निविदाएँ निविदादाता या उनके प्रतिनिधि के समक्ष **दिनांक 17.05.2025 को 3.30 बजे अपराह्न** मे खोली जाएगी। विलम्ब से प्राप्त निविदा के लिए शाहाबाद जिम्मेवार नहीं होगा। कॉम्फेड के संवेदकों को छोड़कर अन्य संवेदको को निविदा प्रपत्र के साथ सभी कागजात यथा जी0एस0टी0, पैन निबंधन, भुगतान प्रमाण-पत्र, राजपत्रित पदाधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना होगा अन्यथा इसके अभाव में निविदा पर विचार नही किया जाएगा। निविदा की तिथि बढ़ाने या रद्द करने का अधिकार शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0, आरा को सुरक्षित रहेगा।

| क्र0 सं0 | विवरणी | प्रक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | SS Gate for Gallery of 05 LLPD Dairy Plant at RDP, Dehri-On-Sone. | 2,77,774.00 | 5,555.00 | 750.00 | 20 (Twenty) Days |
| 2 | Extension of Cycle Stand at RDP, Dehri-On-Sone. | 1,73,029.00 | 3,461.00 | 500.00 | 01 (One) Month |

**प्रबंध निदेशक**



## आवश्यकता

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आलमपुर पैक्स में प्रबंधक का पद रिक्त है।
इच्छुक उम्मीदवार अपने शैक्षणिक योग्यता के साथ बायोडाटा वांछित कागजात के साथ समिति कार्यालय में अथवा निबंधित डाक से दिनांक- 02.05.2025 पांच बजे अपराह्न उपलब्ध कराना समर्पित करें।
**नोट :-** किसी भी पूछताछ के लिए पैक्स अध्यक्ष आलमपुर मो. नं. 7488721216 पर सम्पर्क करें।


# शहर में बंदरों का आतंक, शहरवासी परेशान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** शहर में बंदरों के आतंक से शहरवासी परेशान हैं। बंदर छत पर चढ़कर छत पर रखे हुए सामग्री को नुकसान कर दे रहे हैं। कभी-कभी तो बंदर छत से होते हुए घरों में घुस जा रहे हैं और घर में रखे हुए सामान को तितर-बितर कर देते हैं। शहरवासियों का कहना है कि शहर में काफी संख्या में बंदर हो गए हैं। हालांकि शहरवासी बंदरों को मारना भी नहीं चाहते हैं। उनका कहना है कि नगर प्रशासन या वन विभाग की टीम इन बंदरों को पकड़कर जंगल में छोड़ दें। लोगों को परेशान कर दिये बंदरों से राहत के लिए बाबू मुहल्ला ठाकुर अमन सिंह ने एक आर्टिफिशियल बंदर को छत व आंगन में रख दिये हैं जिससे बंदर आते हैं और आर्टिफिशियल बन्दर से डर कर भाग जाते हैं। आसपास के लोग आर्टिफिशियल बंदर को देखने के लिए उनके घर भीड़ भी लग रही है। देखने में खूंखार दिखने वाला आर्टिफिशियल बंदर सुंदर भी लगता है। इस संबंध में कार्यपालक पदाधिकारी उजाली राज ने बताया कि इसकी सूचना वन विभाग को नगर प्रशासन दी जाएगी।

# विश्व मलेरिया दिवस पर नारायण नर्सिंग कॉलेज के सामुदायिक स्वास्थ्य विभाग द्वारा जागरुकता रैली का आयोजन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर नारायण नर्सिंग कॉलेज के सामुदायिक स्वास्थ्य विभाग द्वारा अकोढ़ीगोला प्रखंड के नावाडीह गांव में जागरुकता रैली और नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों में मलेरिया के प्रति जागरूकता फैलाना रहा। कार्यक्रम में जी एन एम प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने मुख्य रुप से हिस्सा लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य मार्गदर्शक की भूमिका प्रो. डॉक्टर के लता प्राचार्या, डॉक्टर श्वेता शर्मा उप प्राचार्या तथा प्रोफेसर एम शशि विभाग अध्यक्ष सामुदायिक स्वास्थ्य विभाग की रही। कार्यक्रम का संचालन तथा धन्यवाद ज्ञापन ट्यूटर श्वेता कुमारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिम्पी और काव्या सिंह द्वारा किया गया। इस मौके पर नारायण नर्सिंग कॉलेज के शिक्षक तेजपाल सिंह, दीपू कुमार, रोहित कुमार, शिवांशु और एमएससी नर्सिंग के छात्र निखिल कुमार उपस्थित थे।

# प्रेमी ने की प्रेमिका की हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** जिले के नोखा थाना क्षेत्र रामनगर श्मशान घाट के पास दो दिनों पूर्व मिले अज्ञात महिला की पहचान हो गई है। प्रेमी ने दूसरे से संबंध के कारण युवती की हत्या कर उसे श्मशान घाट के पास फेंक दिया था। एसपी रौशन कुमार के अनुसार गत 23 अप्रैल को नोखा थाना क्षेत्र के रामनगर जाने वाली रास्ते में स्थित शमशान घाट के पास पुलिया के नीचे एक अज्ञात महिला का शव बरामद किया गया था। नोखा थानाध्यक्ष ने आवश्यक कार्यवाही करते हुए शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव की पहचान हेतु उसे शव गृह सासाराम में सुरक्षित रखवाया गया। उन्होंने बताया कि शव के पोस्टमार्टम के दौरान यह ज्ञात हुआ कि मृत महिला गर्भवती थी। महिला के गर्भ में मौजूद मृत बच्चे का डीएनए टेस्ट के लिए सैंपल संरक्षित कराया गया है जिसे जांच के लिए एफएसएल पटना भेजा जा रहा है। उन्होंने बताया कि घटना के उद्भेदन एवं काण्ड में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए सासाराम एसडीपीओ दो के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया जिसमें तकनीकी सहायता के लिए जिला आसूचना इकाई के टीम को भी शामिल किया गया। उन्होंने बताया कि गठित टीम को सूचना प्राप्त हुई कि नटवार थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरा निवासी अखिलेश सिंह उर्फ गुड्डु सिंह के साथ उक्त महिला को पूर्व में कई बार देखा गया है। अखिलेश सिंह उर्फ गुड्डु सिंह (उम्र 39 वर्ष) ग्राम-सेमरा थाना-नटवार, जिला-रोहतास को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। अज्ञात महिला के शव की पहचान सेमरा गांव की ही सपना उर्फ शेरा (उम्र-30 वर्ष) के रूप में किया। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार अखिलेश सिंह उर्फ गुड्डु सिंह ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि मृतका सपना उर्फ शेरा के साथ इनका करीब एक वर्ष पूर्व से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। कुछ दिनों से मृतका सपना उर्फ शेरा नोखा थाना क्षेत्र के रामनगर निवासी मुन्ना चौधरी के साथ बातचीत करती थी जो उसे अच्छा नहीं लग रहा था। इस कारण अखिलेश सिंह ने अपने दोस्त शत्रुधन सिंह के साथ मिलकर मृतका सपना उर्फ शेरा की हत्या करने की योजना बनायी थी।

# पहलगाम मृतकों के लिए विधिज्ञ संघ ने की शोक सभा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** पहलगाम में 28 पर्यटकों की आतंकवादियों द्वारा की गई हत्या पर आक्रोश प्रकट करते हुए डिहरी विधिज्ञ संघ ने अध्यक्ष उमाशंकर पांडे उर्फ मुटुर पांडे की अध्यक्षता में शोक सभा का आयोजन कर मृतकों की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। अध्यक्ष श्री पांडे ने कहा कि आतंकवादियों को इसका अंजाम भुगतना होगा। शोकसभा में अधिवक्ता कमलेश कुमार, हरिद्वार सिंह, मिथिलेश सिंह, नागेंद्र सिंह, रितेश कुमार, रंजीत दुबे, गोपाल राम, अंकिता कुमारी, चंद्रिका राम सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद थे।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

**आवश्यक सूचना**
**(चोरी गयी हिरो स्पलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल)**

गढ़वा थाना कांड सं0– 675/24 दिनांक– 13.12.24 धारा– 303(2) बी0 एन0 एस0 में चोरी गयी हिरो स्पलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल जिसका रजि0 नं0– JH03AH-5524 इंजन नं0– HAIIEYN9D02133 एवं चेचिस नं0– MBLHAW123N9D02133 का अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर लिया गया है। जिसकी बरामदगी अबतक नहीं हो पाई है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी गयी वाहन के बारे में किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना किसी व्यक्ति को प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0– 9431706284, या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 351073 Police (25-26)_D



## कार्यालय :– असैनिक शल्य चिकित्सक –सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू।
Email Id – civilsurgeonpalamu@gmail.com

**आवश्यक सूचना**

जिला स्वास्थ्य समिति, पलामू के अन्तर्गत विज्ञापन सं0– 01/2025 से संबंधित आवश्यक सूचना। दावा–आपत्ति से प्राप्त कुल 400 आवदनों में से निराकरण के पश्चात 331 स्वीकृत आवेदनों कि सूची www.palamau.nic.in प्रकाशित का दी गयी है। पूर्व में प्रकाशित कुल 752 स्वीकृत आवेदनों की सूची तथा दावा–आपत्ति निराकरण के पश्चात कुल 331 स्वीकृत आवेदनों की सूची से संबंधित अभ्यर्थी दिनांक– 24.04.2025 से दिनांक–30.04.2025 तक कार्यालय अवधि में (प्रातः 10:30 से संध्या 5 बजे) तक अपना प्रवेश पत्र सिविल सर्जन पलामू कार्यालय से प्राप्त कर सकते है अभ्यर्थी को प्रवेश पत्र करते समय मूल पहचान पत्र लाना सुनिश्चित करेंगे तथा साथ ही पासपोर्ट साइज 04 (चार) रंगीन फोटो कार्यालय में जमा करना आवश्यक होगा।

आदेशानुसार,
असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू।

PR 351067 District(25-26)D

# जनता दरबार में डीएम ने मौके पर निपटाए कई मामले, चुनाव तैयारियों को लेकर कैम्पस एम्बेसडरों संग बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जिला मुख्यालय में शुक्रवार को जनसुनवाई और लोकतंत्र की मजबूती के दो अहम पड़ाव देखे गए–एक ओर जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने जनता दरबार में आम लोगों की समस्याएं सुनीं और कई मामलों का तत्काल निपटारा किया, वहीं दूसरी ओर विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर छात्र-युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु कैम्पस एम्बेसडरों के साथ समीक्षा बैठक भी की गई।

**जनता दरबार में फरियादियों को मिला त्वरित न्याय**

समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में आयोजित जनता दरबार में कुल 61 फरियादी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। ज़मीन विवाद, बिजली समस्या, आपसी विवाद, सफाई कर्मियों का भुगतान, रंगदारी और अवैध कब्जा जैसे मुद्दों पर सुनवाई की गई। जिलाधिकारी ने थाना-रजौली, गोविंदपुर, नेमदारगंज, अकबरपुर सहित अन्य थानों से आए आवेदनों पर संबंधित पदाधिकारियों से संवाद कर कई मामलों का मौके पर निष्पादन कराया। अन्य शिकायतों को शीघ्र समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को सौंपा गया। यह जनता दरबार मुख्यमंत्री के सेवा और सुशासन अभियान का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है।




इस अवसर पर अपर समाहर्ता चंद्रशेखर आजाद, गोपनीय शाखा प्रभारी राजीव कुमार, लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी डॉ. राजकुमार सिंहा, डीईओ दिनेश कुमार चौधरी सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

**विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर युवाओं को किया गया जागरूक**



जनता दरबार के उपरांत समाहरणालय सभागार में विधानसभा निर्वाचन 2025 की तैयारी को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम रवि प्रकाश की अध्यक्षता में सभी कॉलेजों के कैम्पस एम्बेसडरों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में डीएम ने कहा कि युवा लोकतंत्र की रीढ़ हैं और उनकी सक्रिय भागीदारी से चुनाव प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और सशक्त बन सकती है। उन्होंने कहा कि कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों में मतदान जागरूकता कार्यक्रम, सोशल मीडिया कैंपेन, कार्यशालाओं का आयोजन और कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाए जाएं।

साथ ही, स्वीप कार्यक्रमों के आयोजन के निर्देश दिए गए। उप निर्वाचन पदाधिकारी को यह सुनिश्चित करने को कहा गया कि सभी मतदान केंद्रों पर शेड, पेयजल सहित अन्य बुनियादी सुविधाएं समय रहते उपलब्ध हों। ग्रामीण क्षेत्रों में छ्लचुनावी पाठशालाङ्क कार्यक्रमों से आमजन को भी जागरूक किया जाएगा। बैठक में उप विकास आयुक्त, एसडीओ नवादा, डीसीएलआर, उप एवं अवर निर्वाचन पदाधिकारी, जिला एवं पीडब्ल्यूडी आइकॉन सहित सभी कॉलेजों के कैम्पस एम्बेसडर मौजूद थे।

इन दोनों आयोजनों के माध्यम से एक ओर जहां लोगों की व्यक्तिगत समस्याओं का समाधान हुआ, वहीं दूसरी ओर आने वाले चुनाव के लिए मतदाताओं की नई पीढ़ी को सक्रिय किया गया। जन सहभागिता और प्रशासनिक सक्रियता की यह साझा तस्वीर नवादा जिले में लोकतांत्रिक चेतना के विस्तार की दिशा में एक सार्थक कदम मानी जा रही है।

## श्रमिकों को आवंटन के अभाव में मजदूरी का भुगतान नहीं होने से भुखमरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** केन्द्र सरकार देश में असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के जीविकोपार्जन के लिए काम की गारंटी के लिए मनरेगा योजना चला रही है, जबकि दूसरी ओर कार्य करने के पांच माह बीत जाने के बाद भी श्रमिकों को आवंटन के अभाव में मजदूरी का भुगतान नहीं होने से श्रमिकों के समक्ष जीवन-मरण की स्थिति उत्पन्न हो गई है। हालांकि केन्द्र सरकार ने मनरेगा के योजना क्रियान्वयन और भुगतान के लिए काफी कड़े कानून बनाये है। मनरेगा के नियम के अनुसार एक ऐप के अंतर्गत कार्य संचालन का प्रावधान है। इस ऐप के विपरीत उल्लंघन करने पर इससे जुड़े कर्मचारियों को दंडित करने के साथ ही डीले कंपनसेशन एवं रिकवरी लिया जाता है। ऐप के अनुसार श्रमिकों को पन्द्रह दिन के अन्दर मजदूरी का भुगतान श्रमिक के खाता में किये जाने का नियम है।

## दवा दुकान से 40 हजार नकद व लैपटॉप की चोरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** लहेरी थाना क्षेत्र के मेहरपर मोहल्ला में गुरुवार की देर रात चोरों ने दवा दुकान का वेंटीलेटर तोड़कर दुकान के काउंटर में रखे 40 नकद और एक लैपटॉप चुरा लिया। इतना ही नहीं जाते-जाते बदमाशों ने सीसीटीवी कैमरे के हार्ड डिस्क को लेकर चला गया। पीड़ित दुकानदार रितेश कुमार ने बताया कि शुक्रवार सुबह जब वह दुकान खोलने पहुंचे तो अंदर का नजारा देखकर दंग रह गए। दुकान के अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था और हार्ड डिस्क का तार कटा हुआ था। काउंटर से नकद रुपए भी गायब थे। जांच के दौरान पता चला कि चोर डेढ़ फीट की एक संकरी वेंटिलेशन से भीतर घुसे थे। घटना के बाद लोग पुलिस की रात्रि गश्ती पर सवाल उठा रहे हैं। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार रजक ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज को खंगाला जा रहा है।

### 10 जिंदा कारतूस सहित एक धराया

**बिहारशरीफ/नबिटा ब्यूरो।** रहुई थाना क्षेत्र के निजाय गांव में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को 10 जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी कुणाल कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि निजाय गांव के निवासी नीतीश यादव लोगों को डराने-धमकाने का कार्य कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की और नीतीश यादव को 10 जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपित के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

## नवादा सिविल कोर्ट में सिपाही ने पेशकार को जड़ा थप्पड़, तीन घंटे तक ठप रहा न्यायिक कार्य

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** नवादा सिविल कोर्ट परिसर में शुक्रवार को उस समय हंगामे की स्थिति उत्पन्न हो गई, जब कोर्ट के पेशकार नवीन कुमार को ड्यूटी पर तैनात एक पुलिस सिपाही ने कथित रूप से थप्पड़ जड़ दिया। इस अप्रत्याशित घटना से आक्रोशित होकर सभी पेशकारों ने काम का बहिष्कार कर दिया, जिससे कोर्ट का सामान्य कार्य तीन घंटे तक बाधित रहा और आम जनता को न्यायिक कार्यों में असुविधा का सामना करना पड़ा।

घटना दोपहर लंच ब्रेक के दौरान की बताई जा रही है। पीड़ित पेशकार नवीन कुमार ने बताया कि वे गेट के बाहर परिवार से मिलने गए थे। लौटते समय गेट पर तैनात सिपाही रजनीश कुमार ने उन्हें रोका और सवाल-जवाब करने लगे। नवीन कुमार के अनुसार, जब उन्होंने



अपना परिचय दिया, तो सिपाही ने अभद्र भाषा का प्रयोग किया और विरोध करने पर कान के नीचे थप्पड़ जड़ दिया।

घटना की सूचना मिलते ही नगर थाना प्रभारी अविनाश कुमार कोर्ट परिसर पहुंचे और हालात को नियंत्रित किया। उन्होंने दोनों पक्षों से बातचीत की और पेशकार को आश्वासन दिया कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, पीड़ित पेशकार को सदर अस्पताल भेजकर मेडिकल जांच कराई गई।

**न्यायिक गरिमा पर प्रहार, पेशकारों ने जताया विरोध**

पेशकारों ने इस घटना को न्यायिक गरिमा के विरुद्ध बताते हुए सिपाही के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी का ऐसा व्यवहार न्यायिक व्यवस्था के सम्मान और मर्यादा को ठेस पहुंचाता है। घटना को लेकर स्थानीय नागरिकों ने भी चिंता जताई। उनका कहना है कि कोर्ट और पुलिस व्यवस्था में कार्यरत कर्मियों को संयम और सम्मान के साथ पेश आना चाहिए। किसी भी परिस्थिति में शारीरिक हिंसा उचित नहीं है और यह मानवाधिकारों का उल्लंघन माना जाएगा।

**थाना प्रभारी बोले – मामले की हो रही जांच**

नगर थाना प्रभारी अविनाश कुमार ने बताया, छ्लमामला शांत करा दिया गया है। पीड़ित की मेडिकल जांच कराई गई है और रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि घटना के समय कोर्ट परिसर में भीड़ एकत्र हो गई थी, लेकिन अब स्थिति सामान्य है। यह घटना प्रशासन और न्यायिक व्यवस्था के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता को रेखांकित करती है। साथ ही, यह भी स्पष्ट करती है कि कानून के रक्षक स्वयं यदि मर्यादा का उल्लंघन करें, तो व्यवस्था में जनता का विश्वास डगमगा सकता है।

## नालंदा विश्वविद्यालय में खुला अधिवेशन 10 मई से

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** इतिहास संकलन समिति दक्षिण बिहार द्वारा नालंदा खुला विश्व विद्यालय में प्रथम अधिवेशन 10 मई से 12 मई को होने जा रहा है। इतिहास संकलन समिति की स्थायी सदस्य डॉ आभा ने बताया कि इस अधिवेशन में बिहार प्रांत के इतिहास से जुड़े विद्वत जन प्राध्यापक एवं शोधार्थी शामिल होंगे । अधिवेशन प्रोफ़ेसर राजीव रंजन राष्ट्रीय सचिव अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना नई दिल्ली की अध्यक्षता में होना है । डॉक्टर राजीव कुमार इसके समन्वयक हैं । अधिवेशन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत इतिहास विषय में स्नातक प्रथम सेमेस्टर के पाठ्यक्रम भारत बोध पर परिचर्चा होगी। इस अधिवेशन में अखिल



भारतीय इतिहास संकलन योजना के संगठन महामंत्री बालमुकुंद पांडे जी का भी पाथेय प्रथा होगा। अधिवेशन की सफलता को लेकर अभी से तैयारी शुरू कर दी गई है। प्रदेश के समस्त इतिहासकारों को इस अधिवेशन में आमंत्रित किया जा रहा है । डॉ आभा ने बताया कि कार्यक्रम की सफलता को लेकर कोर कमेटी का भी गठन किया गया है , जो अपने-अपने स्तर से हर दिशा में पहल करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाएंगे।

## 39 फरार अपराधियों की हुई गिरफ्तारी : एसपी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने बताया कि 24 अप्रैल 2025 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, पोक्सो एक्ट में 3, डनडीएपीएस एक्ट में 1, मद्य निषेध में 10 एवं अन्य गिरफ्तारी 25 कुल 39 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 160 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। वारंट के निष्पादन की संख्या-73 एवं कुर्की के निष्पादन की संख्या-01 है। वाहन जॉच के क्रम में कुल 821 वाहनों की जॉच की गयी है एवं फाईन की कुल राशि 58 हजार रूपया वसूला गया है। अन्य गिरफ्तारी अन्तर्गत मोटरसाइकिल 1, महुआ घोल विनष्ट 190 बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नवादा पुलिस इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है। नवादा पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता है।

## गायत्री महायज्ञ को ले 751 महिला श्रद्धालुओं ने निकाली कलश शोभायात्रा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** हरनौत प्रखंड क्षेत्र के गोनावा पंचायत के छतियाना गांव में 24 कुण्डीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम को लेकर भव्य कलश शोभायात्रा निकाला गया। कार्यकर्ता मुकेश कुमार एवं विनय कुमार बताया कि समस्त ग्रामवासी एवं पंचायत वासियों के सहयोग से छतियाना गांव में चार दिवसीय 24 कुण्डीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के पहले दिन शुक्रवार की सुबह में 751 कुंवारी कन्याएं एवं महिला श्रद्धालुओं के द्वारा वह कलश शोभायात्रा निकाला गया। उन्होंने बताया कि अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रज्ञा मंडल छतियाना, हरनौत के नेतृत्व में होने वाले 24 कुंडली



गायत्री महायज्ञ में भारत के पूरे 24 तीर्थ स्थलों से गंगाजल को संग्रह किया गया। जो 24 कन्याओं के द्वारा शोभायात्रा में सुशोभित किया गया। आयोजन कर्ताओं ने बताया कि छतियाना गांव के ठाकुर बाड़ी के पास यज्ञ के लिए मंडप बनाया गया है। गंगाजल कलश में भर गया। उसके बाद सुरक्षित वाहन के द्वारा सभी श्रद्धालु हरनौत बाजार स्थित एकता चैक पर पहुंचा। जहां से माथे पर कलश लेकर नेशनल हाईवे 20 किनारे पैदल चलकर पूरे बाजार भ्रमण करते हुए पुनः यज्ञ स्थल पर पहुंचा जहां कलश को स्थापित की गई। कलश शोभायात्रा के दौरान सभी श्रद्धालु जय श्री राम के नारे लगाते रहे। कलश शोभा यात्रा में बच्चों के द्वारा तरह-तरह की झांकियां भी निकल गई। सुरक्षा के मध्य नजर को देखते हुए हरनौत थाना अध्यक्ष अमरदीप कुमार अपने दल बल के साथ मुस्तैद रहे। कलश शोभायात्रा के दौरान नगर पंचायत के उपमुख्य पार्षद प्रतिनिधि सुरेश सिंह, शिवेंदु कुमार, अजय कुमार सिंह, मंटू, कृष्णा, विजय, देवानंद, सुरेंद्र, अरुण, संजय, आकाश, मनीष, कुंदन, निपिंदर समेत हजारों लोग मौजूद थे।

## पुलिस पर युवक की बेरहमी से पिटाई का आरोप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** दीपनगर थाना पुलिस पर एक युवक ने चोरी का आरोप कबूल न करने पर बेरहमी से पिटाई करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित युवक की हालत बिगड़ने पर उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थानाध्यक्ष ने मारपीट के आरोप को सिरे से खारिज किया है। पीड़ित युवक सिपाह निवासी भारत सिंह भारती के पुत्र पंकज कुमार है। पंकज पेशे से वीडियोग्राफर है और शादी व अन्य कार्यक्रमों में वीडियो शूट करने का कार्य करता है। पीड़ित ने बताया कि उसके चाचा के घर तीन दिन पहले चोरी की वारदात हुई थी, जिसकी अज्ञात के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी। गुरुवार दोपहर दीपनगर थाना की पुलिस उसके घर पहुंची और पूछताछ के बहाने उसे साथ ले गई। इस दौरान पुलिस ने उसका मोबाइल और पासबुक भी जब्त कर लिया। युवक ने आरोप लगाया कि मेन रोड पर पहुंचते ही पुलिस उस पर चोरी का जुर्म कबूल करने का दबाव बनाने लगी। जब उसने निर्दोष होने की बात कही, तो पुलिस उसे कारगिल चौक स्थित दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक ले गई, जहां पासबुक अपडेट कराया गया। इसके बाद उसे एक स्टेडियम परिसर में बने कमरे में ले जाकर बंद कर दिया गया।


**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जी), पूर्व रेलवे, मालदा, पो.ऑ.-झलझलिया, जिला: मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए अनुभव एवं आर्थिक क्षमता रखने वाले सम्माननीय फर्मों/एजेंसियों/ठेकेदारों से खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **निविदा संख्या: ईएल-एमएलडीटी-ई-टेंडर-351, दिनांक: 24.04.2025। कार्य का नाम:** मालदा में वन्दे भारत ट्रेनों के लिए रखरखाव संरचना एवं रखरखाव सुविधाओं के विकास के लिए विद्युतीय कार्य के सम्बन्ध में विद्युतीय कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 1,55,57,329.97। **बयाना राशि:** ₹ 2,27,800। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **ई-निविदा जमा करने की तारीख एवं समय:** 02.05.2025 से 16.05.2025 को अपराह्न 3.30 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट्ट:** वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** एवं वरिष्ठ डीईई (जी), पूर्व रेलवे, मालदा का कार्यालय। निविदादाता से अनुरोध है कि वे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर विस्तृत निविदा सूचना एवं दस्तावेज को अच्छी तरह से पढ़ लें। किसी भी परिस्थिति में मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

(MLD-28/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


## गृह प्रवेश की खुशी को बनाया जीवनदान का माध्यम, जरूरतमंद महिला को दिया रक्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** शहर के नेहालुचक निवासी रंजीत यादव की पत्नी ब्यूटी कुमारी की प्रसवपूर्व स्थिति में ही शिशु की मृत्यु हो गई। डॉक्टरों ने तत्काल ऑपरेशन के लिए ए पॉजिटिव रक्त की मांग की। रंजीत यादव स्वयं एक यूनिट रक्त पहले ही दान कर चुके थे, ऐसे में दूसरे यूनिट की व्यवस्था को लेकर वे चिंतित थे। इसी दौरान किसी ने उन्हें छत्रपति शिवाजी सेवा संस्थान के सचिव जितेंद्र प्रताप उर्फ जीतू का संपर्क दिया। मामले की गंभीरता को समझते हुए जीतू ने तुरंत अपनी संस्था के सक्रिय सदस्य बबलू सिंह से संपर्क किया। विशेष बात यह रही कि शुक्रवार को बबलू सिंह के घर गृह प्रवेश का शुभ अवसर था। बावजूद इसके, उन्होंने अपने उत्सव की खुशियों को एक पीड़ित परिवार की राहत में बदलते हुए बिना देर किए रक्तदान किया। उनके इस कदम ने न सिर्फ एक जीवन की रक्षा की, बल्कि मानवता का अद्भुत उदाहरण भी पेश किया। संस्थान के सचिव जीतेंद्र प्रताप जीतू ने बताया कि छत्रपति शिवाजी सेवा संस्थान समय-समय पर नागरिकों से आग्रह करता है कि वे अपने जन्मदिन, सालगिरह या किसी भी शुभ अवसर को रक्तदान के रूप में सार्थक बनाएं। बबलू सिंह का यह क़दम इस अपील को जीवंत उदाहरण बनाता है। उनका कहना है, छ्लगृह प्रवेश की खुशी को किसी के जीवन में राहत देने के लिए समर्पित कर सच्चा आत्मिक सुख मिला है।

## 'शब्दवीणा' नवादा इकाई का पुनर्गठन, अरुण कुमार वर्मा अध्यक्ष व सावन कुमार सचिव नियुक्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** राष्ट्रीय साहित्यिक-सांस्कृतिक संस्था 'शब्दवीणा' की नवादा जिला इकाई का पुनर्गठन शुक्रवार की देर शाम औपचारिक रूप से किया गया। संस्था की संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रश्मि प्रियदर्शिनी ने पुनर्गठन की घोषणा करते हुए कई नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की।

इस क्रम में अरुण कुमार वर्मा को जिला अध्यक्ष, सावन कुमार को जिला सचिव, मनमोहन कृष्ण को जिला संगठन मंत्री तथा राधा रानी को जिला प्रचार मंत्री मनोनीत किया गया। वहीं डॉ. ब्रह्मानंद विश्वकर्मा (उपाध्यक्ष), सुबोध कुमार (कोषाध्यक्ष) और डॉ. विनीता प्रिया (साहित्य मंत्री) पूर्ववत अपने पदों पर बने रहेंगे।

**कौन हैं नवनियुक्त पदाधिकारी?**

जिला अध्यक्ष बने अरुण कुमार वर्मा मास्टर ऑफ फाइन आर्ट हैं और शिक्षण कार्य से जुड़े हुए हैं। जिला सचिव सावन कुमार को बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन, पटना द्वारा छ्लयुवा शताब्दी साहित्य सम्मानङ्क और विश्व हिंदी रचनाकार मंच, मुंबई द्वारा काव्य श्री सम्मान मिल चुका है। वे सामाजिक गतिविधियों में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। जिला संगठन मंत्री मनोनीत किए गए मनोहन कृष्ण पत्रकार, अधिवक्ता, समाजसेवी और साहित्यकार के रूप में पहचाने जाते हैं। वहीं जिला प्रचार मंत्री बनीं राधा रानी भी शिक्षक एवं साहित्यप्रेमी हैं।

**संस्था का उद्देश्य व ध्येय-वाक्य**

संस्था के प्रदेश प्रचार मंत्री डॉ. गोपाल प्रसाद 'निर्दोष' ने बताया कि 'शब्दवीणा' का मूल उद्देश्य है– हिन्दी साहित्य, भारतीय संगीत और सांस्कृतिक कलाओं के संवर्धन के साथ-साथ सकारात्मक और सृजनात्मक वातावरण का निर्माण करना। संस्था का ध्येय-वाक्य उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुम्बकम् है, जो इसकी मानवतावादी सोच को परिलक्षित करता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि संस्था के सोशल मीडिया मंचों पर किसी प्रकार की राजनीतिक, जातिगत या सांप्रदायिक गतिविधियों को स्थान नहीं दिया जाएगा। यह संस्था साहित्य और संस्कृति के क्षेत्र में निष्ठापूर्वक कार्य कर रही है और राष्ट्रव्यापी अभियान में देशभर के रचनाकार, पत्रकार एवं साहित्यप्रेमी इससे जुड़ते जा रहे हैं।

**साहित्यिक समाज ने दी बधाई**

नए पदाधिकारियों की घोषणा होते ही जिले के कई वरिष्ठ साहित्यकारों, पत्रकारों, शिक्षकों और समाजसेवियों ने बधाई दी और उम्मीद जताई कि 'शब्दवीणा' के माध्यम से नवादा में एक समृद्ध और संस्कृतिनिष्ठ साहित्यिक वातावरण तैयार होगा। इस अवसर पर डॉ. ब्रह्मानंद विश्वकर्मा, सुबोध कुमार, डॉ. विनीता प्रिया, रुचि वर्मा, गुलाम सरवर अंसारी, दीन दयाल वर्मा, रवि प्रकाश गुप्ता सहित दर्जनों गणमान्य जन उपस्थित रहे।

'शब्दवीणा' का यह पुनर्गठन नवादा में साहित्यिक-सांस्कृतिक चेतना के नवयुग की आहट है, जिसमें युवा प्रतिभाओं के साथ अनुभवी रचनाकारों का संगम जिले के रचनात्मक परिदृश्य को एक नई दिशा देगा।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।**

**आवश्यक सूचना।**

**( चोरी गयी हिरो स्पलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल )**

गढ़वा थाना कांड सं0–43/2025 दिनांक–30.01.2025 धारा–303(2) बी0 एन0 एस0 2023 में चोरी गयी हिरो स्पलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल जिसका रजि0 नं0– JH03U-6586 इंजन नं0–HAI0AGJHD13644 एवं चेचिस नं0– MBLHAR079JHD0978 का अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर लिया गया है। जिसकी बरामदगी अबतक नहीं हो पाई है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी गयी वाहन के बारे में किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना किसी व्यक्ति को प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284, या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा।

PR 351076 (Police) 25-26 (D)


## बापू इंटर विद्यालय पांडेयगंगौट में मशाल के तहत खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** प्रखण्ड के बापू इंटर विद्यालय पांडेयगंगौट में मशाल कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को खेलकूद प्रतियोगिता की शुरुआत हर्षोल्लासपूर्वक की गई। जिसका शुभारंभ प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सुशील कुमार,एमडीएम प्रभारी संजय कुमार पासवान तथा विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अजय कुमार ने संयुक्त रूप से किया। प्रतियोगिता को लेकर विद्यालय के छात्र-छात्राओं में काफी उत्साह देखा गया। तथा विद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी सुशील कुमार ने बताया कि सरकारी विद्यालयों में अध्यनरत छात्र-छात्राओं में प्रतिभावान खिलाड़ियों की पहचान के लिए मशाल कार्यक्रम के तहत खेल प्रतियोगिता का आयोजन शुक्रवार से शुरू किया गया है। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अजय कुमार ने बताया कि विद्यालय में बच्चों के बीच कबड्डी दौड़ एवं ऊंची कूद प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया। मौके पर विद्यालय के सहायक शिक्षक सुरेंद्र नारायण,संदीप कुमार, अराधना कुमारी, नसीम कौसर, राजीव रंजन, ओमप्रकाश कुमार, आरती कुमारी आदि मौजूद रहे। बीईओ सुशील कुमार के अनुसार प्रखण्ड के 15 माध्यमिक एवं 50 मध्य विद्यालयों में विभाग के निर्देशानुसार मशाल कार्यक्रम के तहत खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## तीन बाइकों पर लदी 300 लीटर महुआ शराब जब्त, धंधेबाज फरार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली।** थाना क्षेत्र के हरदिया पंचायत के सुदूरवर्ती गांव जमुनदाहा के जंगली क्षेत्र से तीन बाइकों पर लदे 300 लीटर महुआ शराब को पुलिस बलों ने बीते गुरुवार की देर रात्रि को जब्त किया वहीं शराब धंधेबाज मौके से भागने में सफल रहे। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि बिहार शराबबंदी को लेकर थाना क्षेत्र को शराबमुक्त बनाए जाने को लेकर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान जंगली एवं सुदूरवर्ती क्षेत्रों में शराब निर्माण, परिवहन, भंडारण, बिक्री एवं




सेवन के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। बीते गुरुवार की रात्रि शराब की बड़ी खेप को लेकर गुप्त सूचना मिली।सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई को लेकर थाना में पदस्थापित पीएसआई सचिन कुमार एवं एएसआई जयशंकर पाण्डेय को सशस्त्र बलों के साथ भेजा गया। छापेमारी के दौरान पुलिस बलों को देखते ही शराब धंधेबाज अपने बाइकों को छोड़कर अंधेरा एवं जंगली रास्तों की मदद से भागने में सफल रहा।वहीं पुलिस बलों ने शराब लदे तीन बाइकों को जब्त किया। जब्त शराब 25 लीटर की क्षमता वाले काले रंग के 6 प्लास्टिक के गैलेनों में था, जिसकी कुल मात्रा 300 लीटर है। थानाध्यक्ष ने बताया कि जब्त शराब एवं बाइक के अलावे फरार होने वाले शराब धंधेबाजों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है वहीं पुलिस अग्रतर कार्रवाई में जुटी हुई है।


**कार्यालय नगर परिषद, गढ़वा**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सभी दुकानदारों एवं प्रतिष्ठानों को सूचित किया जाता है कि किसी भी तरह का सिंगल यूज प्लास्टिक 01 जुलाई 2022 से प्रतिबंधित है। इसके आलोक में पुनः आप से आग्रह करते हुए सूचित किया जाता है कि सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग ना करें।

अन्यथा आपके विरुद्ध विधि सम्मत् कार्रवाई की जायेगी एवं दंड की भी वसूली की जायेगी।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद, गढ़वा

PR 351094 Urban Development (25-26)_D


CMYK

### भीषण गर्मी में भी जनता दरबार में उमड़ी भीड़, डीएम ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं

# जांच में कोताही पर होगी कार्रवाई, हेल्थ कैंप में खुद पहुंचे डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** जिला समाहरणालय, गया में शुक्रवार को आयोजित जनता दरबार में जिला पदाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम ने जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित पदाधिकारियों को सात दिनों के भीतर जांच रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया। इस दौरान लगभग 300 से अधिक मामलों को सुना गया। भीषण गर्मी और लू के बावजूद बड़ी संख्या में फरियादी जनता दरबार में पहुंचे। इसको देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा समाहरणालय परिसर में ठंडे पेयजल और मेडिकल कैंप की व्यवस्था की गई थी। डीएम स्वयं स्वास्थ्य जांच शिविर पहुंचे और चिकित्सकों से जानकारी ली। उन्होंने स्वास्थ्य जांच करवाने आए फरियादियों से भी बातचीत की। लोगों के बीच ओआरएस घोल का वितरण किया गया और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। डीएम ने कहा कि इस गर्मी में किसी फरियादी को स्वास्थ्य संबंधी परेशानी न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अधिक से अधिक लोगों के बीच ओआरएस का वितरण हो। जनता दरबार में प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना, भूमि विवाद, परिमार्जन, अतिक्रमण सहित विभिन्न मुद्दों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। डीएम ने निर्देश दिया कि भूमि विवाद एवं आपसी बंटवारे के मामलों को प्राथमिकता पर लिया जाए और संबंधित थाना व अनुमंडल स्तर पर शनिवार को आयोजित होने वाले जनता दरबार में दोनों पक्षों की उपस्थिति में समाधान कराया जाए। उन्होंने सभी अंचलाधिकारी और भूमि सुधार उप समाहर्ताओं को निर्देशित किया कि जमीन से संबंधित मामलों की ईमानदारीपूर्वक जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि जांच में कोताही बरतने वाले कर्मियों और पदाधिकारियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री पारिवारिक लाभ योजना से वंचित आवेदकों के प्रकरणों को देखते हुए डीएम ने अपर समाहर्ता (राजस्व) को पात्र व्यक्तियों को योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। डीएम ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि गांवों से आने वाले गरीब और किसान तबके के लोगों को आवेदन प्रक्रिया में हरसंभव मदद करें। यदि जरूरत हो तो आवेदन पत्र भरवाने में भी सहयोग किया जाए, ताकि किसी को अनावश्यक दौड़-धूप न करनी पड़े।



# रोजगार मेला का 15वां चरण आज आईआईएम, बोधगया में

### प्रधानमंत्री करेंगे लाइव स्ट्रीमिंग के माध्यम से संबोधन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया।** आगामी 26 अप्रैल को भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), बोधगया में रोजगार मेला का 15वां चरण आयोजित किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में माननीय प्रधानमंत्री लाइव स्ट्रीमिंग के माध्यम से प्रतिभागियों को संबोधित करेंगे। यह आयोजन न केवल रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देगा, बल्कि यह बिहार के युवाओं के लिए नए रास्ते खोलेगा। इस आयोजन में केंद्रीय राज्य मंत्री, सांसद/विधानसभा सदस्य, बिहार में स्थित विभिन्न केंद्रीय सरकारी कार्यालयों के विभागाध्यक्ष और चयनित उम्मीदवार, जिन्हें रोजगार पत्र वितरित किए जाएंगे, भाग लेंगे। रोजगार मेला में विभिन्न केंद्रीय और राज्य सरकारी विभागों द्वारा विभिन्न पदों के लिए उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा। आयोजन स्थल पर मीडिया के संवाददाता को अपनी संबंधित एजेंसी द्वारा जारी पहचान पत्र साथ रखना अनिवार्य होगा। यह कार्यक्रम राज्य के युवाओं के लिए एक बड़ा अवसर साबित हो सकता है, क्योंकि इसमें रोजगार से संबंधित कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। इस रोजगार मेले का उद्देश्य राज्य के युवाओं को सरकारी और निजी क्षेत्रों में रोजगार प्राप्ति के अवसर प्रदान करना है। सरकारी योजनाओं और रोजगार को लेकर युवाओं में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ यह एक बड़ा कदम साबित हो सकता है। इस कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक उम्मीदवार इस मौके का लाभ उठा सकें।

# अखिल हिंद फारवर्ड ब्लॉक ने मनाया शहादत दिवस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** अखिल हिंद फारवर्ड ब्लाक क्रांतिकारी के मुख्य सिद्धांतकार बालमुकुन्द राही व सह योद्धा चन्द्रदेव यादव की संयुक्त शहादत दिवस का आयोजन शुक्रवार को ग्राम कोराप में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजदेव साव व संचालन चन्द्रशेखर प्रसाद यादव ने की। शहादत दिवस समारोह को संबोधित करते हुए पार्टी के प्रवक्ता का. रामचन्द्र आजाद ने कहा कि अखिल हिन्द फारवर्ड ब्लाक क्रांतिकारी के मुख्य सिद्धांतकार बालमुकुन्द राही व उनके सह योद्धा चन्द्रदेव यादव की हत्या आज ही के दिन 1983 में प्रतिक्रियावादी भाकपा माओवादी के द्वारा ग्राम करमा में पार्टी के चल रहे चिंतन शिविर में कर दिया गया था और चिंतन शिविर में आग लगा दिया गया था। उन्होंने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस के सिद्धांत नयी समाजवादी व्यवस्था एवं वैज्ञानिक समाजवाद को भारत समेत पूरी दुनिया में करना था जो उनकी सपना अधूरा रह गया। उसी विचार के आत्मसात कर के सम्राज्यवादी, कार्पोरेट वादी एवं पूंजीवादी व्यवस्था के खिलाफ लड़ाई लड़ते हुए शहीद हो गये। परंतु दुर्भाग्य की बात है कि आज तक भारत समेत पूरी दुनिया पर सम्राज्यवादी व्यवस्था कायम है जो आम जनता के हित का नहीं है। कार्यक्रम के पूर्व बारी-बारी से कार्यकर्ताओं ने का. राही व चन्द्रदेव यादव के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम को पार्टी के नेता संतोष गिरी, धर्मेन्द्र शर्मा, भाष्कर प्रसाद, बाल कुमार यादव, कामेश्वर यादव, शिवशंकर यादव, कमलेश कुमार नीरज, नागदेव यादव, राजू शर्मा, राजकुमार यादव, सुरेश प्रसाद आदि लोगों ने संबोधित किया।




### गया में भीषण गर्मी से राहत देने की कवायद तेज

# डीएम और नगर आयुक्त ने दिए निर्देश

### गांव से शहर तक शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** जिले में लगातार बढ़ते तापमान और 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचती गर्मी को देखते हुए गया प्रशासन सक्रिय हो गया है। जिला पदाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस.एम. ने प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि सभी पंचायतों के भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों और बाजार इलाकों में शुद्ध पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। गर्मी की शुरुआत के साथ ही यह निर्देश जारी कर दिए गए थे, ताकि आमजन को राहत मिल सके। वर्तमान में जिला पंचायत राज विभाग इस व्यवस्था की सतत निगरानी कर रहा है जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि ग्रामीण क्षेत्रों के चौक-चौराहों, हाट-बाजार और सार्वजनिक स्थलों पर निरंतर शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो। गया जिले के सभी 24 प्रखंडों की पंचायतों में ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समिति (वीएचएसएनसी) के फंड से प्याऊ की व्यवस्था की गई है। इन समितियों में वार्ड सदस्य और स्वास्थ्य विभाग के एएनएम शामिल हैं। उनके संयुक्त बैंक खाते से मिलने वाली राशि से बस स्टैंड, प्रमुख चौराहों और बाजार स्थलों पर मटकों में ठंडा पानी उपलब्ध कराया गया है। स्थानीय लोगों की देखरेख में लगाए गए इन प्याऊ से राहगीरों को गर्मी से बड़ी राहत मिल रही है। ग्रामीणों द्वारा इस व्यवस्था की प्रशंसा भी की जा रही है। यह सुविधा पूरे गर्मी के मौसम तक जारी रहेगी। शहरी क्षेत्रों में भीषण गर्मी को देखते हुए नगर आयुक्त अनुराग कुमार (भा.प्र.से.) ने सभी प्रमुख चौक-चौराहों पर पनशाला की व्यवस्था सुनिश्चित कराई है। नगर निगम क्षेत्र में कार्यरत सभी स्वयं सहायता समूहों को लू से बचाव के उपायों की जानकारी देने का भी निर्देश दिया गया है।



## तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह(औरंगाबाद)।** गोह पुलिस ने थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों से तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष मोहम्मद इरशाद ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों में थाना मुख्यालय के न्यू एरिया निवासी मनीष राज को माता-पिता के साथ मारपीट करने के मामले में गिरफ्तार किया गया है। वहीं अंकुरी गांव से मारपीट के पूर्व कांड में मुकेश राम व कविंद्र राम को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार तीनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया है।

## सीनियर सिटीजन ने निकाला कैंडल मार्च

**सासाराम।** सीनियर सिटीजन वेलफ़ेयर सोसाइटी नेआतंकवादियों द्वारा पहलगाम में 28 पर्यटकों को धार्मिक भेद के आधार पर की गई हत्या के विरोध में आक्रोशित होकर कैंडल मार्च निकाला।

# गया में 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025' की जोरशोर से तैयारियां, डीएम ने दिए कड़े निर्देश

### प्रधानमंत्री करेंगे उद्घाटन, बिहार में पहली बार हो रहा आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025' के भव्य आयोजन को लेकर गया जिले में तैयारियां अंतिम चरण में हैं। जिला पदाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम ने शुक्रवार को बिपार्ड सभागार में वरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। यह प्रतिष्ठित आयोजन 3 से 15 मई तक बिहार के पांच जिलों में होना है जिसमें गया की भूमिका प्रमुख रहेगी। जिले में बिपार्ड और आईआईएम के दो प्रमुख स्थलों पर सात पारंपरिक व आधुनिक खेल–मलखंब, कालारिपायत्तु, योगासन, गटका, खो-खो, टैंग-टा और स्विमिंग–आयोजित किए जाएंगे। लगभग 2200 खिलाड़ी और सहायक कर्मचारी इसमें हिस्सा लेंगे।

**तीन नियंत्रण कक्ष, 24x7 तैनाती**

गया कलेक्ट्रेट, बिपार्ड और आईआईएम में तीन नियंत्रण कक्ष बनाए गए हैं जिनमें 27 अप्रैल से तीन पालियों में कर्मी तैनात रहेंगे। इन नियंत्रण कक्षों में पेयजल, स्वास्थ्य, बिजली, फायर, सफाई और परिवहन विभाग के प्रतिनिधि हर समय मौजूद रहेंगे, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई हो सके।

**खिलाड़ियों के आवास और सुविधा पर विशेष ध्यान**

बिपार्ड और आईआईएम परिसर में 13 से 15 हॉस्टल को खिलाड़ियों के आवास के लिए चिन्हित किया गया है। हर हॉस्टल पर एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति की गई है। आवास व्यवस्था में साफ-सफाई, गुणवत्तापूर्ण भोजन, सुरक्षा और हाउसकीपिंग पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। गंगा जल की नियमित आपूर्ति और रोजाना बेडशीट व शौचालयों की सफाई की व्यवस्था की गई है।

**सुरक्षा और यातायात प्रबंधन के सख्त निर्देश**

नगर पुलिस अधीक्षक को पार्किंग, ड्रॉप गेट और सुरक्षा जांच बिंदु तय करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, जिला परिवहन पदाधिकारी को खिलाड़ियों के सुचारु आवागमन के लिए पर्याप्त वाहन और हेल्प डेस्क की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है। भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के साथ-साथ कैटरिंग मेनू भी फिक्स रखा जाएगा।

**बिहार के खेल भविष्य को नई दिशा**

डीएम ने कहा कि यह आयोजन बिहार के खेल बुनियादी ढांचे को नई दिशा देगा। इस राष्ट्रीय खेल महाकुंभ का उद्घाटन स्वयं प्रधानमंत्री द्वारा किया जाएगा। देशभर से आने वाले खिलाड़ी और अधिकारी इसे भारत के सबसे बड़े युवा खेल आयोजनों में शामिल करेंगे।

# नये कानूनों के ज्ञानाभाव से ग्राम कचहरियों के संचालन में बाधा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** ग्राम कचहरियों का कार्य नये कानूनों के ज्ञानाभाव के कारण संचालन में काफी बाधा हो रहा है। गौरतलब है कि केन्द्र सरकार द्वारा भारतीय दण्ड संहिता (आइपीसी) को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) में भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 एवं भारतीय दण्ड प्रक्रिया संहिता को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में तब्दील कर धाराओं को परिवर्तित कर दिए जाने के करीब एक वर्ष के उपरान्त भी आजतक ग्राम कचहरी में पदस्थापित सरपंचों, न्यायमित्रों, सचिवों को न तो नयी किताबें हीं उपलब्ध कराया गया है और न हीं आज तक नये कानूनों से संबंधित प्रशिक्षण ही दिया गया है। प्रशिक्षण एवं किताबों की अनुपलब्धता के कारण ग्राम कचहरी के संचालन में काफी कठिनाई हो रही है। हालांकि ग्राम कचहरियों के संचालन के लिए विधि व्यवसायी (न्याय मित्रों) की पदस्थापना की गई है परन्तु जो अधिवक्ता ग्राम कचहरी के अलावा अन्य न्यायालयों में क्रिमिनल केसों के प्रैक्टिस करते हैं उनके लिए कोई खास दिक्कत नहीं है, परन्तु जो न्याय मित्र केवल ग्राम कचहरियों पर ही निर्भर हैं उनके साथ किताबों एवं प्रशिक्षण का नहीं होना बड़ी बात हो गई है। इस संबंध में कई सरपंच, सचिव एवं न्याय मित्रों ने बताया कि सरकार को अविलंब हमलोगों के लिए नये कानूनों की किताबें एवं प्रशिक्षण की व्यवस्था करनी चाहिए।


## कार्यालय नगर पंचायत मझिआँव

Email : nagarpanchayatmanzhiaon@gmail.com

### आम सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के घटक–04 लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण के अंतर्गत मझिऑव नगर पंचायत क्षेत्रांतर्गत छुटे हुए वैसे योग्य लाभुक जो इस योजना का लाभ नहीं ले सके है या किसी अन्य कारण से लाभ से वंचित है वे निम्नलिखित Link अथवा QR Code के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन समर्पित करने के उपरान्त सभी संबंधित दस्तावेज कार्यालय के PMAY(U) कोशांग में समर्पित कर सकते है।

https://pmaymis.gov.in/PMAYMIS2_2024/PMAY_SURVEY/EligiblityCheck.aspx




**आवेदन हेतु पात्रता :**

- आवेदक अथवा उसके परिवार के नाम पर भारत में कही भी पक्का मकान नहीं होना चाहिए।
- योजना अंतर्गत लाभुक परिवार में पति, पत्नी एवं अविवाहित बच्चे शामिल होंगे।
- आवेदक का संबंधित निकाय क्षेत्र में अपना जमीन होना चाहिए।
- लाभार्थी आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के होंगे, जिनकी वार्शिक आय अधिकतम रू0 03 लाख हो।
- लाभुक मिशन के विभिन्न घटकों में से किसी एक घटक का ही लाभ ले सकते हैं।

**आवदेन हेतु आवश्यक दस्तावेज :**

- ✓ परिवारिक फोटो।
- ✓ लाभुक के सभी सदस्य की आधार कार्ड की छायाप्रति।
- ✓ मतदाता पहचान पत्र की छायाप्रति।
- ✓ बैंक खाता पासबुक की छायाप्रति।
- ✓ अपडेटेड मोबाईल नं0, जो आधार से Linked हो।
- ✓ भारत में कहीं भी पक्का मकान नहीं होने का शपथ–पत्र।
- ✓ आय प्रमाण पत्र।
- ✓ जमीन का रसीद।
- ✓ भू–स्वामित्व प्रमाण पत्र।
- ✓ अद्यतन Holding रसीद।

**उक्त संबंधित जानकारी हेतु लाभार्थी नगर पंचायत मझिऑव PMAY(U) कोशांग से सम्पर्क स्थापित कर सकते है।**

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत मझिऑव।

PR 351083 Urban Development(25-26)D


# महुआईन के ग्रामीणों ने स्कूल गेट पर जड़ा ताला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मदनपुर प्रखंड के मनिका पंचायत अंतर्गत महुआईन गांव के ग्रामीण धरने पर बैठ गए हैं। पीएम श्री योजना को राजकीय मध्य विद्यालय से हटाकर मनिका स्कूल में शिफ्ट करने का विरोध कर रहे हैं। अभिभावक और छात्रों ने स्कूल के गेट पर ताला जड़ दिया है। शिक्षकों को अंदर प्रवेश नहीं करने दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक इस स्कूल को पीएम श्री योजना से नहीं जोड़ा जाएगा तब तक धरना जारी रहेगा। मधु कुमारी ने बताया कि 1944 से इस गांव में स्कूल संचालित है। यहां दलित और पिछड़ा वर्ग के बच्चे पढ़ते हैं। स्कूल में कंप्यूटर लैब सहित अन्य सुविधाएं हैं। स्कूल शिफ्ट करने के विरोध में ग्रामीणों ने सुबह ही मेन गेट पर ताला जड़ दिया। किसी भी टीचर को अंदर नहीं जाने दिया। मौके पर शिक्षा विभाग के डीईओ और डीपीओ को बुलाने की मांग कर रहे हैं। प्रधानाध्यापक अशोक कुमार ने बताया कि मनिका स्कूल का चयन पीएम श्री योजना के तहत हुआ है। विभाग की ओर से आसपास के स्कूलों में पढ़ने वाले छठी से आठवीं क्लास के बच्चों को उक्त विद्यालय में शिफ्ट करने की अधिसूचना जारी की गई। इसकी जानकारी मिलने पर ग्रामीण भड़क गए और स्कूल के गेट पर ताला जड़ दिया। विद्यालय में कुल 214 बच्चे नामांकित हैं। प्रतिदिन 170 से 175 बच्चे पढ़ने आते हैं। छठी से आठवीं वर्ग में लगभग 140 छात्र-छात्राएं हैं जिन्हें मनिका विद्यालय में शिफ्ट करने का आदेश विभाग द्वारा प्राप्त हुआ है। वहीं, बीइओ संजीव कुमार ने बताया कि विभाग के आदेश के बाद ही बच्चों को उक्त स्कूल में भेजा जा रहा है। ग्रामीण इसका विरोध कर रहे हैं। मामले की जानकारी वरीय अधिकारियों को दी गई है।



## जन सुराज पार्टी की बैठक में प्रशांत किशोर के आगमन की तैयारियों पर मंथन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नबीनगर(औरंगाबाद)।** जन सुराज पार्टी की महत्वपूर्ण बैठक आज नबीनगर कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता लव कुमार सिंह ने जबकि संचालन दिवाकर सिंह चंद्रवंशी ने किया। इस अवसर पर नबीनगर के प्रवक्ता पवन सिन्हा, उपाध्यक्ष अजय कुमार सिंहा, उपाध्यक्ष पप्पू ठाकुर, उपाध्यक्ष अशोक सिंह चंद्रवंशी, किसान प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र कुमार गुप्ता, राम कुमार चंद्रवंशी, इकरार अहमद, केशवर रजक, बैजनाथ यादव, राजेंद्र यादव सहित पार्टी के कई सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में अध्यक्ष लव कुमार सिंह ने बताया कि जन सुराज पार्टी के सूत्रधार और बिहार को नई दिशा देने वाले नेता प्रशांत किशोर का आगमन 28 अप्रैल को ओबरा की पावन भूमि पर होने जा रहा है। इसको लेकर एक भव्य आमसभा का आयोजन किया गया है। अध्यक्ष ने नबीनगर के सभी ग्रामीणों से अपील की कि वे भारी संख्या में ओबरा पहुंचकर आमसभा में शामिल होकर प्रशांत किशोर की बातों को सुनें और बिहार को विकसित बनाने की इस मुहिम में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें।

## दो दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, जमुहार के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग द्वारा रोहतास जिले के अकोढ़ीगोला प्रखंड अंतर्गत राजकीय मध्य विद्यालय, चांदी में दो दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी के मुताबिक 24 और 25 अप्रैल को मध्य विद्यालय, चांदी के विभिन्न कक्षाओं के लगभग 200 छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य की जांच करने के उपरांत चिकित्सकों द्वारा उन्हें उपयुक्त सलाह दिया गया। इस दौरान छात्रों को मुंह की स्वच्छता, शारीरिक कार्य शीलता, पोषण आदि से संबंधित जानकारी प्रदान की गई तथा उन्हें शारीरिक रूप से जो भी समस्याएं थी उसकी जांच करके उचित सलाह दिया गया। इस स्वास्थ्य शिविर को संचालित करने में कम्युनिटी मेडिसिन के विभाग अध्यक्ष डॉक्टर नीपेंद्र आनंद, वरीय शिक्षक डॉक्टर नवीन कुमार, डॉक्टर राहुल चंद्रा, डॉक्टर श्वेता सुमन एवं डॉ ज्योति कुमारी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जबकि कम्युनिटी मेडिसिन विभाग में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे चिकित्सा इंटर्न एवं कनीय चिकित्सकों ने स्वास्थ्य शिविर को सफल बनाया।


## बिहार सरकार

### पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, औरंगाबाद

**निविदा आमंत्रण संख्या–01/2025–26**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत पुलिस प्रतिष्ठानों/थानों एवं कार्यालयों में उपयोग किये जाने वाले विभिन्न प्रकार के उपस्कर सामाग्री हेतु वित्तीय वर्ष–2025–26 के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है,

जो कोई भी निबंधित फर्म या पार्टी क्रेडिट पर सामान की आपूर्ति करना चाहते है वे अपना निविदा सीलबंद लिफाफे में भरकर अधोहस्ताक्षरी के उपस्कर शाखा, पुलिस केन्द्र, औरंगाबाद कार्यालय में दिनांक–12.05.2025 समय– 04.00 बजे अपराह्न तक कार्यालय अवधि में निम्नांकित शर्तो के साथ जमा कर दें।

**निविदा जमा करने की अंतिम तिथि– 12.05.2025 समय– 04.00 बजे अपराह्न तक निविदा खोलने की तिथि–समय– 13.05.2025 बजे पूर्वाह्न।**

**निविदा की विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।**

PR. No. 001910 ( Police ) 2025-26

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

पुलिस अधीक्षक, औरंगाबाद



## कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

ज्ञापांक......................../दिनांक........................

### आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 का होल्डिंग टैक्स 30 जून 2025 के पहले जमा करने पर मेदिनीनगर नगर निगम द्वारा करदाताओं को कर (वर्तमान वित्तीय वर्ष) में अधिकतम 15 प्रतिशत तक की छूट देय है, जो निम्न प्रकार है :–

इसके अतिरिक्त :–

- होल्डिंग महिला के नाम होने से 5 प्रतिशत की छूट।
- वरिष्ठ नागरिक होने से 5 प्रतिशत की छूट।
- स्वयं कार्यालय में आकर जमा करने पर 2.5 प्रतिशत की छूट।
- भारतीय सेना में काम करने वाले को 5 प्रतिशत की छूट।
- ट्रांसजेंडर होने पर 5 प्रतिशत की छूट।
- दिव्यांग होने पर 5 प्रतिशत की छूट।
- यह छूट केवल आवासीय धृतियों पर लागू होगी।
- Online (https//suda.jharkhand.gov.in) जमा करने पर 5 प्रतिशत की छूट।

साथ ही वैसे लोग मेदिनीनगर नगर निगम अन्तर्गत नये/पुराने/प्लॉट/व्यापारी वर्ग/गैर व्यापारी वर्ग जिन्होने अब तक अपने आवासीय/गैर आवासीय भवनों का Holding Tax जमा नहीं किया है या गलत तरीके से अपने आवासीय/व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का Assessment कराया है या कई वर्षो से Holding Tax का बकाया राशि अब तक जमा नहीं किया है वैसे सभी होल्डिंगधारी को निदेशित किया जाता है कि आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 20 दिनों के अंदर गलत तरीके से किये गये Assessment को Re-Assessement करा लें एवं Trade License/Holding Tax का बकाया मेदिनीनगर नगर निगम कार्यालय में स्वतः जमा करें अन्यथा उक्त तिथि बीत जाने के उपरांत स्थलीय निरीक्षण के क्रम में जाँचोपरांत दोषी पाये जाने पर होल्डिंगधारकों पर नियमानुसार अर्थ दण्ड शुल्क की वसुली एवं झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम 2011 के सुसंगत धाराओं के तहत् मेदिनीनगर नगर निगम द्वारा कार्रवाई की जायेगी। जिसके लिए नये प्लॉट/पुराने प्लॉट/व्यापारी वर्ग/गैर व्यापारी वर्ग जिन्होने अब तक अपने आवासीय/गैर आवासीय मकान मालिक स्वंय जिम्मेवार या दोषी माने जायेंगे।

ह0/–
सहायक नगर आयुक्त
मेदिनीनगर नगर निगम।

PR 351026 (District) 25-26 (D)

संपादकीय

# 'बिहारी फर्स्ट' के सियासी मायने

देश में वक्फ बोर्ड कानून के खिलाफ मुसलमानों के विरोध, कश्मीर में आतंकी हमले और संवैधानिक संस्थाओं के बीच हो रहे आरोप-प्रत्यारोप के बीच बिहार की राजनीति कुछ अलग रास्ते पर ही चल रही है। राज्य में छह माह बाद विधानसभा चुनाव होने हैं। लेकिन महागठबंधन से ज्यादा एनडीए में घमासान नजर आ रहा है। यह स्थिति तब है कि जब राज्य के वर्तमान राजनीतिक हालात को देखते हुए नीतीश के नेतृत्व में एनडीए की जीत की संभावना ज्यादा है। एनडीए की बाजी के मुख्य खिलाड़ी राष्ट्रीय जनता पार्टी के (रा) के मुखिया एवं केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान हैं। चिराग ने विस चुनाव से पहले नया नारा 'बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट' नारा देकर एनडीए के सहयोगी दलों में खलबली मचा दी है। सभी पार्टियां पासवान के इस दांव को बूझने की कोशिश कर रहीं हैं कि चिराग की असली महत्वाकांक्षा क्या है? क्या वो सीएम पद के दावेदार हैं? अगर ऐसा है तो नीतीश के नेतृत्व में चुनाव लड़ने के वादों का क्या हुआ? या फिर यह केवल दबाव की राजनीति है? गौरतलब है कि चिराग ने पासवान ने हाल ही में एक न्यूज चैनल को दिए इंटरव्यू में कहा कि मेरा ध्यान बिहार पर है, बिहार मुझे बुला रहा है। 'उनकी इस टिप्पणी को भाजपा और जनता दल (यू) के खेमों में सीट बंटवारे के लिए दबाव बनाने की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है। दरअसल चिराग की पार्टी, एलजेपी (रा) विधानसभा चुनाव में 40 सीटों पर अपना दावा ठोक रही है। चिराग ने अपने 'बिहार फर्स्ट' के नजरिए को रेखांकित करते हुए कहा था कि मैं 14 करोड़ बिहारियों की बात करता हूँ। बिहार से बाहर निकलकर बिहारी हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं।' उन्होंने अपनी पार्टी की रणनीति में महिलाओं और युवाओं (महिला और युवा फॉर्मूला) को विशेष महत्व देने की बात भी कही। हालांकि, चिराग ने यह भी स्पष्ट किया है कि वह इस बार विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे, लेकिन उनकी नजर 2030 के चुनावों पर हो सकती है। एक एलजेपी (रा) नेता ने बताया कि चिराग की हालिया बिहार-केंद्रित टिप्पणियाँ उनकी पार्टी के लिए सम्मानजनक सीट हिस्सेदारी हासिल करने की रणनीति का हिस्सा हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में चिराग की पार्टी ने बिहार में सभी पांच सीटें जीतकर शानदार वापसी की थी, जबकि एनडीए के बड़े सहयोगी भाजपा और जद (यू) ने क्रमशः 12-12 सीटें जीती थीं। भाजपा और जेडीयू नेता भी चिराग के बयानो को सीटों के मोलभाव के रूप में देख रहे हैं। इसमें शक नहीं कि कोई भी पार्टी सीटों का मोलभाव तभी कर पाती है, जब उसका वोट शेयर कम से कम 15 प्रतिशत हो। चिराग की पार्टी ने यह खेल 2020 के विस चुनाव में किया था, जब उनकी पार्टी जेडी यू के लिए वोट कटवा साबित हुई थी। परिणामस्वरूप जेडी यू चुनाव में नंबर दो पार्टी बनकर रह गई थी। तब माना गया था कि इसके पीछे असली खेल भाजपा का था, जो नीतीश को उनकी हैसियत दिखाना चाहती थी। इसीलिए पहले चिराग को एनडीए से अलग करवाया गया और उनके जरिए नीतीश पर हमले करवाए गए हैं। हालांकि इस बार नीतीश एनडीए से अलग होकर चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। इसलिए इस बात की संभावना ज्यादा है कि वो ज्यादा सीटें हासिल करने के लिए इस रणनीति पर काम कर रहे हों। उधर बिहार के उपमुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता विजय कुमार सिन्हा ने चिराग का नाम लिए बिना कहा कि कोई अभिनेता बिहार का मुख्यमंत्री नहीं बनेगा। केवल जमीनी नेता ही इस पद के हकदार हैं। बहरहाल राजनीतिक प्रेक्षकों की नजरें बिहार में चिराग की अगली चालों पर है।

# खूबसूरत कश्मीर की खूनी दास्तान

**कश्मीर जहाँ कभी सिर्फ वादियों की खामोशी और झीलों की शांति बसी थी, 1980 के दशक के बाद आतंकवाद की चपेट में आ गया। इस कालखंड में पाकिस्तान प्रायोजित उग्रवादियों ने घाटी में कट्टरपंथी विचारधारा का बीज बोना शुरू किया। धार्मिक उन्माद और अलगाववादी सोच को हवा दी गई, जिससे कश्मीर के युवाओं को यह भ्रमित कर भड़काया गया कि भारत उनका दमनकारी है और पाकिस्तान उनका संरक्षक। इस भ्रामक प्रचार के प्रभाव में आकर अनेक युवा बंदूकें उठाने लगे और 'जिहाद' के नाम पर हिंसा फैलाने लगे। यह सब कुछ उस ज़मीन पर हुआ जो कभी सूफियों और संतों की सांझी विरासत की मिसाल हुआ करती थी।**

**नृपेन्द्र अभिषेक नृप**

1990 के दशक में आतंकवाद ने विकराल रूप ले लिया। सबसे भयावह दृश्य तब देखने को मिला जब सैकड़ों कश्मीरी पंडितों को जान बचाकर घाटी से पलायन करना पड़ा। यह पलायन केवल एक सांस्कृतिक समूह का विस्थापन नहीं था, बल्कि कश्मीर की साझी संस्कृति पर एक करारा आघात था। उस दौर में मुठभेड़ों, बम धमाकों और अपहरणों की घटनाएँ आम हो गई थीं। भारत सरकार और सुरक्षाबलों ने भरपूर प्रयास किए, मगर स्थायी समाधान बना रहा, कभी राजनीतिक नेतृत्व के अभाव में, तो कभी स्थानीय समर्थन के न मिलने के कारण।

5 अगस्त 2019 को भारत सरकार ने ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया। जम्मू-कश्मीर से उसका विशेष राज्य का दर्जा समाप्त कर उसे दो केंद्रशासित प्रदेशों, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में बाँट दिया गया। सरकार का तर्क था कि यह कदम आतंकवाद, अलगाववाद और भ्रष्टाचार पर रोक लगाने की दिशा में निर्णायक होगा। प्रारंभ में कठोर सुरक्षा उपाय किए गए, इंटरनेट बंद कर दिया गया, नेताओं को नजरबंद किया गया और जनसभाओं पर रोक लगाई गई। घाटी में कुछ समय के लिए अपेक्षाकृत शांति बनी रही। हालाँकि, जैसे-जैसे समय बीता और जनजीवन सामान्य होता गया, छिटपुट आतंकी हमलों ने फिर सिर उठाना शुरू कर दिया। यह स्पष्ट हो गया कि केवल संवैधानिक बदलाव काफी नहीं हैं आतंकवाद की जड़ें कहीं गहरी हैं और समाधान केवल सुरक्षा के सहारे संभव नहीं, बल्कि राजनीतिक, सामाजिक और वैचारिक स्तर पर भी लड़ाई लड़नी होगी। कश्मीर को फिर से अपने मूल रूप में लाने के लिए बहुआयामी प्रयासों की आवश्यकता है।

**1. पाकिस्तान का हस्तक्षेप: अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत को घेरने की कोशिश-** पाकिस्तान ने कश्मीर मुद्दे को दशकों से अपनी विदेश नीति का केन्द्रीय बिंदु बना रखा है। वह समय-समय पर संयुक्त राष्ट्र, इस्लामिक सहयोग संगठन (OIC) और अन्य वैश्विक मंचों पर इसे उठाकर भारत पर अंतरराष्ट्रीय दबाव बनाने का प्रयास करता है। हालांकि अधिकांश देश अब कश्मीर को भारत का आंतरिक मामला मानते हैं, लेकिन पाकिस्तान की कोशिशें थमी नहीं हैं। इससे अधिक चिंताजनक बात यह है कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ISI अब भी सीमा पार आतंकवाद को बढ़ावा देती है। वह आतंकी संगठनों जैसे जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा और हिज्बुल मुजाहिदीन को प्रशिक्षण, हथियार और फंडिंग उपलब्ध कराकर भारत विरोधी गतिविधियों को हवा देती है। सोशल मीडिया और ऑनलाइन प्लेटफार्मों के माध्यम से कश्मीर के युवाओं को बरगलाने की रणनीति अब और अधिक परिष्कृत हो गई है।

**2. स्थानीय असंतोष: कट्टरपंथ की ओर धकेलता मनोविज्ञान-** कश्मीर में वर्षों से चली आ रही सामाजिक-आर्थिक विषमताएँ युवाओं को आतंक की ओर धकेलने में सहायक रही हैं। बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, विकास की असमानता और प्रशासन के प्रति अविश्वास ये सभी कारक युवाओं को असंतोष से भर देते हैं। जब राज्य या केंद्र सरकार की योजनाएं ज़मीन पर लागू नहीं होतीं या उनका लाभ वास्तविक पात्रों तक नहीं पहुँचता, तब समाज में निराशा का वातावरण पनपता है। इस परिस्थिति में जब आतंकी संगठन उन्हें 'सम्मान', 'उद्देश्य' और 'बदलाव' के झूठे सपने दिखाते हैं, तो कई युवा इस भ्रम में आ जाते हैं। यह कट्टरपंथ धीरे-धीरे समाज में हिंसा और विभाजन का बीज बोता है।

**3. प्राकृतिक एवं भौगोलिक चुनौती: दुर्गम सीमाओं की जटिलता-** कश्मीर की भौगोलिक बनावट भारत के सुरक्षा बलों के लिए एक बड़ी चुनौती है। बर्फीली चोटियाँ, घने जंगल, और ऊँचाई पर बसी बस्तियाँ सीमापार निगरानी को कठिन बना देती हैं। LOC (लाइन ऑफ कंट्रोल) पर स्थित गाँवों के रास्ते से कई बार आतंकी आसानी से घुसपैठ कर जाते हैं। मौसम की प्रतिकूलता और संचार की बाधाएँ इस निगरानी को और भी जटिल बना देती हैं। हालांकि आधुनिक तकनीक जैसे सैटेलाइट सर्वे, ड्रोन और मोशन डिटेक्शन उपकरण का प्रयोग हो रहा है, फिर भी हर प्रवेश मार्ग पर सख्त नियंत्रण कायम करना एक सतत और कठिन प्रक्रिया बनी हुई है।

**4. स्थानीय समर्थन की कमी: सुरक्षा तंत्र की कमजोर कड़ी-** किसी भी आतंकवाद-विरोधी अभियान की सफलता जनता के सहयोग पर निर्भर करती है। कश्मीर में अनेक बार यह देखा गया है कि जब सुरक्षा बल किसी अभियान को अंजाम देते हैं, तो कुछ स्थानीय लोग प्रतिरोध करते हैं या पत्थरबाज़ी करते हैं। इससे न केवल अभियान में बाधा आती है, बल्कि सुरक्षा बलों को अनावश्यक हिंसा का सहारा लेना पड़ता है, जिससे और अधिक असंतोष जन्म लेता है। इस चक्र को तोड़ना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए संवाद, जागरूकता और प्रशासनिक विश्वास बहाली की आवश्यकता है। यदि स्थानीय समाज आतंक के विरुद्ध स्पष्ट रुख अपनाए और सुरक्षा एजेंसियों को सूचनाएँ दे, तो आतंकी नेटवर्क को तोड़ना संभव हो सकेगा।

**5. पहलगाम हमला और इसके संकेत: सॉफ्ट टारगेट्स पर बढ़ता खतरा-** पहलगाम, कश्मीर घाटी का एक सुंदर, शांत और विश्वविख्यात पर्यटन स्थल है। वर्षों से यहाँ लाखों पर्यटक आते रहे हैं, जिससे न केवल राज्य की अर्थव्यवस्था को लाभ हुआ, बल्कि घाटी के प्रति देश और विश्व में सकारात्मक धारणा बनी। हालिया आतंकी हमला न केवल निर्दोष नागरिकों की जान लेने का प्रयास था, बल्कि इसकी गूढ़ रणनीति भी स्पष्ट है, कश्मीर को असुरक्षित दर्शाना, भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बदनाम करना, और स्थानीय पर्यटन एवं रोजगार को ध्वस्त करना। यह हमला यह भी दर्शाता है कि आतंकवादी अब सैन्य ठिकानों या बड़े सुरक्षा प्रतिष्ठानों की बजाय 'सॉफ्ट टारगेट्स' जैसे पर्यटक, गैर-कश्मीरी मज़दूर और छोटे व्यापारी को निशाना बना रहे हैं। इसका उद्देश्य डर और भ्रम का वातावरण बनाना है, ताकि विकास की गति रुके और कश्मीर फिर से हिंसा की गिरफ्त में आ जाए।

कश्मीर की समस्या केवल आतंकवाद और अलगाववाद तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक समग्र सामाजिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक और आर्थिक चुनौती है, जिसका समाधान केवल सैन्य बल या कठोर नीतियों से संभव नहीं। इसके लिए बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है, जिसमें सुरक्षा के साथ-साथ सामाजिक समावेश, आर्थिक अवसर, राजनीतिक भागीदारी और सांस्कृतिक पुनर्जीवन शामिल हो।

**1. सुरक्षा ढांचे का आधुनिकीकरण: नवाचार की ज़रूरत-** कश्मीर जैसे संवेदनशील क्षेत्र में सुरक्षा केवल हथियारबंद बलों की उपस्थिति तक सीमित नहीं रह सकती। बदलते समय और आतंकवाद के नए स्वरूप को देखते हुए, हमें निगरानी और प्रतिक्रिया की प्रणाली को आधुनिक बनाना होगा। ड्रोन तकनीक, सैटेलाइट इमेजिंग, थर्मल स्कैनिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित निगरानी प्रणाली—इन सभी का समुचित उपयोग आतंकवाद की शुरुआती पहचान और रोकथाम में सहायक हो सकता है। साथ ही, साइबर इंटेलिजेंस और डार्क वेब पर निगरानी जैसे उपाय आतंकी फंडिंग और भर्ती नेटवर्क को निष्क्रिय कर सकते हैं।

**2. युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ना: शिक्षा और रोजगार की चाबी-** कश्मीर के युवाओं के हाथ में जब बंदूक की जगह किताब और कलम आएगी, तभी घाटी में स्थायी शांति संभव होगी। आज की आवश्यकता है कि युवाओं को सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर दिया जाए। इसके लिए स्टार्टअप योजनाएं, स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम, पर्यटन क्षेत्र में प्रशिक्षण, कृषि आधारित उद्योग, हस्तशिल्प को बढ़ावा, और डिजिटल सेवाओं से जुड़ी नौकरियाँ सृजित की जानी चाहिए। इससे न केवल युवाओं का आर्थिक सशक्तिकरण होगा, बल्कि वे कट्टरपंथ की राह से भी दूर रहेंगे।

**3. संवाद और सांस्कृतिक पुनर्जागरण: 'कश्मीरियत' की पुर्नस्थापना-** कश्मीर की आत्मा उसकी 'कश्मीरियत' में निहित है—जो सहिष्णुता, विविधता और मेल-मिलाप की संस्कृति को दर्शाती है। बीते दशकों में यह भावना विस्मृत हो गई है। उसे पुनर्जीवित करना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए राज्य सरकार और नागरिक संगठनों को स्थानीय पर्वों, सूफी संगीत, कला, हस्तशिल्प मेलों, कवि सम्मेलनों और सांस्कृतिक उत्सवों का आयोजन करना चाहिए। इससे समाज में मेल-जोल बढ़ेगा, युवाओं को अपनी जड़ों से जोड़ने का अवसर मिलेगा और आतंकवाद की कट्टर विचारधारा को चुनौती मिलेगी।

**4. पाकिस्तान को बेनकाब करना: वैश्विक स्तर पर सशक्त रणनीति-** भारत को पाकिस्तान की दोहरी नीति—जहां वह एक ओर शांति की बात करता है और दूसरी ओर आतंकवाद को समर्थन देता है—को वैश्विक मंचों पर लगातार उजागर करना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र, G-20, SCO जैसे मंचों पर पाकिस्तान की भूमिका को प्रमाण सहित सामने लाना और FATF जैसे संस्थानों में उसकी निगरानी बनाए रखना आवश्यक है।

**5. निष्पक्ष शासन और पारदर्शी प्रशासन:** कश्मीर में दशकों से चली आ रही प्रशासनिक उदासीनता और भ्रष्टाचार ने स्थानीय जनता के विश्वास को गहरा आघात पहुँचाया है। इसे पुनः प्राप्त करने के लिए ई-गवर्नेंस को व्यापक स्तर पर लागू करना चाहिए। लाभार्थी योजनाओं की निगरानी, ऑनलाइन शिकायत निवारण तंत्र, ग्राम स्तर पर पंचायत सशक्तिकरण और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया जैसे उपाय प्रशासनिक प्रणाली को जनता के प्रति जवाबदेह बनाएँगे। जब आम नागरिक यह देखेगा कि शासन निष्पक्ष और संवेदनशील है, तो उसका विश्वास धीरे-धीरे लौटेगा।

अध्यात्म

## बुरे विचारों को रोज दूर करें

रामकृष्ण परमहंस उन संतों में से थे, जिनका आचरण साधारण नहीं, बल्कि अलौकिक था। उनका व्यवहार सहज, ईश्वर के प्रेम में डूबा हुआ था। वे कभी भक्तिभाव में रोने लगते, कभी अचानक आनंद से झूमने लगते थे। कई बार मां काली की मूर्ति के सम्मुख समाधि की अवस्था में पहुंच जाते थे। उनके शिष्य यह भलीभांति जानते थे कि उनके गुरु हर कार्य अपने ही अद्भुत अंदाज में करते हैं। एक ऐसा काम था, जिसे परमहंसजी अत्यंत एकाग्रता और गहराई से करते थे, वह काम था उनका लोटा मांजना यानी साफ करना। परमहंसजी के पास एक साधारण पीतल का लोटा था, जिसका उपयोग वे केवल निजी कार्यों के लिए करते थे। किंतु वह लोटा उनके लिए केवल एक बर्तन नहीं था। वे दिन में तीन से चार बार उसे रगड़-रगड़ कर चमकाते। सुबह उठते ही और रात को सोने से पहले लोटा मांजना उनकी दिनचर्या का हिस्सा था। वे अंगूठे से भीतर-बाहर उसे इतनी लगन से मांजते कि उसमें प्रतिबिंब साफ दिखाई देने लगे। शिष्य प्रतिदिन यह दृश्य देखते और चकित होते, एक आत्मज्ञानी संत, जिनके लिए संसार का कोई आकर्षण नहीं, वह एक लोटे को इतनी लगन से क्यों साफ करते हैं? एक दिन शिष्यों ने पूछा कि - ÷गुरुदेव, ये लोटा तो हम भी साफ कर सकते हैं, फिर आप ही इसे इतनी तन्मयता से क्यों मांजते हैं? क्या यह कोई विशेष लोटा है?÷ रामकृष्ण परमहंस मुस्कराए, उनकी आंखों में करुणा और ज्ञान की चमक थी। उन्होंने कहा, ÷हां, ये लोटा विशेष है, क्योंकि ये मेरा मन है। मैं जब इस लोटे को मांजता हूं तो ये नहीं सोचता कि ये सिर्फ पीतल का बर्तन है। मैं इसे प्रतीक मानता हूं अपने मन का। जिस प्रकार इस पर दिन भर धूल जमती है, ठीक वैसे ही हमारे मन पर भी हर पल विचारों की गंदगी जमा होती रहती है। अगर मैं एक बार भी इसकी सफाई छोड़ दूं तो ये गंदा हो जाएगा, जैसे मन की गंदगी इंसान को भ्रमित कर देती है। लोटे को मांजते समय मैं खुद को याद दिलाता हूं कि अपने मन को भी इसी श्रद्धा, सतर्कता और नियमितता से साफ करना चाहिए, क्योंकि एक गंदा मन, हमें पाप की ओर धकेल सकता है। हमें न केवल अपने शरीर और आसपास की, बल्कि अपने मन की पवित्रता की भी चिंता करनी चाहिए। जब तक मन शुद्ध नहीं होगा, तब तक कर्म और भावनाएं भी पवित्र नहीं हो सकतीं। यदि मन पर ध्यान नहीं देंगे तो मन हमें पथभ्रष्ट कर सकता है। बाहरी सफाई के साथ ही हमें मन के नकारात्मक विचारों को दूर करते रहना चाहिए, तभी जीवन में सुख-शांति आ सकती है।

# सशक्त पंचायतों से ही बनेगा विकसित राष्ट्र

**भारत गांवों का देश है। यहां की बहुसंख्यक आबादी आज भी गांवों में रहती है। भारत के गांव ही देश की अर्थव्यवस्था की मुख्य धूरी है। इसीलिए कहा जाता है कि जब तक देश कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत नहीं होगी तब तक भारत विकसित राष्ट्र नहीं बन पाएगा। गांव में सुशासन स्थापित करने के लिए ही ग्राम पंचायत की स्थापना की गई थी। हमारे देश के नेताओं को ग्रामीण पृष्ठभूमि का पूरा ज्ञान था। इसलिए उन्होंने गांव के महत्व को समझकर ग्रामीण क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए पंचायती राज व्यवस्था की स्थापना की थी। उनको पता था कि जब तक गांव मजबूत नहीं होंगे तब तक देश मजबूत नहीं होगा। गांव को मजबूत करने के लिए यहां मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना सबसे महत्वपूर्ण कार्य था।**

**रमेश सर्राफ धमोरा**

आजादी के समय भारत के गांव बहुत पिछड़े हुए थे। देश के अधिकांश गांवों में मूलभूत सुविधाओं के नाम पर कुछ नहीं था। मगर आज गांवों की व्यवस्था भी बहुत कुछ बदल गई है। आज देश के बहुत से गांव में शहरों की भांति सुविधा देखने को मिल रही है। लेकिन आज भी देश में हजारों ऐसे गांव है जहां पर्याप्त मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पाई है। जब तक सरकार देश के सभी गांव में समान रूप से सुविधा उपलब्ध नहीं करवा पाएगी तब तक देश विकास की दौड़ में पूरी गति से शामिल नहीं हो पाएगा। हम आज पंचायती राज दिवस मना रहे हैं। हमारे देश में 2 अक्टूबर 1959 को पहली बार पंचायती राज व्यवस्था लागू की गई थी। 1993 में त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था को संवैधानिक दर्जा प्राप्त हुआ था।

राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस भारत में बहुत महत्व रखता है क्योंकि यह एक संवैधानिक इकाई के रूप में पंचायती राज प्रणाली की स्थापना का प्रतीक है। पंचायती राज प्रणाली भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसका उद्देश्य स्थानीय स्तर पर सत्ता और संसाधनों का विकेंद्रीकरण करना और सहभागी लोकतंत्र, सामाजिक न्याय और समावेशी विकास को बढ़ावा देना है। पंचायती राज प्रणाली जमीनी स्तर पर लोगों को निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में भाग लेने और उनके विकास का स्वामित्व लेने में सक्षम बनाती है, जो स्व-शासन और जवाबदेही को बढ़ावा देने में मदद करती है।

भारत गांवों का देश माना जाता है और गांव के विकास में पंचायतों की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होती है। चूंकि ग्राम पंचायतों के पंच व सरपंच सीधे ग्रामीणों द्वारा चुने जाते हैं। इसलिए निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का अपनी ग्राम पंचायत क्षेत्र के लोगों से सीधा संपर्क रहता है। ग्रामवासी भी अपनी समस्याएं सीधे पंचायत तक पहुंचा सकतें है। मगर ग्राम पंचायतों की स्थापना के इतने वर्षों के बाद भी अभी तक ग्राम पंचायतें वास्तविक रूप में सशक्त नहीं हो पाई है। ग्राम पंचायतें पूरी तरह राज्य सरकारों पर निर्भर है। कहने को तो ग्राम पंचायतों को बहुत सारे अधिकार प्रदान किए गए हैं। मगर आज तक भी अपने अधिकारों का ग्राम पंचायतें प्रयोग नहीं कर पाती है। आज भी देश की अधिकांश ग्राम पंचायतों में सरकारी अधिकारी, कर्मचारी प्रभावी रहते हैं।

ग्राम पंचायतों में आरक्षण व्यवस्था लागू होने के कारण बड़ी संख्या में महिलाएं पंच, सरपंच निर्वाचित होकर आती है। उनमें से कई महिलाएं तो वास्तव में बहुत अधिक पढ़ी लिखी होने के कारण पूरी जानकारी रखती है। इस कारण वह अपने अधिकारों का पूरा प्रयोग कर लेती है। मगर अधिकांशतः आरक्षण के कारण गांवो में प्रभावी नेता अपने परिवार की किसी महिला को पंच, सरपंच बनवा देते हैं। फिर उनके स्थान पर खुद नेतागिरी करते हैं। वहां की निर्वाचित महिलाएं मात्र कागजी जनप्रतिनिधि बन कर रह जाती है। बहुत से स्थानों पर तो महिला सरपंचों के हस्ताक्षर भी उनके स्थान पर काम करने वाले उनके परिजनों द्वारा ही कर दिए जाते हैं। ऐसी स्थिति में पंचायत राज व्यवस्था के मजबूत होने की तो कल्पना भी नहीं की जा सकती है। सरकार बार-बार परिपत्र जारी कर सरपंच के प्रतिनिधियों को पंचायतों के कार्यों में हस्तक्षेप करने से मना करती है। मगर धरातल में सरकार के परिपत्र मात्र कागजी बन कर रह जाते हैं।

देश में आज चाहे ग्राम पंचायत हो, पंचायत समिति हो या जिला परिषद हो। जहां भी महिला जनप्रतिनिधि निर्वाचित होकर आती है। उनके स्थान पर उनके परिजन ही कार्य करते देखे जा सकते हैं। सभी प्रदेशों की राज्य सरकारों को कड़ाई से इस पर रोक लगाई जानी चाहिए ताकि महिलाओं को भी अपने पद पर काम करने का मौका मिल सके। ग्रामीण क्षेत्रों में अक्सर देखने में आता है कि निर्वाचित पंच, सरपंच पंचायतों की बैठक में घूंघट निकाल कर बैठते हैं। क्योंकि वहां उनके ससुराल वाले बड़े परिजन की बैठे रहते हैं। आज देश शिक्षा के क्षेत्र में बहुत तरक्की कर रहा है। महिलाएं हर क्षेत्र में अपने काम से धूम मचा रही है। अब तो सेना को भी महिलाओं के लिए पूरी तरह खोल दिया गया है। ऐसे में जनप्रतिनिधियों का घूंघट निकाल कर बैठना सभ्य समाज के लिए किसी दुखद घटना से कम नहीं है। सरकार को ऐसी घटनाओं पर भी सख्ती बरतनी चाहिये।

पंचायती राज व्यवस्था के माध्यम से महिलाओं का जीवन बहुत प्रभावित हुआ है। सही मायने में पंचायती राज ने महिलाओं को समाज का एक विशेष सदस्य बना दिया है। लाखों महिलाऐं सार्वजनिक जीवन में आयी हैं। लेकिन अधिकतर निर्वाचित महिलाओं को निर्वाचक सदस्य होने के विषय में पूर्ण जानकारी भी नहीं है। अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता की कमी के कारण वह प्रभावी नहीं हो पाती हैं। तथा उन्हे यह भी ज्ञान नहीं होता है कि वह एक कुशल प्रशासक भी हो सकती हैं।

घूंघट में रहना लोकतंत्र और औरत जाति के लिए एक चुनौती है। समय के साथ बहुत कुछ बदल गया है लेकिन औरतो के प्रति लोगों की सोच अभी तक नहीं बदली है। राजनीति घूंघट में रह कर नहीं हो सकती। इसके लिए बेबाक होना पड़ता है। जब औरतें किसी कार्यक्रम में मंच पर घूंघट निकाल कर बैठेंगी तो वहां के हालात बड़े अजीबोगरीब हो जाते हैं। औरतों को अपने से कमतर मानने की सोच के चलते ही उन के चेहरे से परदा नहीं हट पा रहा है। लोकतंत्र की सबसे छोटी संसद पंचायती राज में हालांकि महिलाएं 50 फीसदी सीटों पर काबिज हैं। लेकिन इन महिला जनप्रतिनिधियों में से कई पढ़ी-लिखी होने के बाद भी ग्राम पंचायत की मिटिंगों में घूंघट में बैठी रहकर जुबान ही नहीं खोलतीं है।

क्या ऐसी स्थिति के लिए ही पंचायत राज को मजबूती देने का निर्णय किया गया था। क्या इक्कीसवीं सदी में प्रवेश करने के बाद भी हमारे देश की महिला जनप्रतिनिधियो को घूंघट की ओट में ही जीने को विवश होना पड़ेगा। यह एक बड़ा सवाल है जिसे ना सिर्फ प्रशासनिक अधिकारियो को गंभीरता से लेना पड़ेगा बल्कि राजनेताओं व प्रशासनिक अधिकारियों को भी सरपंच पतियो के बढ़ते हस्तक्षेप पर प्रभावी अंकुश लगाना होगा। औरतों के सिर से घूंघट हटाने के लिए लड़कियों के मातापिता को आगे आना होगा। उन्हें अपनी बेटियों की शादी उसी परिवार में करनी चाहिए जहां घूंघट का बंधन नहीं हो। घूंघट में रह कर औरतें अपनी जिंदगी के तानेबाने को कैसे बुन सकती हैं? घूंघट में रह कर राजनीति या समाजसेवा नहीं की जा सकती।

आज के समय में ग्राम पंचायते पैसे कमाने का जरिया बन गई है। पंचायत चुनाव में बड़ी मात्रा में पैसे खर्च होते हैं। चुनाव जीतने के बाद निर्वाचित सरपंच द्वारा जनसेवा के बजाय पैसे कमाने पर अधिक ध्यान दिया जाता है। इस कारण निर्वाचित जनप्रतिनिधि ग्राम पंचायत के सामाजिक सरोकार के कामों को भूल कर निर्माण कामों में व्यस्त हो जाते हैं। अपनी पंचायत में अधिक से अधिक निर्माण कार्य स्वीकृत करवाने के लिए सरपंच विधायकों, सांसदों के चक्कर काटते रहते हैं। जिस कारण वह उनके दबाव में काम करते हैं। पंचायती राज व्यवस्था को सही मायने में सशक्त बनाने के लिए सरकार को सभी प्रकार के निर्माण कार्य ग्राम पंचायतों से हटाकर संबंधित विभागों से करवाया जाना चाहिए ताकि सरपंच जनता से जुड़ कर उनकी समस्याओं का सही मायने में समाधान करवा सकें।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
दूसरों के मामलों में अनावश्यक राय न दें। कुछ बारीक गलतियाँ कर सकते हैं, जिनके कारण आपको बड़ा नुकसान झेलना पड़ सकता है।

**वृषभ**
आपके प्रतिद्वन्द्वी भी आपका सम्मान करेंगे। परिवार के साथ शॉपिंग के लिये जा सकते हैं। मनोबल में कमी के कारण काम में पूरा मन नहीं लगा पा रहे हैं।

**मिथुन**
आपको पुराने अनुभवों का लाभ मिलेगा। आपके व्यवहार में कुछ सकारात्मक परिवर्तन होंगे जिससे आपके परिजन काफी प्रसन्न होंगे।

**कर्क**
कार्यक्षेत्र में कुछ राजनीति का सामना करना पड़ेगा। अनावश्यक बातों को लेकर तनाव में हो सकते हैं। प्रेमी जन से अधिक बहस न करें।

**सिंह**
आपके सामने अचानक कई परेशानियाँ खड़ी हो सकती हैं। नये वाहन में कुछ खराबी आ सकती है। गूढ़ विद्याओं को सीखने के प्रति इच्छा जागृत होगी।

**कन्या**
दाम्पत्य सम्बन्धों में अविश्वास की भावना न आने दें। विद्यार्थियों को शिक्षकों का अपेक्षित सहयोग नहीं मिल पा रहा है। फिर भी पढ़ाई पर अधिक ध्यान देना चाहिये।

**तुला**
किसी बड़ी व्यावसायिक मीटिंग के लिये जा सकते हैं। अपनी प्रतिभा का जबरदस्त उपयोग कर पायेंगे। छोटे भाई बहनों को लेकर थोड़ी चिन्ता हो सकती है।

**वृश्चिक**
आज धन उधार न दें वरना वापस मिलने में कठिनाई हो सकती है। अपरिचितों पर विश्वास करने से बचना चाहिये। दूसरों के झगड़ों में पड़ने से बचें।

**धनु**
घर के नवीनीकरण की योजना बना सकते हैं। नयी सम्पत्ति खरीदने के योग बन रहे हैं। नकदी की समस्या हल हो सकती है। नया रोजगार शुरू करने के लिये दिन बहुत ही अच्छा है।

**मकर**
यात्रा के दौरान परेशानी महसूस होगी। विवाहेतर सम्बन्धों को लेकर आकर्षित हो सकते हैं। जोड़ों और घुटनों में दर्द की समस्या हो सकती है। रुका हुआ धन आपको वापस नहीं मिलेगा।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिये शुभ फलप्रदायक होने वाला है। विरोधी आपके सामने परास्त होंगे। घर परिवार की किसी समस्या का समाधान मिलेगा।

**मीन**
अचानक यात्रा करनी पड़ सकती है। उच्च पद पर आसीन लोगों को महत्वपूर्ण पेपर्स को सम्भालकर रखना चाहिये। अपने तौर-तरीकों में बदलाव ला सकते हैं।

# पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के विरोध में निकाला कैंडल मार्च

## मृतक के परिवारों के प्रति व्यक्त की संवेदना



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समस्तीपुर।** डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा के छात्रों, शिक्षकों, प्राध्यापकों, वैज्ञानिकों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के विरोध में कैंडल मार्च निकाला। मार्च में शामिल पदाधिकारियों ने इस हमले को कायरतापूर्ण व बर्बर कार्रवाई करार देते हुए घटना की निंदा की और उसमें मारे गये लोगों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। कैंडल मार्च के बाद सभी लोगों ने विश्वविद्यालय के सरस्वती गार्डन में पहलगाम हमले में मृत निर्दोष लोगों के आत्म की शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर अपने संबोधन में विश्वविद्यालय के कुलपति ने इस हमले की कड़ी निंदा की और मृतक के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि देश के सभी लोगों को आतंक के विरोध में अपनी एकजुटता दिखानी चाहिए। सभा के दौरान हमले में शहीद लोगों के लिए दो मिनट का मौन रखा गया और उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस दौरान छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने एक स्वर में आतंकवाद की निंदा की और शहीदों को श्रद्धांजलि दी। वहीं निदेशक छात्र कल्याण डॉ. रमण त्रिवेदी ने कहा कि यह कैंडल मार्च देश में शांति सद्भाव और सुरक्षा बनाए रखने के लिए एकजुटता का प्रतीक है। जबकि छात्रों ने इस तरह की आतंकवादी घटनाओं को देश की शांति और सुरक्षा के लिए खतरा बताया और कहा कि इसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करना आवश्यक है। छात्रों ने कहा कि उन्हें देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर पूरा भरोसा है और सरकार जल्द ही आतंकवादियों को ढूंढ ढूंढ कर सबक सिखायेगी।

# निदेशक ने किया बरौनी रिफाइनरी का दौरा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** रिफाइनरी निदेशक अरविंद कुमार ने दो दिवसीय बरौनी रिफाइनरी का दौरा किया। जिसमे बीआर-09 परियोजना की प्रगति की समीक्षा की। श्री कुमार का स्वागत कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख सत्य प्रकाश, कार्यकारी निदेशक (परियोजना एवं कोर ग्रुप) संजय रायजादा, कार्यकारी निदेशक (परियोजना) रिफाइनरी मुख्यलाय जयदीप चौधरी सहित वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा किया गया। दौरे का प्रमुख आकर्षण एवीयू-3 यूनिट के लिए इन-हाउस विकसित डिजिटल ट्विन एवं रियल-टाइम अप्टिमाइजर का शुभारंभ था। यह इंडियन अयल की रिफाइनरियों में रियल-टाइम अप्टिमाइजर का पहला कार्यान्वयन है। इसे एडवांस्ड प्रोसेस कंट्रोल के साथ एकीकृत किया गया है। जिसमें मडल-आधारित गुणवत्ता परिणामों को नियंत्रित मानदंड के रूप में उपयोग किया जा रहा है। यह पहल रिफाइनरी की संचालन क्षमता, सुरक्षा और सकल रिफाइनिंग मार्जिन में उल्लेखनीय सुधार लाने के लिए बनाई गई है।बीआर-09 परियोजना की समीक्षा के दौरान जिसमें महत्वपूर्ण पैकेजों के पीएमसी शामिल थे। श्री कुमार ने इसे राष्ट्रीय महत्व की परियोजना बताते हुए गुणवत्ता पूर्ण और समयबद्ध निष्पादन पर बल दिया। उन्होंने विशेष रूप से युवा अधिकारियों को जिज्ञासु और सक्रिय बने रहने के लिए प्रेरित किया। जिससे संयंत्रों की विश्वसनीयता में वृद्धि हो और जोखिमों की बेहतर पहचान के माध्यम से शून्य दुर्घटनाओं का लक्ष्य हासिल किया जा सके। बैठक में परिचालन उत्कृष्टता, सुरक्षा मानकों और रणनीतिक पहलों पर चर्चा की गई।

## वाहनों की हुई जांच

**नावकोठी।** थाने के कई क्षेत्रों में विशेष वाहन चेकिंग अभियान शुक्रवार को चलाया गया। इसका नेतृत्व थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने किया। उन्होंने इसफा पुल, छतौना पुल, समसा, पहसारा, पीरनगर, महेश वाड़ा में विशेष वाहन चेकिंग के दौरान दो पहिए, चार पहिये वाहन की गहन चेकिंग हुआ। इस क्रम में वाहनों के वांछित अभिलेखों, लाइसेंस, हेलमेट के अलावा संदिग्ध अपराधकर्मियों की भी तलाश की गयी। उन्होंने बताया कि थाने क्षेत्र में अपराध व अपराधिक गतिविधियों के नियंत्रण में इस तरह के चेकिंग से सुविधा मिलेगी।

## एक नजर

### मलेरिया से बचाव को लेकर जागरुकता अभियान

**शिवाजीनगर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के पीएचसी अस्पताल के बाहर मलेरिया बीमारी से बचाव को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। प्रभारी प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी अमित कुमार के अध्यक्षता में मलेरिया बीमारी के लक्षण एवं बचाव को लेकर जानकारी दिया गया। प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर लोगों को जागरूक किया जा रहा है और उन्होंने कहा कि जागरूकता ही मलेरिया बीमारी से बचाव है। घरों के आसपास साफ सफाई रखें, जल जमाव न होने दें, और मच्छरदानी का उपयोग करें। जागरूकता अभियान के दौरान रोकथाम को लेकर उपस्थित डाक्टरों ने अपना अपना विचार रखा। मौके पर पीएचसी प्रभारी अमित कुमार, डा डी के पांडे, स्वास्थ्य प्रबंधक मो अमानुल्लाह, यूनिसेफ बीएमसी बिक्रम कुमार चौधरी, ब्लॉक अनुश्रवण अमोद ठाकुर, लिपिक दीपक कुमार, फार्मासिस्ट बीरेंद्र कुमार, एनएम सुमन कुमारी, एस टी एफ सचिन कुमार अनारूल हुक आदि थे।

### बच्चों को दी गई शिक्षण सामग्री

**शिवाजीनगर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बैंक ऑफ़ इंडिया बहेरी शाखा द्वारा प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय कलवारा के कक्षा एक से पांच तक के छात्र छात्राओं के बीच शिक्षण सामग्री का वितरण किया गया। जिसमें औजार बॉक्स और अन्य शिक्षण सामग्री शामिल थे शिक्षण सामग्री पाकर विद्यालय के छात्र छात्रा काफी खुश थे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक बाल मुकुंद सिंह ने शाखा प्रबंधक विवेक चंद्र को आभार व्यक्त किया। मौके पर प्रधानाध्यापक बाल मुकुंद सिंह बैंक कर्मी राम दयाल महतों,शिक्षक रमनजी मंडल, मिनुतुल्लाह रहमानी, सुरेंद्र मांझी, उदय कुमार सिंह, दीपक कुमार, राहुल कुमार, संतोष कुमारी, कुमारी अनीसा, सैल कुमारी, नवजोत कौर, कामनी कुमारी, संगीता कुमारी, प्रेम कुमार उपस्थित थे।

### बागीचे से युवक का शव बरामद

**समस्तीपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पूसा थाना क्षेत्र के मोरसंड गांव के एक आम बगीचे में एक युवक का शव पाये जाने की खबर से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शुक्रवार की सुबह उधर से गुजर रहे लोगों ने उक्त शव को देखा तो शोर मचाया और इसी बीच पुलिस को भी सुचना दी। सूचना मिलते ही पूसा थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर घटनास्थल को सुरक्षित कर जांच पडताल में जुट गई है। इस बाबत मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान कर्पूरी ग्राम थाना क्षेत्र के पंचरूखी निवासी महेश्वर राम के 27 वर्षीय पुत्र गौतम कुमार के रूप में की गई है। मृतक के पिता व परिजनों के मुताबिक बृहस्पतिवार की देर शाम करीब 8:30 बजे समस्तीपुर जाने की बात कह कर निकला था। वहीं पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज दी। वहीं इसकी सूचना पुलिस के वरीय पदाधिकारी को दे दी गई है। इस बाबत जानकारी देते हुए एएसपी संजय पाण्डेय ने बताया है कि मृतक के गले पर कुछ निशान दिखे हैं। एफएसएल की टीम मामले की जांच में शामिल हो गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट रूप से कुछ कहा जा सकता है।

### पहलगाम हमले के विरोध में मुस्लिमो ने किया प्रदर्शन

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शुक्रवार को जिले के मंसुरचक प्रखंड के आलमनगर मस्जिद में जुम्मे की नमाज के बाद सैकड़ो मुसलमानों ने प्रदर्शन किया। पहलगाम में आतंकवादी हमले के खिलाफ जुम्मे की नमाज के बाद सैकड़ों मुसलमान ने पाकिस्तान प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया। मुसलमानो ने सेना प्रमुख के पुतले पर जमकर जूता चप्पल बरसते हुए पुतला दहन किया। देश के प्रधानमंत्री और गृह मंत्री से मांग किया कि मुसलमान को हथियार देकर सरकार आतंकवादियों का अड्डा बताएं। जहां भारत के मुसलमान जाकर उस आतंकवादियों का खात्मा कर सके। दरअसल पहलगाम में आतंकवादियों के द्वारा 26 निर्दोष सैलानियों की बेहरमी से हत्या कर दी। इसको लेकर पूरे देश में उबाल है। विपक्ष भी एक साथ है। अब देश के मुसलमान भी आतंकवाद के खिलाफ सड़कों पर उतरे हैं । इस दौरान पाकिस्तान मुर्दाबाद हिंदुस्तान जिंदाबाद प्रधानमंत्री मोदी आगे बढ़ो हम तुम्हारे साथ हैं के नारे लगाए। बाद में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री और सेना प्रमुख पर चप्पल बरसाते हुए पुतला जलाया। मस्जिद के इमाम मुफ्ती सनाउल्लाह ने कहा कि वह भारत के प्रधानमंत्री और गृह मंत्री अमित शाह से मांग करते हैं कि वह मुसलमान को हथियार दे और आतंकवादियों का अड्डा बताएं। हमलोग आतंकवादियों का खात्मा करेंगे। इमाम ने शायरी कहते हुए कहा कि भारत को जब-जब खून की जरूरत पड़ी तो सबसे पहले गरदन हमारी कटी है। हमारे भारतीयों का नाम पूछ कर चुनचुन का जो मारा गया है। वह काफी निंदनीय है।

### युवक का शव बरामद

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मटिहानी थाना क्षेत्र के खरीदी गांव में गुरुवार की रात शादी समारोह में भोज खाने के लिए निकले युवक का शव पुलिस ने बरामद किया। शुक्रवार की सुबह गांव के बाहर केला के बगान से संदिग्ध अवस्था में बरामद किया गया है। बताया जाता है की खरीदी गांव निवासी लक्ष्मी राम का 28 वर्षीय पुत्र डब्लू राम गुरुवार की रात करीब 7:30 बजे अपनी पत्नी को शादी में भोज खाने की बात कह कर निकला था। रात करीब 8:30 बजे अपनी पत्नी से फोन पर बात हुई थी। उसके बाद वह ना घर वापस आया ना ही उसका फोन रिसीव हुआ ।घर वापस नहीं आने पर परिजन उसकी खोजबीन कर रहे थे। आज सुबह गांव के बाहर केला बगान में उसका शव बरामद किया गया है। घटना की सूचना मिलते ही प्रभारी सदर डीएसपी 2 इमरान अहमद मटिहानी थाना पुलिस के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर पूरे मामले की जांच पड़ताल की। शव के शरीर पर बाहरी कोई जख्म के निशान नहीं दिख रहे हैं। सिर्फ पैर में जख्म के निशान दिख रहा है । डब्बू की हत्या की गई है या उसकी मौत कैसे हुई है। यह स्पष्ट नहीं है। या पोस्टमार्टम के बाद ही स्पष्ट होगा। परिजनों के द्वारा किसी से कोई विवाद या दुश्मनी की बात से भी इनकार किया है। मौके पर पहुंचे डीएसपी इमरान अहमद ने बताया कि 28 वर्षीय डब्लू राम का शव मिला है। भोज खाने की बात कह घर से निकला था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। क्योंकि शरीर में बाहर से कहीं जख्म नहीं दिख रहा है। सिर्फ पैर में चोट दिख रहा है।

# जिला प्रभारी मंत्री बने संजय सरावगी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बखरी।** बिहार सरकार के राजस्व व भूमि सुधार मंत्री, दरभंगा से विधायक संजय सरावगी को जिला का प्रभारी मंत्री बनाये जाने पर भाजपाइयों ने हर्ष प्रकट किया है। जिला भाजपा के प्रवक्ता सिधेश आर्य ने कहा कि श्री सरावगी के जिला कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के अध्यक्ष मनोनीत होने से विकास योजनाओं की मानिटरिंग तथा उसके क्रियान्वयन में और अधिक गति आयेगी। कहा, बेगूसराय जिला सहित बखरी अनुमंडल से उनका खासा जुड़ाव रहा है। नब्बे के दशक में विद्यार्थी परिषद् में काम करते हुए उनका लगातार यहां के कार्यकर्ताओं से सम्पर्क रहा है। बखरी और बेगूसराय की जन समस्याओं से अवगत श्री सरावगी प्रभारी मंत्री के नाते उसका बेहतर समाधान निकाल विकसित बखरी-विकसित बेगूसराय बनाने में सफल होंगे। भाजपा कार्यकर्ताओं ने ऐसा विश्वास व्यक्त किया है। बखरी बीस सूत्री अध्यक्ष सह ग्रामीण मंडल अध्यक्ष मनोज महतो, डंडारी अध्यक्ष विजय तांती, नावकोठी अध्यक्ष मुकेश महतो, गढपुरा अध्यक्ष कमल किशोर झा सहित पूर्व विधायक रामानन्द राम, पूर्व भाजपा प्रत्याशी रामशंकर पासवान, अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता विनोद राम, उमेश पासवान, बखरी नगर अध्यक्ष कामिनी कंचन, पूर्व अध्यक्ष अमरनाथ पाठक,संजय सिंह राठौड़, कृष्ण मोहन चौधरी, निकेत सिंह राठौड़, प्रियांशु रघुवंशी आदि ने राजस्व मंत्री संजय सरावगी को बेगूसराय जिला का प्रभारी मंत्री बनाये जाने का स्वागत किया है।

# अगले दो दिनों तक मौसम शुष्क, रहेगी गर्मी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समस्तीपुर।** अगले एक दो दिनों तक मौसम शुष्क तथा हॉटेस्ट डे बने रहने की सम्भावना है। 27 अप्रैल के बाद मौसम में परिवर्तन होने का अनुमान है। जिसके तहत आंधी-तूफान के साथ बिजली गिरने की घटना और तेज हवा के साथ वर्षा होने की सम्भावना है। इस बाबत जिले के डॉ राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा स्थित ग्रामीण कृषि मौसम सेवा, और भारत मौसम विज्ञान विभाग के सहयोग से जलवायू परिवर्तन पर उच्च अध्ययन केन्द्र द्वारा जारी अगामी 30 अप्रैल, 2025 तक के मौसम पूर्वानुमान के अनुसार पूर्वानुमान की अवधि में उत्तर बिहार के जिलों में आसमान में हल्के बादल आ सकते है। इस अवधि में अधिकतम तापमान 38-40 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। जबकि न्यूनतम तापमान 25-29 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रह सकता है। पूर्वानुमानित अवधि में औसतन 4 से 8 कि0मी0 प्रति घंटा की रफ्तार से पूरवा हवा चलने की सम्भावना है। जिससे उमस भी परेशानी का सबब बन सकता है। सापेक्ष आर्द्रता सुबह में 60 से 80 प्रतिशत तथा दोपहर में 30 से 40 प्रतिशत रहने की संभावना है।

**किसान गेहूं की कटनी और दौनी को दें प्राथमिकता**

अगले दो दिनों तक मौसम शुष्क रहने की सम्भावना को देखते हुए किसान भाई गेहू की कटनी एवं दौनी के कार्य को प्राथमिकता दें क्योंकि उसके बाद वर्षा होने की सम्भावना बन रही है। आंधी वर्षा की सम्भावना को देखते हुए कटे हुए गेहूं को खेत में न छोड़े। कटाई के बाद गेहूँ को पूरी तरह सुखाकर भंडारित करें। भंडारण के लिए जूट के बोरे की व्यवस्था कर लें एवं बोरे को पलटकर अच्छी प्रकार धूप में सुखाकर कीट रहित कर लें। जलवायू परिवर्तन पर उच्च अध्ययन केन्द्र ने किसाना भाईयों केलिए जारी समसामयिक सुझाव में उक्त बातें कही है। मौसम विशेषज्ञ डॉ अब्दुल सत्तार और नोडल पदाधिकारी डॉ गुलाब सिंह ने सुझाव देते हुए कहा है कि आम के बागों में विगत वर्षों में फल मक्खी बहुत देखने को मिला था, जिससे किसान भाइयों का नुकसान हुआ था। उसको देखते हुए इस बार किसान भाई सावधानी बरते तथा फल मक्खी के प्रबन्धन के लिए फ्रूट फ्लाई ट्रैप अपनायें, यह सबसे बेहतर विकल्प है। प्रति हेक्टेयर 15-20 फरोमैन ट्रैप लगाकर फ्रूट फ्लाई मक्खी को प्रबंधित किया जा सकता है। इन ट्रैपो को निचली शाखाओं पर 4 से 6 फीट की ऊंचाई पर बांधना चाहिए। एक ट्रैप से दूसरे ट्रैप के बीच में 35 मीटर की दूरी रखे। ट्रैप को कभी भी सीधे सूर्य की किरणों में नहीं रखे। ट्रैप को आम की बहुत घनी शाखाओ के बीच में नहीं बांधना चाहिए। ट्रैप बाग में स्पष्ट रूप से दिखाई देना चाहिए की कहा बाधा गया है। ट्रैप बांधने की अवस्था फल पकने से 60 दिन से पहले होना चाहिए और 6 से 10 सप्ताह के अंतराल पर नर की सुगंध बदलते रहना चाहिए। दुधारू पशुओं को नये गेहूँ के भूसे को खिलाने से पहले दो घंटे पानी में भिगोकर रखें। चारा दान सुबह धूप निकलने से पहले और शाम में धूप समाप्त होने के बाद खिलाए। पशुओं को तेज धूप में न चराएँ। गर्मी से पशुओं को निर्जलीकरण एवं लवण की कमी से बचानें के लिए दिन में चार बार स्वच्छ ठंढा पानी पिलाए एवं 50 ग्राम नमक, 50 ग्राम खनिज मिश्रण एवं प्रोबायोटिक प्रतिदिन दें। गलघोंटू एवं लंगडी बीमारी से बचाव के लिए टिकाकरण करायें।

# विज्ञान कांग्रेस की संचालन समिति की बैठक संपन्न



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समस्तीपुर।** यूआर कॉलेज, रोसड़ा एवं डीबीकेएन कॉलेज, नरहन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित चतुर्थ बिहार समाज विज्ञान कांग्रेस के संचालन समिति की बैठक शुक्रवार को डीबीकेएन कॉलेज में प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ राकेश कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में सम्पन्न हुई। इस बैठक में 17-18 मई, 2025 को आयोजित चतुर्थ बिहार समाज विज्ञान कांग्रेस की सफलता के विभिन्न आयामों पर चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि डीबीकेएन कॉलेज, नरहन परिसर में दो तकनीकी सत्र एवं समापन समारोह आयोजित किया जाएगा। संचालन एवं शैक्षणिक समिति के सभी सदस्य अपना पंजीयन कराकर बिहार समाज विज्ञान अकादमी की आजीवन सदस्यता ग्रहण करें। डीबीकेएन कॉलेज, नरहन ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय को पत्र भेजकर सूचित करें कि दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। बैठक में संयोजक सह यूआर कॉलेज के प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ घनश्याम राय, सदस्य डॉ विनय कुमार, डॉ जाकिर हुसैन, डॉ सुमित कुमार, डॉ अमरेश कुमार सिंह, डॉ शशि शेखर द्विवेदी, डॉ दिनेश राम, डॉ सौरभ कुमार झा, डॉ अरुण कुमार राय, डॉ प्रिंस विवेक आदि उपस्थित थे। बैठक का समापन डॉ दिनेश कुमार राम के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# नियोजन कैंप का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** श्रम संसाधन विभाग ने जिला नियोजनालय सह मडल करियर सेंटर में शुक्रवार को एक दिवसीय नियोजन कैंप का आयोजन गया। जिला नियोजन पदाधिकारी राणा अमितेष की अध्यक्षता में किया गया। उक्त कैंप में निजी कंपनी एसएमडी टेक्नोलजी, नूतन कला एंड केंद्र के प्रतिनिधि गौरव सिंह, केतन आनन्द एवं राज आर्यन के द्वारा कैम्प में उपस्थित अभ्यर्थियों को कंपनी में कार्य सम्बंधित वेतन एवं भत्ते, कार्य स्थल एवं अन्य विषयों की जानकारी विस्तृत रूप में दी गयी। कंपनी के प्रतिनिधि द्वारा दिए गए 10 रिक्तियों के विरुद्ध कुल 20 अभ्यर्थियों का साक्षात्कारोपरांत अगले चरण के लिए चयनित किया गया। जब कैम्प में कुल 34 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए। इस अवसर पर जिला नियोजन पदाधिकारी राणा अमितेष ने बेरोजगार युवकों को कैरियर एवं रोजगार सम्बन्धी मार्गदर्शन दिया एवं बताया कि नियोजन कार्यालय जिले के रोजगार इच्छुक अभ्यर्थिओं को रोजगार उपलब्ध करवाने की दिशा में प्रत्येक माह जब कैंप का आयोजन करता है। जिसमें बिहार एवं अन्य राज्यों के निजी क्षेत्र के नियोजकों को आमंत्रित किया जाता है।

# नशा उन्मूलन पर जागरुकता कार्यशाला सह निबंध प्रतियोगिता का आयोजन




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

## कई बच्चे हुए शामिल

**समस्तीपुर।** नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय नारायणपुर डढ़िया, समस्तीपुर में नशा उन्मूलन पर जागरूकता कार्यशाला सह निबंध प्रतियोगिता का आयोजन मुस्कान जिला नशा मुक्ति केंद्र,समस्तीपुर द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य सुशील कुमार ने किया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुस्कान जिला नशा मुक्ति केंद्र, समस्तीपुर के परामर्शदाता अमित कुमार वर्मा ने कहा कि समाज में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति को रोकने और एक स्वस्थ समाज के निर्माण के साथ साथ कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं और समाज को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना तथा नशामुक्ति के उपायों की जानकारी प्रदान करना है। यह कार्यशाला युवाओं को नशामुक्त समाज के निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित करेगी। निबंध प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। आगत अतिथियों का स्वागत और धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के प्रधानाचार्य सुशील कुमार ने किया। मौके पर निभा कुमारी, रीभा कुमारी ,नितेश कुमार, ममता कुमारी, मोनिका सिन्हा, कमल किशोर, रितु कुमारी, कुमारी राधिका रानी आदि मौजूद थे।

# सलौना पहुंची अमृत भारत एक्सप्रेस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बखरी।** राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को बखरी सलौना वासियों को रेल नेटवर्किंग के क्षेत्र में एक नयी उड़ान भर भर दिए हैं। सहरसा से लोकमान्य तिलक के बीच अमृत भारत तो सहरसा से खगड़िया, अलौली, सलौना, हसनपुर के रास्ते समस्तीपुर तक पैसेंजर लोकल दो नयी ट्रेनों का उद्घाटन कर बखरी सलौना क्षेत्र वासियों को नयी सौगात देकर गद्गद कर दिए। अमृत भारत लोकमान्य तिलक यह सप्ताहिक गाड़ी प्रत्येक रविवार को सहरसा तो लोकमान्य तिलक टर्मिनल (एलटीटी) से प्रत्येक शुक्रवार को खुलेंगी। यह ट्रेन सहरसा से रविवार खुलकर यह ट्रेन खगड़िया, सलौना, हसनपुर, समस्तीपुर, दानापुर के रास्ते कल्याण रुकते हुए लोकमान्य तिलक पहुंचेगी। सहरसा से खगड़िया सलौना के बीच अमृत भारत ट्रेन 110 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड से चलायी गयी। लोको पायलट पिंकू चौधरी, सहायक लोको पायलट कविराज के अलावा ट्रेन मैनेजर राजेश कुमार सिंह सहरसा से सलौना तक ट्रेन लेकर आए तो बखरी रेलवे यात्री संघ एवं अन्य गणमान्य के द्वारा लोको पायलट का भव्य स्वागत किया गया। स्टपेज के दौरान बातों को साझा करते हुए लोको पायलट पिंकू चौधरी ने बताया कि अमृत भारत ट्रेन में आगे पीछे दोनों ओर इंजन होने के कारण दो लोको पायलट एवं दो सहायक लोको पायलट ट्रेन में तैनात रहते हैं। उन्होंने बताया कि यह बहुत आराम दायक एवं फास्ट रनिंग पकड़ने वाली गाड़ी है। बखरी रेलवे यात्री संघ के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने कहा कि सलौना को दूसरी दूरगामी एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात मिली है। इस मौके पर भाजयुमो नेता नीरज नवीन, जदयू अध्यक्ष संगीता राय, प्रिंस सिंह, गौतम सिंह राठौड़, जवाहर राय, संतोष गुड्डू, अंकित सिंह सहित बड़ी संख्या में सामाजिक राजनीतिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पहली बार हो रहा राष्ट्रीय खेल का आयोजन : डीएम



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** खेलों इंडिया यूथ गेम्स के अंतर्गत जिला मे आयोजित होने वाले फुटबाल गेम्स के आयोजन की तैयारी की जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला ने बैठक आयोजित की। जिलाधिकारी ने आगामी खेल आयोजन के तैयारी के संबंध में सभी तैयारी पहले से पूर्ण करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। यह आयोजन बेगूसराय के लिए ऐतिहासिक बनने जा रहा है। पहली बार इतनी बड़ी संख्या में खिलाड़ियों और दर्शकों का महाकुंभ बेगूसराय में लगने जा रहा है। जिले में पहली बार इस तरह का राष्ट्रीय खेल का आयोजन हो रहा है। जिससे न सिर्फ खेल को बढ़ावा मिलेगा बल्कि बेगूसराय को एक अलग पहचान मिलेगी। उन्होंने जिलेवासियों से फुटबल के इस महाकुंभ में बढ़ चढ़ कर भाग लेने की अपील की। स्टेडियम में की गई भव्य तैयारी, मैदान की संरचना, स्टेज, दर्शक दीर्घा और खिलाड़ियों की सुविधाओं पर गहन चर्चा किया गया। जिलाधिकारी तुषार सिंगला ने बताया कि इस ऐतिहासिक आयोजन को राष्ट्रीय स्तर पर दशकों तक पहुंचाने के लिए लाइव प्रसारण, डक्यूमेंट्री निर्माण, खिलाड़ियों के इंटरव्यू और सांस्.तिक प्रस्तुतियों का विशेष कार्यक्रम तैयार किया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम के तर्ज पर सभी सुविधाओं से आइओसीएल रिफायनरी स्टेडियम और यमुना भगत स्टेडियम बरौनी को लैस किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों की ट्रेनिंग, मेडिकल सुविधा, आपातकालीन सेवाएं, स्वच्छता, खान-पान और तकनीकी संचार को सुचारू बनाए रखने के लिए विस्तृत योजना बनाई गई है। इस राष्ट्रीय आयोजन की शानदार तैयारी की जा रही है। खिलाड़ियों के ठहराव, परिवहन और सुरक्षा के लिए अलग-अलग टीम गठित की गई हैं। ज्ञात हो कि बिहार में पहली बार खेलो इंडिया यूथ गेम्स का आयोजन हो रहा है। जिसमें 4 मई से 15 मई तक बेगूसराय राष्ट्रीय फुटबल टूर्नामिंट की मेजबानी कर रहा है। आइओसीएल रिफाइनरी मैदान और यमुना भगत स्टेडियम बरौनी में देश भर से चयनित महिलाओं और पुरूषों की 8.8 टीमें अपने फुटबल खेल का प्रदर्शन करेंगी। बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, सिविल सर्जन, अनुमंडल पदाधिकारी सदर, अनुमंडल पदाधिकारी तेघड़ा, उपाधीक्षक शरीरिक शिक्षा, एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए खेल जरूरी : जिलाधिकारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



मोतिहारी। आज जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल के द्वारा मसाल 2024, विद्यालय स्तरीय खेल प्रतियोगिता के शुभारंभ राजकीय मध्य विद्यालय लुटअहा मोतिहारी में किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी के द्वारा उपस्थित बच्चों को संबोधित करते हुए सर्वप्रथम बच्चों को शुभकामनाएं दी और इस आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की बात कही। जिलाधिकारी ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद का जीवन में बड़ा महत्व है।खेल से न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक विकास भी होता है। खेल कूद में अच्छा करने वाले प्रायः पढ़ाई में भी अच्छा करते हैं। आज खेल कूद के क्षेत्र में भी करियर आगे बढ़ाने की बड़ी संभावनाएं हैं। राज्य सरकार भी खेल को बढ़ावा दे रही है और इसके लिए पंचायत स्तर तक इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जा रहा है। जिलाधिकारी के द्वारा शिक्षा विभाग के पदाधिकारी को अपनी देखरेख में इस आयोजन को संपन्न कराने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि गर्मी को देखते हुए यह आयोजन सुबह में ही कर लिया जाए, अगर जरूरत पड़े तो स्वास्थ्य विभाग से समन्वय बनाकर जरूरी आकस्मिक किट भी उपलब्ध रखा जाए। डीएम ने इस अवसर पर सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना कीद्यइस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि मसाल 2024, विद्यालय स्तरीय खेल प्रतियोगिता में पूर्वी चंपारण जिला ने 100019 बच्चों का पंजीकरण कर पूरे बिहार में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस प्रतियोगिता का आयोजन सभी विद्यालयों में 27 अप्रैल तक किया जाना है। इस क्रम में सभी विद्यालयों में पांच खेलों- एथलेटिक्स,कबड्डी, फुटबॉल, साइकलिंग एवं वॉलीबॉल का आयोजन कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह खेल बच्चों में प्रतिभा को तलाशने और तराशने के साथ-साथ नेतृत्व क्षमता को भी प्रोत्साहित करेगी और हमें विश्वास है कि पूर्वी चंपारण के खिलाड़ी राज्य स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगेद्य इस अवसर पर शिक्षा विभाग के अन्य पदाधिकारी सहित विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित थे।

# जहानाबाद जिलाधिकारी के जनता दरबार में प्राप्त हुए 42 आवेदन, प्रशासन ने समाधान में दिखाई तत्परता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। समाहरणालय परिसर स्थित सभा कक्ष में जिला पदाधिकारी के निर्देशानुसार अपर समाहर्ता (विभागीय जांच) विनय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के आम नागरिकों ने विभिन्न प्रकार की समस्याएं एवं शिकायतें दर्ज कराईं।जनता दरबार में कुल 42 आवेदन/परिवाद प्राप्त हुए, जिनमें प्रमुख रूप से भूमि विवाद, पेयजल समस्या, प्रधानमंत्री आवास योजना, नल-जल सुविधा, व्यावसायिक ऋण, अनुदान राशि, भूमि-अर्जन, विद्युत आपूर्ति, वृद्धावस्था पेंशन, पारिवारिक विवाद, शौचालय निर्माण, राशन कार्ड सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित विषय शामिल थे।अपर समाहर्ता ने सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक परिवाद का संवेदनशीलता एवं प्राथमिकता के आधार पर त्वरित एवं संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि शिकायतकर्ताओं को समयबद्ध राहत मिल सके।प्राप्त शिकायतों को आवश्यक कार्रवाई हेतु संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया। कुछ मामलों में तत्काल समाधान सुनिश्चित करने के लिए दूरभाष के माध्यम से संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर आवश्यक निर्देश दिए गए। लोक शिकायत निवारण अधिनियम के अंतर्गत आने वाले मामलों को विधिवत पंजीकृत किया गया है, जबकि अधिनियम से बाहर के मामलों में संबंधित पदाधिकारियों को शीघ्र निष्पादन कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। इस अवसर पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी वंदना कुमारी, अनुमंडल पदाधिकारी राजीव रंजन सिन्हा, अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी अनिता सिन्हा, वरीय उपसमाहर्ता शिल्पी आनंद, निदेशक डीआरडीए रोहित कुमार मिश्रा, तथा सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा पूनम कुमारी सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे। जहानाबाद जिला प्रशासन द्वारा आयोजित जनता दरबार केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक प्रशासन में जवाबदेही, पारदर्शिता और संवेदनशीलता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

## संक्षिप्त खबरें

### झपटमारों ने किसान से एक लाख रुपए उड़ाए

**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)।** झपटमार गिरोह के सदस्यों ने एक किसान से एक लाख रुपये लूट लिए। यह घटना रेलवे स्टेशन के निकट घटी। पीड़ित किसान की पहचान बसंतपुर गांव निवासी नंदलाल प्रसाद के रूप में हुई है।श्री प्रसाद ने बताया कि वह स्थानीय स्टेट बैंक शाखा, पुरनहीया से पैसे की निकासी कर अपने झोले में एक लाख रुपये रखकर पास के इलाके में मिट्टी खरीदने जा रहे थे, तभी अज्ञात बदमाशों ने झोला काटकर रुपये लूट लिए और फरार हो गए। हल्ला सुनकर स्थानीय लोग इकट्ठा हो गए। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और किसान से जरूरी पूछताछ की। थानाध्यक्ष अनुज कुमार पांडे ने बताया कि घटना की जानकारी मिल चुकी है और जांच की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि यह मामला रेलवे थाना क्षेत्र से जुड़ा है या नहीं, इसकी भी जांच की जा रही है।

### बिहार खेल प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन

**बनकटवा (पूर्वी चंपारण)।** प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गोला पकड़िया के खेल मैदान में शुक्रवार को बिहार खेल प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन स्थानीय पूर्व प्रमुख गणेश यादव ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए गणेश यादव ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक मजबूती प्रदान करता है, बल्कि मानसिक विकास का भी आधार बनता है। ऐसे आयोजनों से छात्र-छात्राओं में आत्मविश्वास बढ़ता है और उनमें नेतृत्व क्षमता का भी विकास होता है। प्रतियोगिता में स्थानीय छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय परिवार एवं शिक्षकों की अहम भूमिका रही। मौके पर उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों में पंचायत समिति सदस्य छोटेलाल यादव, मिथिलेश कुमार, विद्यालय के प्रधानाध्यापक वीरेंद्र कुमार, रामनाथ बैठा, खेल प्रभारी प्रांजल प्रियदर्शी, राजधानी चौधरी, मधुरेश कुमार, रीना कुमारी, ममता कुमारी, अनुपम कुमारी, निर्मला कुमारी, निगर सुलताना हबीब, सिराज अहमद, राजीव कुमार एवं अनिल कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं अभिभावक मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सफल प्रतिभागियों को आगामी जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं तथा भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजनों को जारी रखने की बात कही।

### एसएस कॉलेज में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

**जहानाबाद।** स्थानीय एस.एस. कॉलेज में आईक्यूएसी एवं दर्शन शास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में विभिन्न संकायों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। निबंध प्रतियोगिता का विषय बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अंबेडकर और सामाजिक न्याय रहा। शैक्षणिक महत्व के इस निबंध प्रतियोगिता के माध्यम से प्रतिभागियों ने सामाजिक न्याय के क्षेत्र में बाबा साहेब के अविस्मरणीय योगदान को रेखांकित किया। प्रतियोगिता के उपरांत प्रथम , द्वितीय एवं तृतीय स्थान लाने वालों में क्रमशः रजनीश कुमार, विनोद यादव और शशिमोहन कुमार शामिल रहे। सफल प्रतिभागियों को प्राचार्य प्रो. दीपक कुमार के द्वारा प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं को इस तरह की गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर मौजूद रहने वालों में संस्कृत विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ0 विनोद कुमार रॉय, दर्शन शास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ0 मधु सिंह, डॉ. रागिनी सिन्हा, डॉ. पूजा भारती, डॉ. मनीषा प्रिया आदि शामिल रहे।

### परशुराम जयंती को लेकर बैठक

**कल्याणपुर (पूर्वी चम्पारण)।** परशुराम जयंती को लेकर राष्ट्रीय ब्राह्मण संघ की बैठक सिसवा पटना में रजनीश द्विवेदी की अध्यक्षता में हुई। जिसमें मोतिहारी के टाउन हॉल में 30 अप्रैल परशुराम जयंती समारोह कार्यक्रम एवं इसे सफल बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। प्रखंड प्रभारी डब्लू दूबे को सदस्यों को आमंत्रित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई। मौके पर संगठन के राष्ट्रीय संयोजक विजय कुमार द्विवेदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्र मोहन मिश्रा, रणधीर पाण्डेय, विशाल दूबे, अभिषेक पाण्डेय, अभिषेक मिश्रा, विकास दूबे, विशाल दूबे आदि थे।

# महापौर ने सुनीं जनता की समस्याएं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**मोतिहारी।** नगर निगम मोतिहारी द्वारा शुक्रवार को आपका शहर, आपकी बात कार्यक्रम का आयोजन वार्ड संख्या-42 के बापूधाम चंद्रहिया पार्क परिसर में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर निगम की महापौर प्रीति कुमारी ने की। इस दौरान उन्होंने वार्ड में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण और मूल्यांकन किया, साथ ही स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें सूचीबद्ध किया।
कार्यक्रम में नागरिकों ने पानी निकासी की समस्या प्रमुखता से उठाई, जिस पर महापौर ने पूरे वार्ड में नाला निर्माण की योजनाओं पर विचार-विमर्श करने और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र लागू करने का आश्वासन दिया। साथ ही बापूधाम चंद्रहिया पार्क में बच्चों के लिए झूले और बड़ों के लिए ओपन जिम के निर्माण की घोषणा की गई, जिससे क्षेत्रीय लोगों को मनोरंजन और स्वास्थ्य लाभ एक ही जगह मिल सकेगा। इस संवाद कार्यक्रम के माध्यम से नगर निगम ने नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए यह संदेश दिया कि शहर के विकास में जनता की आवाज सर्वोपरि है। महापौर ने कहा कि ल्लमोतिहारी शहर को स्वच्छ, सुंदर और समृद्ध बनाना हमारा लक्ष्य है और इसके लिए नगर निगम हर वार्ड में जनसंपर्क कार्यक्रम चला रहा है।ङ्क इस अवसर पर उपमहापौर लालबाबू प्रसाद, निगम पार्षद प्रतिनिधि रामबाबू यादव, ईख पदाधिकारी राहुल कुमार, सिटी मैनेजर अमित सहाय सहित सैकड़ों स्थानीय नागरिक और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। नगर निगम की यह पहल न केवल पारदर्शी शासन को बढ़ावा दे रही है, बल्कि जन-प्रतिनिधियों और आम नागरिकों के बीच संवाद की मजबूत कड़ी भी बन रही है।

# पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में सुगौली में आक्रोश मार्च, पाक झंडा जलाकर जताया विरोध

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**मोतिहारी।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में गुरुवार को विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुगौली बाजार में आक्रोश मार्च निकाला। इस दौरान ल्लपाकिस्तान मुर्दाबादङ्क के नारों से पूरा इलाका गूंज उठा और प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तानी झंडे को जलाकर विरोध जताया।
आक्रोश मार्च राधा-कृष्ण ठाकुरवाड़ी मठ से निकलकर सुगौली थाना होते हुए गांधी स्मारक तक पहुंचा। मार्च का नेतृत्व विहिप नगर अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा ने किया, जबकि सभा को सांसद प्रतिनिधि एवं भाजपा नेता प्रदीप सर्राफ ने संबोधित किया।

**स्लीपर सेल पर भी कार्रवाई की मांग**

प्रदीप सर्राफ ने कहा कि भारत को एक ओर पाकिस्तान के खुले हमलों का सामना करना पड़ रहा है तो दूसरी ओर देश के भीतर छुपे स्लीपर सेल के आतंकियों से भी खतरा है। उन्होंने केंद्र सरकार से पाकिस्तान को कड़ा जवाब देने के साथ-साथ देश के भीतर सक्रिय आतंकी तंत्र को कुचलने की मांग की।
विहिप कार्यकर्ता अंकुर कुमार चौधरी ने कहा कि पहलगाम में हुए नरसंहार का बदला केवल डिप्लोमैटिक स्ट्राइक से नहीं लिया जा सकता, इसके लिए ठोस सैन्य और रणनीतिक कार्रवाई जरूरी है। आक्रोश मार्च में अशोक कुमार गुप्ता, बाबा मनीष दास, राजकिशोर प्रसाद, प्रियांशु सर्राफ, नारायण प्रसाद, अशोक सोनी, नितीश कुमार, अनुप सर्राफ, अभिषेक कुमार, अजय गुप्ता, अनुप अग्रवाल, नवीन कुमार, प्रिंस चौबे, नरेन्द्र कुमार गुप्ता, रोहन कुमार, बिट्टू कुमार, गोलू कुमार, धामु सिंह, ललन सर्राफ, विष्णु कुमार, वंशी पटेल और मोहन कुमार सहित सैकड़ों लोग शामिल थे। कार्यकर्ताओं ने कहा कि जब तक पाकिस्तान और उसके पाले हुए आतंकियों को करारा जवाब नहीं दिया जाएगा, तब तक शहीदों की आत्मा को शांति नहीं मिलेगी। पूरे आयोजन के दौरान पुलिस की तैनाती भी की गई थी।

# गैस सिलेंडर विस्फोट से मचा हड़कंप, कई दुकानें जलकर राख

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**जहानाबाद।** जहानाबाद शहर के बत्तीसभवरीया इलाके में गुरुवार को दो गैस सिलेंडर के विस्फोट से भीषण आग लग गई। इस हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तुरंत स्थानीय सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं, घटना में कई दुकानें जलकर पूरी तरह राख हो गईं, जिससे व्यापारियों को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा।
प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विस्फोट की आवाज इतनी तेज थी कि इलाके में अफरा-तफरी मच गई। देखते ही देखते आग ने आसपास की कई दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। दुकानों में रखा सारा सामान जलकर नष्ट हो गया। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई। फायर ऑफिसर विनोद प्रसाद ने बताया, ल्लआग पर काबू पाने के लिए हमारी टीम पूरी मुस्तैदी से जुटी हुई है। स्थिति पर नियंत्रण पाने की हरसंभव कोशिश की जा रही है।
मौके पर पुलिस बल भी पहुंच चुका है और स्थिति को नियंत्रित करने के साथ ही हादसे की जांच शुरू कर दी गई है। प्रशासन आग लगने के वास्तविक कारणों का पता लगाने में जुट गया है। घायल व्यक्ति की हालत अब भी गंभीर बनी हुई है। स्थानीय लोग प्रशासन से मुआवजे और प्रभावित व्यापारियों की मदद की मांग कमहावर में बीजेपी ने धूमधाम से मनाई बाबा साहेब अंबेडकर जयंती, 'सभी के लिए हैं महापुरुष' का दिया संदेश
मुजफ्फरपुर, 25 अप्रैल 2025: भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने ग्राम महावर में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती को बड़े उत्साह के साथ मनाया। बाबा साहेब की प्रतिमा स्थल पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विजेंद्र चंद्रवंशी ने की, जबकि संचालन पूर्व अध्यक्ष डॉ. दिनेश कुमार वर्मा ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला प्रवक्ता अश्वनी कुमार तिवारी ने कहा, महापुरुष सभी के लिए होते हैं, किसी एक जाति के लिए नहीं। हमें बाबा साहेब के दिखाए रास्ते पर चलने की जरूरत है। उनका सपना था कि हर घर में शिक्षा की ज्योति जले और सभी को सम्मान व अधिकार मिले। भारतीय जनता पार्टी इस सपने को साकार करने में जुटी है।
श्री तिवारी ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि बाबा साहेब के नाम पर कई योजनाएं शुरू की गई हैं, जो गरीब, दलित, पिछड़ा, अति पिछड़ा और वंचित समाज के उत्थान के लिए समर्पित हैं।
कार्यक्रम में जिला महामंत्री टैगोर जी, महामंत्री अमन कुशवाहा, नगर अध्यक्ष श्याम पाठक, शमशेर नगर मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रंजन वर्मा, पूर्व अध्यक्ष राकेश पांडे, अवधेश पासवान, जिला कोषाध्यक्ष पिंटू कुमार, राहुल कुमार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बाबा साहेब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने का संकल्प लिया गया। र रहे हैं।

# रेल कर्मचारियों की सतर्कता से बड़ा हादसा टला, ट्रेन डिरेलिंग की साजिश नाकाम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**ढाका (पूर्वी चंपारण)।** सीतामढ़ी-रक्सौल रेलखंड पर कुंडवा चैनपुर स्टेशन के समीप एक बड़ी रेल दुर्घटना होते-होते बच गई। रेल कर्मचारियों और की-मैन की सतर्कता से ट्रेन डिरेलिंग की साजिश को विफल कर दिया गया। घटना शुक्रवार की सुबह की है, जब रेलवे ट्रैक पर संदिग्ध गतिविधि देखी गई और दो युवक पैंडोल (रेल ट्रैक के हिस्से) के साथ पकड़े गए। रेलवे की पेट्रोलिंग टीम की नजर जैसे ही संदिग्धों पर पड़ी, तुरंत उन्हें दबोच लिया गया, जबकि कुछ अन्य युवक मौके से फरार हो गए। मौके से दर्जनों पैंडोल बरामद किए गए हैं, जिनका इस्तेमाल रेल पटरी को क्षति पहुँचाने में किया जा सकता था। रेलवे कर्मियों के अनुसार, यदि यह साजिश सफल होती, तो कोई भी ट्रेन हादसे का शिकार हो सकती थी। गिरफ्तार दोनों युवकों की पहचान पूर्वी चंपारण जिले के अरेराज और घोड़ासहन निवासी के रूप में हुई है। पूछताछ में पता चला है कि वे खरूही गांव स्थित एक मदरसे में पढ़ाई करते हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए रेल सुरक्षा बल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पूछताछ शुरू कर दी है। रेल पुलिस ने बताया कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। प्राथमिक दृष्टि में यह रेल लाइन को क्षति पहुँचाने और ट्रेनों को निशाना बनाने की साजिश प्रतीत होती है। सुरक्षा कारणों से इलाके में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती भी कर दी गई है।

# समाज को एकजुट करना और एकजुटता का एहसास कराना कायस्थ महाकुंभ का मकसद : राजीव रंजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार के जमुई में 27 अप्रैल को कायस्थ महाकुंभ होने जा रहा है। इसका आयोजन कायस्थों की अंतरराष्ट्रीय संस्था ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस की जमुई जिला इकाई कर रही है। इस महाकुंभ के बहाने चुनाव से पूर्व कायस्थ समाज अपनी शक्ति आजमाना और दिखाना चाहता है। इस महकुंभ की तैयारी अपने अंतिम चरण में है।
जिले भर के कायस्थ सहित प्रदेश के बाहर से भी कुछ कायस्थ इस महाकुंभ में शामिल होने आ रहे हैं। जीकेसी के ग्लोबल स्तर के पदाधिकारी भी इसमें आमंत्रित किये गए हैं। संगठन के ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन, प्रबंध न्यासी रागिनी रंजन, ग्लोबल उपाध्यक्ष सह प्रदेश अध्यक्ष दीपक अभिषेक, राष्ट्रीय उपाधयक्ष डा. नम्रता आनंद, राष्ट्रीय प्रवक्ता मुकेश महान सहित कई राष्ट्रीय और प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी की उपस्थिति की सहमती मल चुकी है। कार्यक्रम के मकसद को लेकर ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन कहते हैं कि कायस्थ समाज को एकजुट करना और इस एकजुटता का एहसास कराना हमारा मकसद है।जीकेसी के ग्लोबल उपाध्यक्ष और बिहार प्रदेश अध्यक्ष दीपक अभिषेक बहुत उत्साहित हैं।
ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस (जीकेसी) की प्रबंध न्यासी रागिनी रंजन ने कहा कि जमुई जिला इकाई अच्छी तैयारी कर चुकी है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम तो एक संकेत और शुरुआत मात्र है। कार्यक्रम को लेकर जीकेसी जमुई के जिलाध्यक्ष प्रवीण सिन्हा ने बताया कि तैयारी अंतिम चरण में है। जिले के कायस्थों के लए यह कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा। उन्होंने कहा कि जिला इकाई द्वारा मैट्रोमोनियल प्लेटफॉर्म पहले से ही चलाया जा रहा है। अपने युवाओं को नौकरी और व्यापार के लिए जरूरत पड़ने पर मार्गदर्शन भी दिया जाता है। इस कार्यक्रम के जरीय हम बच्चों और महिलाओं को भी संगठन से जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। जिलाध्यक्ष प्रवीण सिन्हा ने बताया कि कायस्थ महाकुंभ में क्वीज,पेंटिंग्स सहित कुछ गेम्स का आयोजन भी किया जाना है।
राकेश मणि, सत्येंद्र शंकर प्रसाद, आनंद कुमार अमबस्टा, संजीव सिन्हा, विवेक कुमार लकी सहित संगठन के कई जिला पदाधिकारी कर्यक्रम को सफल बनाने के लिए लगातार प्रयासरत हैं और दो माह पहले से जिले भर में घर-घर जाकर संपर्क अभियान चला रहे हैं।
ऐन चुनाव के पहले जमुई कायस्थ महाकुंभ के बहाने कायस्थ संगठन जीकेसी अपना शक्ति प्रदर्शन कर राजनीतिक हिस्सेदारी में अपना हक जताना चाह रहा है।

# सड़क दुर्घटना में घायल महिला की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पीपराकोठी (पूर्वी चम्पारण)।** गत माह सड़क दुर्घटना में घायल महिला की पटना में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतका हरपुर गांव निवासी सिपाही महतो की पत्नी जानकी देवी थी। पति सिपाही महतो के आवेदन पर अज्ञात वाहन व चालक पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। बताया है कि गत माह उसकी पत्नी जानकी देवी अपने घर हरपुर से ई-रिक्शा पर सवार होकर पीपराकोठी समूह का पैसा जमा कराने जा रही थी। इस दौरान ओवर ब्रीज पर चढ़ते ही पीछे से आ रही अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक तेज गति में गाड़ी चलाते हुए ठोकर मार फरार हो गया। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल खून से लथपथ अवस्था में वहीं पर गिरी पड़ी थी। इस दौरान 112 नं.की गश्ती पुलिस ने उसे देखा और उसे इलाज के लिए निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया।जिसकी सूचना पुलिस ने उसके परिजनों को दी। जहां सूचना पाकर पहूंचे उसके पति सिपाही महतो ने बेहतर इलाज के लिए पटना पहले तारा हॉस्पीटल ले गये। जहां कई दिनों इलाज बाद स्थिति में सुधार नहीं होने पर आईजीएमएस में भर्ती कराया।

# तिरहुत उच्च विद्यालय में बैग वितरण समारोह का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेहसी (पूर्वी चम्पारण)।** तिरहुत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मेहसी के प्रांगण में शुक्रवार को एक समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के छात्रों के बीच स्कूल बैग एवं एजुकेशनल डेस्क का वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं स्थानीय सांसद राधामोहन सिंह ने किया। इस अवसर पर उन्होंने शिक्षा के महत्व पर बल देते हुए कहा कि 'शिक्षा ही देश, राज्य और समाज के समुचित विकास की नींव है। आज का विद्यार्थी ही कल का सशक्त नागरिक बनेगा।' कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय विधायक श्यामबाबू प्रसाद यादव ने की, जबकि संचालन विद्यालय के प्रधानाध्यापक शैलेन्द्र कुमार टुन्नू ने किया। यह वितरण कार्यक्रम ओएनजीसी के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत यूनिसेड के सहयोग से आयोजित किया गया।इस आयोजन के तहत राजकीय मध्य विद्यालय घरीयारी चक समेत 09 प्राथमिक और मध्य विद्यालयों के कक्षा 01 से 05 तक के छात्र-छात्राओं को स्कूल बैग वितरित किए गए। वितरण के दौरान बच्चों के चेहरे पर उत्साह और खुशी देखने को मिली। कार्यक्रम में तिरहुत उच्च माध्यमिक विद्यालय के मैट्रिक और इंटरमीडिएट के टॉपर विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही कक्षा 09 और 11 के नवप्रवेशित छात्रों का अभिनंदन भी किया गया। सांसद राधामोहन सिंह ने इस अवसर पर बताया कि इस कार्यक्रम के तहत जिला में कुल 23,540 छात्रों को स्कूल बैग वितरण किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि ल्लप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु निरंतर कार्य कर रहे हैं। इसी दिशा में यह पहल एक कदम है। मौके पर राजकीय मध्य विद्यालय घरीयारी चक की प्रधानाध्यापक मंजू कुमारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक कुशवाहा, राजकुमार गुप्ता, अजय सिंह उर्फ चुलबुल ठाकुर,मेहसी मुखिया संघ के अध्यक्ष राकेश पाठक, मुखिया अजय यादव, सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति, विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकगण, छात्र एवं अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# भारतीय खाद्य निगम द्वारा गेहूं की खरीद जारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** राज्य में रबी विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर भारतीय खाद्य निगम द्वारा गेहूं की खरीद जारी है। आज बेतिया जिले के मैनाटांड़ प्रखण्ड में ननकर पंचायत निवासी अनुज कुमार ने 2000 वें किसान के रूप में समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय किया। जिसके लिए उनको भारतीय खाद्य निगम मंडल कार्यालय मोतिहारी के मंडल प्रबंधक राम गोपाल के द्वारा सम्मानित किया गया। अनुज ने अपने अनुभव को साझा करते हुए बताया कि भारतीय खाद्य निगम सारी प्रक्रिया तेज और पारदर्शी तरीका से हो रही है साथ ही बोरा और मजदूर भी भारतीय खाद्य निगम के द्वारा उपलब्ध कराया गया और भुगतान 30 मिनट के अंदर खाते में स्थानांतरण हो गया। इस मौके पर मंडल प्रबंधक प्रबंधक राम गोपाल खुद दौरा कर अनुज से मुलाकात की और उन्हें सम्मानित किया। मंडल कार्यालय मोतिहारी के गेहूं क्रय केंद्र के क्रय अधिकारी सुरेश कुमार, केन्द्र प्रभारी अजय कुमार एवं अन्य अधिकारी मौजूद थे।
2000 वें किसान से खरीद के उपरांत राज्य में भारतीय खाद्य निगम की कुल खरीद 85 हजार क्विंटल को पार कर गई है तथा राज्य सरकार के द्वारा पैक्स एवं व्यापार मंडल द्वारा की गई खरीद 21000 क्विंटल को मिलाकर राज्य में गेहू की कुल खरीद 1 लाख क्विंटल को पार कर चुकी है। एफसीआई अब तक की गई खरीद के लिए 2000 में से 1984 किसानों को 20 करोड़ रुपये से अधिक का भगतान किया जा सका है साथ ही मंडल प्रबंधक के द्वारा यह भी बताया गया की एफसीआई बिहार क्षेत्र के सभी राजस्व जिलों में सबसे ज्यादा अधिप्राप्ति राजस्व जिला पश्चिमी चम्पारण में हुआ है जोकि 1300 टन से ज्यादा है एवं पश्चिमी चम्पारण जिले के मैनाटांड़ गेहू क्रय केंद्र एफसीआई बिहार क्षेत्र में सभी केन्द्रो में अव्वल है जिसने 600 टन से भी ज्यादा गेहू अधिप्राप्ति की है गेहूं खरीद के प्रक्रिया के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी तथा किसानों को भारत सरकार के द्वारा गेहू के समर्थन मूल्य में पिछले वर्ष की तुलना में 150 रुपए प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की है।

# रक्सौल बॉर्डर पर अमेरिकी नागरिक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)।** भारत-नेपाल सीमा पर जारी हाई अलर्ट के बीच इमिग्रेशन विभाग ने एक अमेरिकी नागरिक को रक्सौल बॉर्डर पर अवैध रूप से नेपाल जाने की कोशिश करते हुए गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी ऐसे समय में हुई है जब कश्मीर के पहलगाम में हालिया आतंकी हमले के बाद सीमा सुरक्षा और अधिक कड़ी कर दी गई है। गिरफ्तार विदेशी नागरिक की पहचान एटान के रूप में हुई है, जो संयुक्त राज्य अमेरिका के वर्जीनिया राज्य के बेन शहर का निवासी है। एटान भारत में टूरिस्ट वीज़ा पर आया था, जिसकी वैधता समाप्त हो चुकी थी। बावजूद इसके वह देश में अवैध रूप से रह रहा था और बिना वैध दस्तावेजों के नेपाल सीमा पार करने की कोशिश कर रहा था। इमिग्रेशन विभाग की जाँच में यह भी सामने आया है कि एटान का पासपोर्ट 30 अगस्त 2023 को जारी हुआ था, जिसकी वैधता 29 अगस्त 2033 तक है। वह 7 अगस्त 1983 को अमेरिका के मिनेसोटा में जन्मा था। टूरिस्ट वीजा समाप्त होने के बाद, अक्टूबर 2024 में इमिग्रेशन अधिकारियों ने उसकी भारत में एंट्री को अस्वीकार कर दिया था, फिर भी वह दोबारा गैरकानूनी रूप से भारत में प्रवेश कर गया और यहां रह रहा था। अंतरराष्ट्रीय वीज़ा नियमों के अनुसार, किसी भी पर्यटक को एक वर्ष में अधिकतम 180 दिन से अधिक भारत में रहना अनुमन्य नहीं है लेकिन उक्त अमेरिकी नागरिक द्वारा इन नियमों का उल्लंघन किया गया। इसके अलावा, बॉर्डर पार करने के प्रयास ने सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क कर दिया, जिसके बाद उसे शुक्रवार को नेपाल सीमा पर दबोच लिया गया। गिरफ्तारी के बाद एटान को हरैया थाना पुलिस को सौंप दिया गया है। पुलिस और इमिग्रेशन विभाग संयुक्त रूप से मामले की विस्तृत जांच कर रहे हैं। प्रारंभिक तौर पर आरोपी पर अवैध निवास, वीज़ा उल्लंघन और बॉर्डर पार करने के प्रयास से जुड़े प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जा रही है।

# जब्त शराब के विनष्टीकरण की प्रक्रिया को तेज करने का डीएम ने दिया निर्देश

## डीएम ने अवैध शराब व भूमि विवाद को लेकर की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में भूमि विवाद एवं अवैध शराब की रोकथाम को लेकर एक समीक्षात्मक बैठक शुक्रवार को की गई। इस दौरान उन्होने ने सभी अनुमंडल पदाधिकारियों एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि देसी शराब बनाने वालों की पहचान कर उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। निर्देशित किया कि सभी थाना एवं मद्य निषेध विभाग की टीमें अवैध शराब के खिलाफ नियमित छापेमारी सुनिश्चित करें और जब्त शराब के शीघ्र विनष्टीकरण की प्रक्रिया को तेज किया जाए। इसके अतिरिक्त, जिलाधिकारी ने शनिवारीय बैठक से जुड़े मामलों की भू समाधान पोर्टल पर प्रविष्टि में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर नाराजगी जताई तथा ऐसे सभी मामलों की शीघ्र एंट्री कर उनका अविलंब निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही, उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारियों एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों को इन मामलों का सतत अनुश्रवण करने को कहा। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि यदि कोई शस्त्र लाइसेंसधारी अपने शस्त्र का दुरुपयोग करता है तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए उसका लाइसेंस रद्द करने की अनुशंसा की जाए। इसके अलावा, उन्होंने जिला परिवहन पदाधिकारी एवं थानाध्यक्षों को ओवरलोडेड वाहनों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाने का निर्देश दिया। बैठक में आरा सदर, पीरो एवं जगदीशपुर के अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सहायक आयुक्त (उत्पाद), जिला खनन पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।




# डीएम के आदेश पर जवइनिया में 24 घंटों के अंदर 34 अग्नि पीड़ित परिवारों को मिला राहत पैकेज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** भोजपुर जिले के शाहपुर प्रखंड अंतर्गत दामोदरपुर पंचायत के जवइनिया गांव में आग लगने की घटना पिछले दिन घटी थी। जिसमें लगभग 30 फूस के घर आग की चपेट में आकर जलकर राख हो गये थे। अगलगी में घर में रखे सारा सामान जलकर राख में तब्दील हो गया था। जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया के निर्देश पर प्रशासन ने त्वरित संज्ञान लेते हुए 24 घंटे के भीतर प्रभावित सभी 34 परिवारों को आपदा प्रबंधन के तहत 12000 रूपए प्रति परिवार के अनुसार कुल 4,08,000 रुपए की अनुग्रह अनुदान की राशि दी गई। इसके अलावा सभी प्रभावित परिवारों को पॉलीथीन शीट भी वितरित कर दिया गया है साथ ही सामुदायिक रसोई के माध्यम से सभी पीड़ित परिवारों को भोजन कराया जा रहा है।

**18 मामलों में 8 का किया डीएम ने किया निष्पादन**

**आरा।** जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया द्वारा बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 के अंतर्गत द्वितीय अपील के कुल 18 अपीलीय मामलों की सुनवाई की गई। इन मामलों में मुख्यतः राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, गृह विभाग, ऊर्जा विभाग तथा सामाज कल्याण विभाग से संबंधित विषय शामिल थे। सुनवाई के दौरान कुल 8 मामलों का निष्पादन किया गया।

## दो बालश्रमिकों को कराया विमुक्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** आरा शहर के अनाईठ मोहल्ला के आसपास से एक्सेस टू जस्टिस प्रोग्राम के तहत समाजिक संस्था दिशा एक प्रयास, भोजपुर, श्रम संसाधन विभाग व स्थानीय पुलिस के सहयोग से धावा दल की टीम ने दो बाल श्रमिकों को विमुक्त कराकर बाल कल्याण समिति में शुक्रवार को प्रस्तुत किया। नियोजक चंदन कुमार पर प्राथमिक दर्ज कराया गया। बाल श्रम से लिप्त बालश्रमिकों को मुक्त कराने के लिए आरा नगर के विभिन्न जगहों पर धावा दल की टीम ने छापेमारी किया।

## शॉर्ट सर्किट से लगी आग, सात बीघा गेहूं की फसल जलकर खाक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दनियावां, पटना।** शाहजहांपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मसनदपुर गांव में शुक्रवार को शॉर्ट सर्किट से खेतों में आग लग गई, जिससे करीब सात बीघा में खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि देखते ही देखते कई किसानों की मेहनत पल भर में स्वाहा हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सबसे पहले किसान गुंजन कुमार के खेत में आग लगी, जो तेजी से फैलते हुए दिलीप सिंह, सरयुग सिंह, लालबिहारी सिंह, रामाधार सिंह, प्रवीण सिंह, रामानुज सिंह और बिंदेश्वर मांझी के खेतों तक पहुंच गई। आग लगते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोग बाल्टी और पाइप की मदद से आग बुझाने में जुट गए।

घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की एक टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया। हालांकि तब तक अधिकांश फसल जल चुकी थी। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में मौजूद 11 केवीए का डीपी (डिस्ट्रिब्यूशन प्वाइंट) अक्सर चिंगारियां छोड़ता है, जिससे खेतों में बार-बार विद्युत स्पार्किंग की स्थिति बनती है। घटना के बाद जब बिजली मरम्मती दल मौके पर पहुंचा, तो आक्रोशित ग्रामीणों ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया, जिससे कर्मियों ने कार्य करने से इनकार कर दिया।

ग्रामीणों ने बिजली विभाग से डीपी को दूसरी जगह शिफ्ट करने की मांग की है। साथ ही, पीड़ित किसानों ने सरकार और जिला प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। फिलहाल प्रशासनिक अधिकारी नुकसान का आकलन करने के लिए घटनास्थल का निरीक्षण करने की तैयारी में हैं।

## एथेलेटिक्स में 24 छात्र-छात्राओं ने मारी बाजी, मुखिया ने किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**संदेश/भोजपुर।** संदेश प्रखंड स्थित एसएन लाल उच्च विद्यालय +2 अखगांव में बिहार सरकार शिक्षा विभाग, खेल विभाग एवं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को मशाल कार्यक्रम के तहत खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अध्यक्षता एचएम प्रमिला कुमारी ने की। मुख्य अतिथि अखगांव पंचायत के मुखिया आशा देवी थी। संचालन शारीरिक शिक्षक वीरेंद्र कुमार द्वारा किया गया। यह मशाल कार्यक्रम विद्यालय के प्रांगण में आयोजित हुआ। एथेलेटिक्स के खेल में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र -छात्राओं को मुखिया आशा देवी द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया। खेल के दौरान विद्यालय के 9 वीं और 10 वीं के छात्र समेत सभी शिक्षक व अभिभावक मौजूद थे। खेल के दौरान प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले कुल छात्र- छात्राओ की संख्या 8-8 है। प्रथम रोहित कुमार, सारांश कुमार, मुन्नी, खुशी, सुष्मिता, श्रद्धा, प्रिया व अर्पित कुमार, दूसरे सोहराब अंसारी, मो रेहान, रेकमा खातून, अंजली, राजी, नीरू व मुन्ना कुमार, तीसरे शशि राज, बाल करन कुमार, रचना, रीमा, शिखा, आंचल व अंकित कुमार थे। सभी छात्र-छात्राओं ने अपने स्कूल का नाम रोशन किया है।



## मारपीट मामले का अभियुक्त गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)।** कुटुंबा थाना की पुलिस ने पथरा गांव में छापेमारी कर मारपीट मामले के अभियुक्त गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अभियुक्त की पहचान उक्त गांव निवासी विनोद चौधरी और सुबोध पासवान के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने बताया कि होली के दौरान आपसी विवाद में मारपीट मामले में प्राथमिक की दर्ज कराई गई थी। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद से दोनों अभियुक्त फरार चल रहे थे। सूचना के आधार पर छापेमारी कर दोनों को उनके घर से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## पीएम श्री अनुग्रह स्कूल में मशाल खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय में मशाल खेलकूद प्रतियोगिता 2025 का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह द्वारा किया गया। यह आयोजन बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के कार्यकारी निदेशक एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार के निर्देशानुसार किया गया।

बच्चों में खेलों के प्रति रुचि और प्रतिस्पर्धात्मक भावना विकसित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार की पहल पर यह प्रतियोगिता विद्यालय, संकुल, प्रखंड एवं जिला स्तर पर आयोजित की जा रही है। विद्यालय स्तर पर यह आयोजन 25 से 27 अप्रैल तक संपन्न होगा, जिसमें कुल 77 छात्रों ने विभिन्न खेलों के लिए ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीकरण कराया है। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों ने एथलेटिक्स, क्रिकेट बॉल थ्रो, फुटबॉल एवं वॉलीबॉल जैसे खेलों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह ने एथलेटिक्स स्पर्धाओं को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया।

खेलकूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी आगे संकुल, प्रखंड और फिर जिला स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। प्रधानाध्यापक ने कहा कि खेलों से न केवल शारीरिक विकास होता है, बल्कि यह विद्यार्थियों की पढ़ाई और समग्र व्यक्तित्व विकास में भी सकारात्मक भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के खेल नोडल शिक्षक योगेंद्र पाल, सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं जिला शिक्षा कार्यालय के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।




## पंचायती राज दिवस पर मुखिया ने छात्रों को किया सम्मानित

**गोह(औरंगाबाद)।** उपहारा पंचायत के अरंडा मध्य विद्यालय में मुखिया चंद्रभूषण कुमार उर्फ गुड्डू ने पंचायती राज दिवस के अवसर पर पंचायत के मैट्रिक, इंटर व ग्रेजुएशन की परीक्षा में उत्तीर्ण मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित कर उत्साहवर्धन समर्थन किया। सभी वर्गो से लगभग ढाई दर्जन से अधिक छात्र छात्राओं का चयन किया गया। इस दौरान थानाध्यक्ष मनेश कुमार ने संदेश देते हुए कहा कि आप लोग गलत संगत में न पड़े। अच्छे-बुरे की पहचान करें ताकि गलत दिशा में न जाएं। इस मौके दर्जनों गणमान्य मौजूद रहे।

## पहलगाम में आतंकी शिकार के लिए शोक सभा




**दाउदनगर।** विवेकानंद मिशन स्कूल दाउदनगर में पहलगाम में आतंकी शिकार लोगों की आत्मा की शांति के लिए शोक सभा आयोजित हुई। विद्यालय के प्रार्थना सभा मे छात्र-छात्राओं ने दो मिनट का मौन रख मृत आत्माओं की शांति की प्रार्थना की।आतंकी हमले से क्षुब्ध बच्चों ने कहा कि निहत्थे और बेगुनाह लोगों पर हमला मानवता को शर्मसार करती है। यह आतंकियों व उसके पोषक द्वारा किया एक कायराना कृत्य है,जिसके आगे भारत नहीं झुकेगा। निदेशक डॉ शंभू शरण सिंह ने कहा कि इस कुकृत्य से देश का हर नागरिक के मन मे क्षोभ है।निर्दोषों को निशाना बनाना कायरता की पराकाष्ठा है। यह अमानवीय कृत्य घोर निंदनीय है।हमसब ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें। शोक संतप्त परिजनों को यह असीम पीड़ा सहन करने की शक्ति दें। विवेकानंद ग्रुप ऑफ स्कूल्स मृत आत्माओं की शांति की प्रार्थना करता है। प्रबंधक सुनील कुमार ने कहा कि अब भारत किसी दबाव में झुकने वाला नही है।आतंक का मुंहतोड़ जबाब देने में देश सक्षम है। कश्मीर हमारा अभिन्न अंग है इसे किसी डर, दबाव प्रभावित नही कर सकता। इस घटना से देश मर्मात है।

## महावर में बीजेपी ने धूमधाम से मनाई बाबा साहेब अंबेडकर जयंती, 'सभी के लिए हैं महापुरुष' का दिया संदेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर।** भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने ग्राम महावर में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती को बड़े उत्साह के साथ मनाया। बाबा साहेब की प्रतिमा स्थल पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विजेंद्र चंद्रवंशी ने की, जबकि संचालन पूर्व अध्यक्ष डॉ. दिनेश कुमार वर्मा ने किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला प्रवक्ता अश्वनी कुमार तिवारी ने कहा, महापुरुष सभी के लिए होते हैं, किसी एक जाति के लिए नहीं। हमें बाबा साहेब के दिखाए रास्ते पर चलने की जरूरत है। उनका सपना था कि हर घर में शिक्षा की ज्योति जले और सभी को सम्मान व अधिकार मिले। भारतीय जनता पार्टी इस सपने को साकार करने में जुटी है। श्री तिवारी ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि बाबा साहेब के नाम पर कई योजनाएं शुरू की गई हैं, जो गरीब, दलित, पिछड़ा, अति पिछड़ा और वंचित समाज के उत्थान के लिए समर्पित हैं।

कार्यक्रम में जिला महामंत्री टैगोर जी, महामंत्री अमन कुशवाहा, नगर अध्यक्ष श्याम पाठक, शमशेर नगर मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रंजन वर्मा, पूर्व अध्यक्ष राकेश पांडे, अवधेश पासवान, जिला कोषाध्यक्ष पिंटू कुमार, राहुल कुमार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बाबा साहेब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने का संकल्प लिया गया।



## डीएम ने चार मृतकों के आश्रितों को दी नौकरी, एससी-एसटी कल्याण के लिए विशेष अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मुजफ्फरपुर।** जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (एससी-एसटी) अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत चार मृतकों के आश्रितों को कार्यालय परिचारी के पद पर नौकरी प्रदान की। यह निर्णय जिला अनुकंपा समिति की बैठक में लिया गया, जिसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी ने की। सरकारी प्रावधानों के अनुसार, हत्या के मामलों में न्यायालय द्वारा आरोप गठन के बाद मृतक के आश्रित को परिचारी की नौकरी दी जाती है। नौकरी पाने वालों में मृतक संदेश कुमार की पत्नी रंजना भारती, मृतक भुटारी मल्लिक की पत्नी गुजरी देवी, मृतक अवध पासवान की पत्नी रीना देवी और मृतक कमलेश दास की पत्नी कांती देवी शामिल हैं।

**एससी-एसटी के प्रति संवेदनशीलता का निर्देश**

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को एससी-एसटी समुदाय की समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहने और प्राथमिकता के आधार पर उनका समाधान करने का निर्देश दिया। उन्होंने डॉ. अंबेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत छूटे हुए सभी परिवारों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने पर जोर दिया। जिला कल्याण पदाधिकारी (डीडब्ल्यूओ) को नियमित शिविरों का आयोजन और प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने का सख्त निर्देश दिया गया, ताकि कोई भी परिवार 22 सरकारी सेवाओं से वंचित न रहे।

**विशेष अभियानः 20,000 परिवार लाभान्वित**

अब तक जिले के 178 महादलित टोलों में शिविर लगाए गए हैं, जिनमें 20,000 परिवारों का सर्वेक्षण कर उन्हें 22 सरकारी सेवाओं से जोड़ा गया है। आगामी 26 अप्रैल को 169 टोलों में शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिनमें 15,000 परिवारों को इन सेवाओं से लाभान्वित करने का लक्ष्य है।

जिलाधिकारी ने कहा, हर टोला, हर परिवार, हर सेवा का लक्ष्य लेकर हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि एससी-एसटी समुदाय का कोई भी व्यक्ति सरकारी योजनाओं से वंचित न रहे।

**कैंप मोड में तेजी से कार्य**

इस अभियान के तहत सरकार के 22 विभागों की योजनाओं को कैंप मोड में लागू किया जा रहा है। डीएम ने डीडब्ल्यूओ को शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रभावी मॉनिटरिंग और त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

यह पहल न केवल सामाजिक न्याय को बढ़ावा दे रही है, बल्कि महादलित समुदाय के उत्थान में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

## विवेकानंद पब्लिक स्कूल ने दी पहलगाम के शहीदों को श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)।** विवेकानंद पब्लिक स्कूल अंबा में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। विधालय के संचालक अशोक कुमार ने बताया कि शुक्रवार को विद्यालय के बच्चों एवं शिक्षकों ने दो मिनट मौन रखा और राष्ट्रगान गाकर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों द्वारा पर्यटकों की हत्या की जितनी भी निंदा की जाए कम होगी। इस घटना ने हर भारतवासी को मर्माहत किया है। सरकार को इसके विरुद्ध सख्त कदम उठाने चाहिए। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक लालचंद गुप्ता, अनिल कुमार, जयवीर प्रसाद, अजय कुमार, उमेश तिवारी, प्रशांत कुमार, उद्देश्य विश्वकर्मा, रोहित कुमार, गंगेश्वर मिश्रा, राकेश पांडेय, कृष्ण प्रसाद, साक्षी, सपना, नेहा, इंदु, शमा परवीन इत्यादि मौजूद थे।



पुनर्वास महानिदेशालय

'ओएसएसएफ में रोजगार हेतु स्वर्णिम अवसर'

पूर्वसैनिकों को ओडिशा स्पेशल स्ट्राइकिंग फोर्स (ओएसएसएफ) में अनुबंध के आधार पर सीधी भर्ती हेतु आमंत्रित किया जाता है:-

- कुल रिक्तियाँ - 3000
- अनुबंध अवधि - एक वर्ष (60 वर्ष की आयु तक विस्तारणीय)
- प्रत्येक प्रथम एवं तृतीय सोमवार को वॉक-इन-इंटरविव
- इंटरविव का स्थान - चंदाका, भुवनेश्वर, पिन – 751024
- परिणाम अगले दिन
- वेतन एवं भते
  - (i) वेतन - सिपाही – रू.45,000/- प्रति माह; एन सी ओ – रू.50,000 प्रति माह
  - (ii) वर्दी भता अतिरिक्त
  - (iii) एक्स ग्रेशिया लाभ (सक्रिय सेवा के दौरान मृत्यु या अशक्तता होने की स्थिति मे अनुग्रह राशि का भुगतान)
- प्रार्थना पत्र, योग्यता, भर्ती की शर्तें, भते, दस्तावेज, चयन प्रक्रिया या अतिरिक्त जानकारी के लिए पुनर्वास महानिदेशालय की वेबसाइट www.dgrindia.gov.in पर लॉग इन करें।

CBC 10401/11/0001/2526

## बाइक से गिरकर युवक की मौत




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**कोईलवर/भोजपुर।** गीधा थाना क्षेत्र के खेसरहिया एकराम सिंह के बगीचा के समीप बाइक से गिरकर बीरमपुर गांव निवासी स्व सुदर्शन धनुका उर्फ पन्नू धानुक के 20 वर्षीय पुत्र वासुदेव धानुक की मौत हो गई। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि वासुदेव धानुक पेशे से किसान था। शुक्रवार की सुबह अपने सब्जी के खेत से सब्जी तोड़कर कायम नगर बाजार पर बेचने गया था। सब्जी बेचकर उधर से लौटते समय अपने सब्जी के खेत को घूमने बाइक से गया था। दोपहर 3:30 बजे के करीब दूसरे किसान के द्वारा परिजनों को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही परिजनों के द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस घटनास्थल पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर सदर अस्पताल आरा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक तीन भाई और एक बहन में सबसे बड़ा था। इस घटना के बाद भाई रितिक धानुक, रौशन धानुक, तथा छोटी बहन और माता रमनाती देवी का रो रोकर बुरा हाल हो रहा है। पुलिस इस मामले का कई पहलुओं से जांच कर रही है

बिहार सरकार

बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14.

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(आई.टी.आई.सी.ए.टी.)-2025/05 दिनांक- 25.04.2025

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा (ITICAT)-2025

Industrial Training Institute Competitive Admission Test (I.T.I.C.A.T.)-2025

Online आवेदन-पत्र भरने से सम्बन्धित आवश्यक सूचना

सर्व साधारण एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा-2025 से सम्बन्धित सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(आई.टी.आई.सी.ए.टी.)- 2025/04 दिनांक- 17.04.2025 के अनुसार ITICAT-2025 की परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये Online आवेदन प्राप्त करने हेतु Registration करने की अंतिम तिथि 25.04.2025 निर्धारित है। **छात्रहित में ITICAT-2025 से सम्बन्धित महत्वपूर्ण तिथियाँ निम्नवत् विस्तारित किया जाता है;**

| | | |
|---|---|---|
| (i) | Online Registration Closing Date | : 17.05.2025 |
| (ii) | Last date of payment through Net Banking/ Debit Card/ Credit Card/ UPI after submission of the Online Application Form of Registered Candidate | : 18.05.2025 |
| (iii) | Online Editing of Application Form | : 19.05.2025 to 20.05.2025 |
| (iv) | Uploading of Online Admit Card | : 05.06.2025 |
| (v) | Proposed Date of Examination | : 15.06.2025 |

(2) दिनांक 18.05.2025 तक पूर्णरूपेण भरे गये आवेदन में यदि किसी अभ्यर्थी के आवेदन के डाटा में कोई त्रुटि रह जाती है तो वे अपने भरे हुए Data को दिये गये उपरोक्त कार्यक्रम अनुसार Edit कर त्रुटि सुधार कर सकते हैं। इसके बाद त्रुटि सुधार का मौका नहीं दिया जायेगा।

(3) उपरोक्त के अतिरिक्त पूर्व प्रकाशित विज्ञापनों की अन्य सभी सूचनाएँ / शर्तें यथावत रहेंगी।

(4) सभी सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि परीक्षा से सम्बन्धित अद्यतन जानकारी हेतु पर्षद के website bceceboard.bihar.gov.in के सम्पर्क में रहें।

परीक्षा नियंत्रक

कार्यालय नगर परिषद, गढ़वा

आम सूचना

एतद् द्वारा नगर परिषद, गढ़वा के सभी नागरिकों को सूचित किया जाता है कि संबंधित नगरपालिका खुले में भौच से मुक्त घोषित है। अतः सभी नागरिकों को निदेशित किया जाता है कि खुले में शौच की अवहेलना ना करना सुनिश्चित करें, अन्यथा आपके विरुद्ध विधि सम्मत् कार्रवाई करते हुए दंड वसूला जायेगा।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद, गढ़वा।

PR.NO.351080 Urban Development(25-26):D

कार्यालय नगर परिषद, गढ़वा

आम सूचना

एतद् द्वारा सभी आम जनता एवं प्रतिष्ठानों को सूचित किया जाता है कि किसी भी तरह का भवन निर्माण के सामग्रियों का संग्रहण अपने निवास स्थान के आस पास न फैलाये एवं ना ही रखे, साथ ही प्रतिष्ठानों को भी सूचित किया जा रहा है कि संबंधित भवन निर्माण के सामग्रियों का सही ढंग से निस्तारित करना सुनिश्चित करें। किसी भी तरह का भवन निर्माण के सामग्रियों का निस्तारण हेतु नगर परिषद, गढ़वा कार्यालय को अनिवार्य रुप से सूचित करें।

भवन निर्माण साग्रियों के निष्तारण की दर निम्नवत् सुनिश्चित हैं :-

1.ट्रैक्टर द्वारा प्रति ट्रिप -500/-

सूचना के अवहेलना के आलोक में आपके विरुद्ध झारखंड नगरपालिका अधिनियम 2011 के तहत विधि सम्मत् कार्रवाई की जायेगी।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद, गढ़वा

PR 351081 Urban Development(25-26).D

# मसौढ़ी में आवास सहायक बर्खास्त, नजराना वसूली व योजनागत गड़बड़ी का मामला उजागर

## सरपंच की शिकायत और ऑडियो क्लिप से खुली पोल, उप विकास आयुक्त ने की कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी प्रखंड के भैंसवां पंचायत में तैनात आवास सहायक रागिनी कुमारी को नजराना वसूली और सरकारी आवास योजना में अनियमितताओं के आरोप में उप विकास आयुक्त ने बर्खास्त कर दिया है। बर्खास्तगी का आदेश कार्यालय पत्रांक संख्या 594/28.03.2025 के बाद की गई जांच के आधार पर जारी किया गया। जानकारी के अनुसार, भैंसवां पंचायत के सरपंच पप्पू कुमार ने उप विकास आयुक्त और प्रखंड विकास पदाधिकारी को एक लिखित शिकायत भेजी थी। शिकायत में यह आरोप लगाया गया कि आवास योजना में नाम जोड़ने के नाम पर लाभुकों से 2000 की अवैध वसूली की जा रही है। शिकायत के साथ एक ऑडियो क्लिप भी संलग्न की गई थी, जिसमें रागिनी कुमारी द्वारा लाभुक से पैसों की मांग स्पष्ट रूप से सुनी जा सकती है। इस पर आवास सहायक से स्पष्टीकरण मांगा गया, परंतु उनका जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया। इसके बाद की गई गहन जांच में यह सामने आया कि भैंसवां पंचायत के 118 स्वीकृत आवासों में से केवल 78 लाभुकों को ही प्रथम किस्त की राशि दी गई थी, जबकि शेष आवास लंबित थे।

रागिनी कुमारी का पूर्व में भी विवादों से नाता रहा है। धनरूआ में मुख्यमंत्री जीर्णोद्धार योजना में गड़बड़ी के कारण उन्हें चेतावनी दी गई थी। जनवरी 2018 में उनका तबादला फुलवारीशरीफ प्रखंड किया गया, जहां उनकी कार्यशैली को लेकर तत्कालीन बीडीओ ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए चयन मुक्त करने की अनुशंसा की थी। इन सभी मामलों की समीक्षा करते हुए उप विकास आयुक्त ने सभी नियमों और प्रावधानों के तहत रागिनी कुमारी (एम्प्लाई आईडीः 103090) को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त करने का आदेश जारी किया है। साथ ही निर्देश दिया गया है कि वह आवास से संबंधित सभी दस्तावेजों को शीघ्र ही प्रखंड कार्यालय में जमा करें।

# एनएसई ने जताई पहलगाम आतंकी हमले पर संवेदना, पीड़ित परिवारों को एक करोड़ की सहायता

**नवबिहार टाइम्स संवाददात**

**मुंबई।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए भीषण आतंकी हमले को लेकर देशभर में शोक की लहर है। इस बीच, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनएसई) ने हमले में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। एनएसई ने पीड़ितों की मदद के लिए 1 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। एनएसई की ओर से जारी बयान के मुताबिक, इस सहायता राशि के तहत प्रत्येक पीड़ित परिवार को करीब 4 लाख रुपये की मदद दी जाएगी। एनएसई ने कहा कि वह इस दुखद समय में देश और शोक संतप्त परिवारों के साथ खड़ा है। एनएसई के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ श्री आशीषकुमार चौहान



ने कहा, ''यह हमारे देश के लिए सामूहिक शोक का क्षण है। हमारी प्रार्थनाएं और भावनाएं पीड़ित परिवारों के साथ हैं। हम इस मुश्किल घड़ी में उनके साथ खड़े हैं और हर संभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।''

गौरतलब है कि इस आतंकी हमले में कई निर्दोष लोगों की जान चली गई थी, जिससे पूरे देश में आक्रोश और शोक का माहौल है।

## एक नजर

### युवती ने मोरहर पुल से लगाई छलांग

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मम्मी से झगड़े के बाद घर छोड़कर भागी युवती ने मोरहर नदी पुल से कूद कर आत्महत्या करने की कोशिश की। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुंचकर युवती की जान बचाई। पुलिस के अनुसार युवती अपनी मां से अक्सर झगड़ा करती थी और इसी मानसिक तनाव में आकर उसने यह कदम उठाया। घटना धनरूआ थाना क्षेत्र के नीमा गांव के पास घटी। फिलहाल युवती को अनुमंडल अस्पताल मसौढ़ी में भर्ती कराया गया है।

### आतंकी हमले की निंदा

**फुलवारीशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सीए सैफुल्लाह कादरी ने 'आज के दौर के कानून और मुसलमानों की जिम्मेदारियां' विषय पर जुमा नमाज के लिए अपने खुतबे में कई महत्वपूर्ण बातें कहीं. फुलवारी शरीफ के हारून नगर सेक्टर 1 की मस्जिद में जमा लोगों से उन्होंने कहा कि नया वक्फ कानून भारत के संविधान के खिलाफ है और कानून के दायरे में रहकर इसका विरोध करना जरूरी है. उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण ढंग से विरोध करना संविधान में दिया हुआ अधिकार है. इससे पहले उन्होंने कहा कि पहलगाम में जो आतंकी हमला हुआ उसकी हम सख्त मजम्मत (निंदा) करते हैं. यह कहीं से इस्लाम में जायज नहीं है। उन्होंने कहा कि अल्लाह ताला फरमाते हैं कि जिस किसी ने एक इंसान का कत्ल किया उसने पूरी इंसानियत का कत्ल किया और जिस किसी ने एक इंसान की जान बचाई उसने पूरी इंसानियत की जान बचाई.उन्होंने कहा कि सरकार वक्फ कानून के नाम पर पसमांदा मुसलमानों से हमदर्दी का दिखावा करती है. सरकार अगर पसमांदा मुसलमानों से इतनी ही हमदर्दी रखती है तो उसे हज के लिए सब्सिडी देना चाहिए।

### ससुराल से फरार दो बच्चों की मां तारेगना रेलवे स्टेशन से बरामद

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** धनरूआ थाना क्षेत्र के कोसुत गांव से फरार हुई दो बच्चों की मां निशा कुमारी को पुलिस ने तारेगना रेलवे स्टेशन के पास से बरामद कर लिया है। निशा ने कोर्ट में 164 का बयान देते हुए अपने माता-पिता के साथ रहना चाहा है। पीड़िता ने ससुर पर अशोभनीय व्यवहार का आरोप लगाया है। पति मिथिलेश पासवान चेन्नई में मजदूरी करते हैं। मामले में अपहरण का केस दर्ज किया गया था, लेकिन जांच के बाद महिला को स्वेच्छा से अपने प्रेमी साहिल कुमार के साथ पाया गया।

### अनुमंडल अस्पताल में शुरू हुई फिजियोथेरेपी यूनिट, मरीजों को मिलेगा लाभ

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मसौढ़ी अनुमंडलीय अस्पताल में फिजियोथेरेपी यूनिट का शुभारंभ कर दिया गया है। पहले तल्ले पर स्थापित इस यूनिट में मंजू कुमारी को फिजियोथेरेपिस्ट के रूप में नियुक्त किया गया है। अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार पटेल ने बताया कि अब मरीज रजिस्ट्रेशन काउंटर से सीधे फिजियोथेरेपी की पर्ची बनवा सकेंगे। कमर दर्द, गर्दन दर्द, सर्वाइकल, साइटिका, घुटना और कंधे के दर्द से पीड़ित मरीजों को इसका विशेष लाभ मिलेगा। यूनिट में आधुनिक मशीनें भी लगाई गई हैं।

# अगलगी की घटनाओं में किसानों की फसल जलकर राख



**नवबिहार टाइम्स संवाददात**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी अनुमंडल के मसौढ़ी, धनरूआ और पुनपुन प्रखंडों में आग लगने की कई घटनाओं में किसानों को भारी नुकसान हुआ है। सबसे अधिक नुकसान पुनपुन के चानेडीह गांव में हुआ, जहां 12 किसानों की 10 बीघा गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गई। नुकसान का अनुमान लगभग तीन लाख रुपये है। धनरूआ के नदपुरा, कादीरगंज के सेवई और मसौढ़ी के सरवां रेलवे गुमटी के पास भी खलिहान और पेड़ों में आग लगी। अग्निशमन पदाधिकारी जयंत शर्मा के अनुसार लगभग 10 स्थानों पर आग की घटनाएं हुईं।

# बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय ने मनाया विश्व पशु चिकित्सा दिवस पखवाड़ा

**नवबिहार टाइम्स संवाददात**

**फुलवारीशरीफ।** बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना द्वारा इस वर्ष विश्व पशु चिकित्सा दिवस को 21 से 25 अप्रैल तक उत्साहपूर्वक पखवाड़े के रूप में मनाया गया। इस वर्ष की थीम 'पशु स्वास्थ्यः एक टीम का काम है' को केंद्र में रखकर विभिन्न जन-जागरूकता और सेवा आधारित कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें छात्रों, शिक्षकों, पशु चिकित्सकों, ग्रामीणों और पशुपालकों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। पखवाड़े की शुरुआत वेटरनरी क्लिनिकल कॉम्प्लेक्स, बिहार वेटरनरी कॉलेज में निःशुल्क एंटी-रेबीज टीकाकरण अभियान से हुई। इस अवसर पर कुल 48 कुत्तों को निःशुल्क टीका लगाया गया और उनके स्वास्थ्य की जांच भी की गई. अभियान में संकाय सदस्य व विद्यार्थी भी शामिल रहे। पशु चिकित्सा को



करियर के रूप में प्रोत्साहित करने के लिए चंद्रावती +2 उच्च विद्यालय (हिलसा), महंत केशव दास +2 उच्च विद्यालय (जहानाबाद) और मध्य विद्यालय चिरौरा (नौबतपुर) में करियर जागरूकता सत्र आयोजित किए गए. इन सत्रों के माध्यम से 1,000 से अधिक छात्रों को पशु चिकित्सा की शिक्षा और रोजगार संभावनाओं की जानकारी दी गई. 382 छात्रों ने विशेष प्रश्नावली भरकर इस क्षेत्र में रुचि दिखाई। ग्रामीण क्षेत्रों में तीन स्थानों ऽ सुलतानपुर (नालंदा), भरथू (जहानाबाद) और बदीपुर (पटना) में पशु स्वास्थ्य शिविर लगाए गए. इनमें कुल 194 पशुओं का निःशुल्क परीक्षण और उपचार किया गया. पशुओं में प्रजनन, त्वचा, पाचन और कमजोरी जैसी समस्याएं पाई गईं. साथ ही, पशुपालकों को कृमिनाशन, टीकाकरण, पोषण और आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी गई। इन गतिविधियों के सफल आयोजन से इस वर्ष की थीम को साकार रूप मिला. विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी प्रतिभागियों की सहभागिता पर प्रसन्नता व्यक्त की और शिक्षा, सेवा और सामूहिक प्रयासों के माध्यम से पशु स्वास्थ्य को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

# शिक्षिका से मोबाइल, पर्स और सोने की चेन की छिनतई

**नवबिहार टाइम्स संवाददात**

**फुलवारीशरीफ।** थाना से महज कुछ कदम की दूरी पर माली गली मोड़ के पास शुक्रवार की सुबह स्कूल जा रही शिक्षिका से बदमाशों ने पर्स, मोबाइल और सोने की चेन छीन ली। घटना को अंजाम देने वाले बदमाशों की संख्या तीन थी जो शिक्षिका को घेरकर लूट की वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। पीड़िता के पति और ईसापुर बाग मोहल्ला निवासी रिजवानुजमा ने बताया कि उनकी पत्नी आतिया खानम प्रतिदिन की तरह बाढ़ स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय सैदपुर जाने के लिए सुबह घर से निकली थीं। वह पैदल ही ईसापुर से फुलवारीशरीफ थाना गोलंबर की ओर जा रही थीं इसी दौरान माली गली मोड़ के पास बदमाशों ने उन्हें घेर लिया और पर्स, मोबाइल और सोने की चेन छीन ली। शिक्षिका के अनुसार छिनी गई सोने की चेन की कीमत करीब 55 हजार रुपये थी, वहीं पर्स में ?5200 नगद, ओप्पो कंपनी का स्मार्टफोन और कई महत्वपूर्ण दस्तावेज भी थे. उन्होंने फुलवारी शरीफ थाना में इस संबंध में लिखित शिकायत दी है, लेकिन अब तक पुलिस कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर पाई है। घटना के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है. खासकर सुबह मॉर्निंग वॉक के लिए निकलने वाले पुरुषों और महिलाओं में डर समा गया है. स्थानीय लोग कह रहे हैं कि जब थाना से चंद कदम की दूरी पर इस तरह की लूट हो सकती है तो आम लोगों की सुरक्षा का क्या होगा. लोगों ने बताया कि इलाके में बदमाशों को पुलिस का कोई खौफ नहीं रह गया है। लगातार इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं। पीड़िता के परिजनों ने मांग की है कि पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर बदमाशों की पहचान करे. बताया जाता है कि ईसापुर से लेकर फुलवारी गोलंबर तक कई स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगे हैं. अगर पुलिस तत्परता से फुटेज खंगाले तो अपराधियों का सुराग जल्द मिल सकता है। बहरहाल, घटना की जानकारी के बारे जब फुलवारी शरीफ थानाध्यक्ष मशहूद हैदरी से पूछा गया तो झल्लाते हुए उन्होंने कहा कि ऐसी कोई घटना के बारे में जानकारी नहीं है और ऐसी घटना के बारे में पूछ कर परेशान मत कीजिए

# फिलमची भोजपुरी की तीसरी ओरिजिनल फिल्म का धमाकेदार वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर 26 को

**नवबिहार टाइम्स संवाददात**

**नई दिल्ली।** भोजपुरी सिनेमा प्रेमियों के लिए एक और खास तोहफा लेकर आ रहा है फीलमची भोजपुरी चैनल। अपने पांच साल पूरे होने पर '5 साल - महा धमाल' सेलिब्रेशन के तहत चैनल अपनी तीसरी ओरिजिनल फिल्म 'क्यूँकि... हर एक सास ज़रूरी होती है' का वर्ल्ड टेलीविज़न प्रीमियर 26 अप्रैल को करने जा रहा है। यह फिल्म एक्सक्लूसिव रूप से फीलमची भोजपुरी पर प्रसारित होगी। फिल्म की कहानी



हास्य, भावनाओं और पारिवारिक रिश्तों से भरपूर है। यह कहानी 'मौसम' नाम की एक समझदार बहू और उसकी चालाक व असुरक्षित सास 'धनेश्वरी' के इर्द-गिर्द घूमती है। ट्विस्ट तब आता है जब मौसम की दादी सास की आत्मा उसके शरीर में प्रवेश कर जाती है, ताकि अधूरा 'सास धर्म' पूरा किया जा सके। यह अनोखी कहानी हर उम्र के दर्शकों को जोड़ने में सक्षम है। फिल्म में अपर्णा मलिक, लाडो मधेसिया और वरिष्ठ कलाकार जे. नीलम प्रमुख भूमिकाओं में हैं। लाडो मधेसिया ने कहा, फीलमची पर बनी हर फिल्म कुछ नया लेकर आती है। यह सिर्फ मनोरंजन नहीं, सोच बदलने की कोशिश है। वहीं जे. नीलम ने कहा, यह फिल्म महिलाओं के रिश्तों को देखने का एक नया नजरिया देती है, और इसका हिस्सा बनकर मुझे गर्व है। इस खास मौके पर फीलमची चैनल पर 'क्यूँकि हर एक सास प्रतियोगिता' के विजेताओं की भी घोषणा की जाएगी, जिसमें देशभर से लाखों प्रविष्टियाँ आई हैं। प्रतिभागियों ने मजेदार वीडियो के ज़रिए अपनी सास को खास बताया, जो फिल्म के दौरान ऑन-एयर किए जाएंगे। तो 26 अप्रैल को शाम को अपने परिवार के साथ तैयार हो जाइए हँसी, भावनाओं और मनोरंजन से भरपूर इस फिल्म को देखने के लिए, सिर्फ फीलमची भोजपुरी पर।

# चार जिलों में मत्स्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स संवाददात**

**फुलवारीशरीफ।** निदेशक मत्स्य, बिहार, पटना की अध्यक्षता में गया व पूर्वी चम्पारण के जिला मत्स्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में तथा किशनगंज व समस्तीपुर के अधिकारियों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य एवं केंद्र प्रायोजित मत्स्य योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में निदेशक मत्स्य ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी निर्माण कार्यों को आगामी मानसून से पहले हर हाल में पूर्ण कर लिया जाए. साथ ही वित्तीय वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 की योजनाओं को अप्रैल माह तक पूरा कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश भी दिया गया। प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के अंतर्गत तालाब निर्माण में समस्तीपुर (34.23 हे0) और पूर्वी चम्पारण (15.19 हे0) ने उल्लेखनीय प्रगति की, वहीं गया (13.07 हे0) और किशनगंज (5.26 हे0) भी पीछे नहीं रहे. रियरिंग तालाब निर्माण में समस्तीपुर (20.56 हे0) और गया (7.14 हे0) आगे रहे। राज्य योजनाओं के तहत विशेष सहायता योजना में गया (16.32 ए0) और समस्तीपुर (20.00 ए0) ने बेहतर प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री चौर विकास योजना (सात निश्चय-2) के अंतर्गत पूर्वी चम्पारण (63.092 हे0) और समस्तीपुर (61.95 हे0) ने सर्वाधिक उपलब्धि हासिल की। निदेशक ने निर्देशित किया कि MIS पोर्टल पर प्राप्त सभी आवेदनों की प्राथमिक जांच मत्स्य प्रसार एवं विकास पदाधिकारी द्वारा कर योग्य आवेदनों को शीघ्र जिला मत्स्य पदाधिकारी को भेजा जाए। बैठक में उप निदेशक मत्स्य, जिला मत्स्य पदाधिकारी, मत्स्य प्रसार पदाधिकारी, विकास पदाधिकारी, परियोजना समन्वयक सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# चहारदीवारी की उठी मांग

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** हरनाथचक गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय के खेल मैदान से अवैध रूप से मिट्टी की कटाई की जा रही है। प्रभारी प्रधानाध्यापक सुरेश कुमार ने इस पर रोक लगाने और विद्यालय परिसर की चारदीवारी की मांग की है। बताया गया कि दो साल पहले मिट्टी के गड्ढे में एक बच्चा डूब कर जान गंवा चुका है। बीइओ राजेंद्र ठाकुर ने सीओ से जमीन का अनापत्ति प्रमाण पत्र मांगते हुए विभाग को पत्र भेजा है ताकि चारदीवारी निर्माण की प्रक्रिया आगे बढ़ सके।

# बरावां पंचायत के पूर्व मुखिया पर सरकारी राशि के गबन का मामला दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददात**

**मसौढ़ी।** पुनपुन बीडीओ मानेंद्र कुमार सिंह ने अपने प्रखंड के बरावां पंचायत के पूर्व मुखिया अंजनी देवी समेत अन्य लोगों के खिलाफ एक बार फिर बीते गुरूवार की शाम सरकारी राशि के गबन का मामला दर्ज कराया है। बताया जाता है कि पूर्व मुखिया के विरूद्ध पूर्व में दो और मुकदमा गबन का ही पुनपुन बीडीओ व लघु सिंचाई विभाग के कार्यपालक अभियंता के द्वारा गौरीचक थाना में मामला दर्ज कराया जा चुका है। दर्ज करायी गयी प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है। बीडीओ ने दर्ज प्राथमिकी में बताया है कि जिला पदाधिकारी तथा परिवाद की अनन्य अंतर्गत विभागीय सचिव, पंचायती राज विभाग सह द्वितीय अपीलीय प्राधिकार के द्वारा निर्गत नोटिस के बाद पूर्व मुखिया के बिरूध प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। बतादे कि लघु सिचाई प्रमंडल पटना के कार्यपालक अभियंता अरविंद कुमार के द्वारा बीते वर्ष 2024 के 22 अक्टूबर को गौरीचक थाना कांड संख्या 603/24 को करीब पन्द्रह लाख रूपये व इसी वर्ष पुनपुन बीडीओ मानेंद्र कुमार सिंह ने 16 अक्टूबर को गौरीचक थाना कांड संख्या 590/24 के तहत सात लाख अस्सी हजार नौ सौ रूपये गबन का मामला दर्ज करा चुके है.बीडीओ ने दर्ज प्राथमिकी में पूर्व मुखिया अंजनी देवी के साथ पंचायत शिक्षक अजीत कुमार एवं मुखिया पति धनंजय मधु को आरोपित किया है।

**भाकपा अंचल परिषद की बैठक :** नावकोठी। भाकपा अंचल परिषद की बैठक हसनपुर बागर में शुक्रवार को हुई। इसकी अध्यक्षता विष्णु देव सदा ने किया। अंचल प्रभारी संजीव कुमार सिंह ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी का मेरूदंड है। इसे मजबूती प्रदान करने के लिए सभी जन संगठनों को चुस्त दुरूस्त करने की जरूरत है।

# मसौढ़ी कांग्रेस में संगठनात्मक बदलाव

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मसौढ़ी प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक में रिक्त अध्यक्ष पद के लिए दो नामों रामनारायण पासवान और रविंद्रधारी बिंद को सर्वसम्मति से चयनित कर प्रदेश मुख्यालय भेजा गया है। नगर अध्यक्ष के रूप में मृत्युंजय पेरियार के नाम पर सहमति बनी। बैठक की अध्यक्षता इंद्रमणि देवी ने की। इस दौरान जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए तीर्थ यात्रियों को श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में प्रदेश महासचिव मो. अरफराज साहिल समेत कई नेता मौजूद रहे।

# उष्ण एवं उपोष्ण कटिबंधीय फल उत्पादों का मूल्यांकन सम्पन्न




**नवबिहार टाइम्स संवाददात**

**बाढ़।** कृषि विज्ञान केन्द्र, बाढ़, पटना में कौशल उन्नयन प्रशिक्षण अंतर्गत उष्ण एवं उपोष्ण फल उत्पादन विषय पर प्रशिक्षण उपरांत मूल्यांकन संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण दिनांक 24.03.2025 को प्रारंभ किया गया था। जो कुल 60 घंटे तक आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण का आयोजन वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान के दिशा-निर्देश में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण के मुख्य प्रशिक्षक डाध पुष्पम पटेल, वैज्ञानिक (उद्यान) ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण का आयोजन किया। इस प्रशिक्षण के माध्यम से पौध प्रवर्द्धन से लेकर स्थानीय फलों की वैज्ञानिक खेती के बारे में प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को उद्यान महाविद्यालय, नुरसराय का भ्रमण करवाया गया जिसमें ग्राफटींग, बडींग, एयर लेडिंग आदि तकनीकों का प्रयोगात्मक विधि से बतलाया गया।

# कई मामलों में वांछित कुख्यात राजू नट गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददात**

**फुलवारीशरीफ।** स्थानीय पुलिस को एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है. फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र के खगौल लख इलाके से कुख्यात अभियुक्त धन-धन उर्फ़ स्लो राजू नट को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है. गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ कई थानों में गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार, राजू नट फुलवारी शरीफ थाना कांड संख्या 647/25 में वांछित था। इस मामले में उसके खिलाफ असामाजिक गतिविधियों से जुड़े गंभीर आरोप लगाए गए हैं इस केस में धारा 126(2), 115(2), 118(1), 125(1), 109, 262, 131, 132 और 3(5) के तहत मुकदमा दर्ज है। ये धाराएं देश की सुरक्षा, सैन्य गोपनीयता और सरकार के खिलाफ साजिश जैसे मामलों से जुड़ी हैं। इसके अलावा आरोपी फुलवारी शरीफ थाना कांड संख्या 624/15 में भी वांछित था, जिसमें उस पर डकैती और हथियार के बल पर लूट (IPC की धारा 395/397) का आरोप है.राजू नट पर फुलवारी के अलावा अन्य थाना क्षेत्रों में भी संगीन मामले दर्ज हैं. परसा बाजार थाना क्षेत्र के कांड संख्या 235/24 में उस पर डकैती का आरोप है, वहीं गोपालपुर थाना के कांड संख्या 264/24 में भी वह वांछित है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि राजू नट लंबे समय से फरार चल रहा था और उसके खिलाफ कई मामलों में गिरफ्तारी वारंट जारी था. फुलवारी पुलिस अब उससे पूछताछ कर अन्य सहयोगियों और आपराधिक नेटवर्क के बारे में भी जानकारी इकट्ठा कर रही है।


बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
**ग्रामीण कार्य विभाग**
कार्य प्रमण्डल, औरंगाबाद

**अल्पकालीन पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना**
(संख्या RWD/ Aurangabad/DMFT/ET-3/2024–25)

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, औरंगाबाद द्वारा शीर्ष जिला खनिज फाउन्डेशन अंतर्गत पथ निर्माण कार्य हेतु ग्रामीण कार्य विभाग मे उचित श्रेणी मे निबंधित संवेदको से प्रतिशत दर पर ई– निविदा प्रक्रिया के माध्यम से पुर्ननिविदा आमंत्रित की जाती है।

| Sl. No. | Name of Work | Estimated Cost (Rs. In Lakh) | EMD (Rs in Lakh) | Cost Of BOQ | Time of Complition (In Months) | Reservation Quota | Amount Payable to |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | प्रखण्ड बारूण के धनगाई पंचायत के ग्राम–रामपुर में सुरेश प्रजापति क घर से पुल तक सड़क निर्माण कार्य लम्बाई लगभग 600 फीट | 32.71100 | 0.66 | 5000 | 09 Month | Unemployed Engineer | E.E.R.W.D. Works, Division, Aurangabad |
| | कुल योग्य | 32.71100 | | | | | |

Note:- **As per RCD's Notification No. 13589 dated 13.12.2011 Only those Contractors who are registered under class IV (in, (Concern district )can** take part in the tender of work up to 25 lakhs. Contractors who are registered under class I, II, III cannot articipate in the tender amounting up to 25 lakhs or less.

**ऑन लाईन निविदा फार्म मिलने का समय** दि0. 01.05.2025 के 09:00 बजे से दि0. 10.05.2025 के 15:00 बजे तक
**ऑन लाईन निविदा जमा करने का समय दि0. 10.05.2025 को 15:00 बजे तक**
**ऑन लाईन निविदा खोलने का समय दि0. 10.05.2025 को 15:30 बजे से**

निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेब साईट http://pmgsytendersbih.gov.in पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदको को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से बेब साईट पर रजिस्टर्ड करवाना आव यक है।

ई टेन्डरिंग की प्रक्रिया से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी/सूचना हेतु पॉचवा तल्ला,ग्रामीण कार्य विभाग विश्वेश्वरैया भवन,बेली रोड़,पटना से सर्म्पक किया जा सकता है। दूरभाष संख्या–(0612) 2545243, 9973787275 ई मेल– etenderingbihhelp@gmail.com

**निविदा की विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।**

**कार्यपालक अभिंयता**
**ग्रा0 का0 वि0, कार्य प्र0, औरंगाबाद।**

PR- 001906 ( RWD ) 2025-26

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।**

## संक्षिप्त समाचार

### विभिन्न मामलों के 13 आरोपित गिरफ्तार

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विभिन्न थाने की पुलिस छापेमारी कर अलग-अलग मामले के 13 आरोपितों को गिरफ्तार की है। पुलिस के मीडिया सेल प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि विभिन्न थाने की पुलिस की ओर से की गई कार्रवाई में तीन वारंटी समेत 13 अभियुक्त गिरफ्तार किए गए हैं। इनमें से पांच की गिरफ्तारी उत्पाद अधिनियम के तहत की गई है। अजमानतिय पांच वारंट का निष्पादन किया गया है। पुलिस इनमें से 12 को न्यायिक हिरासत में भेज दी है। विगत 24 घंटे में पुलिस की कार्रवाई में 14 लीटर 260 मिलीलीटर शराब जब्त किया गया है। अपराध नियंत्रण के उद्देश्य से चलाए गए वाहन जांच के दौरान पुलिस यातायात नियमों का उल्लंघन करने और आधे अधूरे कागजात वाले वाहन चालकों से दो लाख 71 हजार पांच सौ रुपये जुमार्ना वसूल की है।

### पेड़ से लटकता मिला वृद्धा का शव

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शनिचरी थाना क्षेत्र के गोरा मंदिर के सामने बगीचे में आम के पेड़ से फंदे में 65 वर्षीय महिला का शव लटकते हुए बरामद किया गया है। मृतका की पहचान शनिचरी थाना क्षेत्र के बासोपट्टी निवासी बहादुर राम की विधवा लालसा कुवंर के रूप में हुई है। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। हत्या या आत्महत्या इस पर प्रशासन किसी नतीजे पर नहीं पहुंच रही है । शनिचरी थाने की पुलिस इस मामले को दोनों एंगल से देख रही है । शुक्रवार की सुबह शव को देख ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना शनिचरी थाने को दी गई । मौके पर पहुंचे थाना अध्यक्ष कृष्ण मुरारी अपने दल बल के साथ शव को कब्जे में लेकर पोस्मार्टम के लिए बेतिया जीएमसीएच भेजा।

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चनपटिया-साठी रेलखंड के अहीर टोली रेलवे समपार फाटक के समीप ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान चनपटिया थाना क्षेत्र के अहीर टोली वार्ड नं-एक निवासी राजेन्द्र यादव के पुत्र जवाहिर कुमार (29) के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि जवाहिर गुरुवार की शाम पंचायत के मुखिया के घर शादी समारोह में शामिल होकर रात्रि करीब 9 बजे घर आया। थोड़ा देर घर रुकने के बाद उसने बोला कि कुछ देर में वापस घर आ रहे हैं। उसके बाद वह वापस घर नही लौटा। परिजन रातभर खोजबीन करते रहे। इधर, शुक्रवार की सुबह घर से करीब दो सौ मीटर दूर रेल ट्रैक पर उसका शव देखा गया। सूचना पर पहुँची रेल पुलिस व स्थानीय थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच बेतिया भेज दिया।

### खेल प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

फोटो 25 बेतिया 4 प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ी

मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय



रामपुरवा मैनाटांड में शुक्रवार को खेल प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का मसाल जलाकर शुभारंभ किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन उप प्रमुख खुर्शेद आलम एवं जिला परिषद प्रतिनिधि अखिलेश्वर प्रसाद झुनू एवं प्रधानाध्यापक हरिप्रकाश पांडे उर्फ डीके पांडे ने संयुक्त रूप से फिता काटकर किया। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगान के साथ की गई। इस प्रतियोगिता में पांच खेल एथलेटिक्स, साइकिलिंग, कबड्डी, फुटबॉल और वॉलीबॉल शामिल हैं। उप प्रमुख ने बताया कि बिहार खेल प्रतिभा खोज प्रतियोगिता राज्य सरकार की खेल और खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास की प्रतिबद्धता के अनुरूप अत्यंत महत्वपूर्ण और महत्वाकांक्षी योजना है। इसका मूल उद्देश्य राज्य में खेल संस्कृति के विकास को बढ़ावा देना है।

### जनता दरबार का हुआ आयोजन

**सिसवन/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के अंचल कार्यालय में शुक्रवार को सिसवन अंचलाधिकारी पंकज कुमार ने प्रखंड स्तरीय जनता दरबार का आयोजन कर लोगों की समस्याएं सुनी। प्रखंड स्तरीय जनता दरबार में लगभग एक दर्जन लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं को लेकर अंचला अधिकारी को आवेदन देकर कार्रवाई करने की मांग की।इस संबंध में अंचल कर्मियों ने जानकारी दी।

### 22 दिनों से गायब लड़की को पुलिस ने किया बरामद

**साठी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बाइस दिनों से अपने मामा के घर से गायब नाबालिक लड़की को पुलिस ने शुक्रवार को शिकरहना पुल के पास से बरामद कर लिया है। थानाध्यक्ष धीरज कुमार ने बताया कि अपहृता को शिकरहना पुल के पास से बरामद कर लिया गया है। अपहृता के पिता ने थाने में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई थी। बरामद लड़की को 164 के बयान एवं मेडिकल जांच करने की तैयारी में है।

### वंचितों की सेवा में सदैव तत्पर

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय जनता पार्टी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य प्रतीक एडविन शर्मा ने चनपटिया विधानसभा क्षेत्र के दो अलग-अलग पंचायतों घोघा के मोहछीनैन में दो निर्धन परिवारों की सुपुत्री की शादी के लिए आर्थिक एवं सामग्री की मदद की। इस दौरान उन्होंने घोघा निवासी प्रमोद महतो की पुत्री एवं नौतन खुर्द के छोटा सेमरा के लड्डू पासवान की पुत्री के विवाह हेतु निजी कोष से सहयोग



प्रदान किया। उनकी यह पहल न सिर्फ समाज के लिए एक प्रेरणा है, बल्कि भारतीय जनता पार्टी के 'सेवा ही संगठन' के मूल मंत्र को भी साकार करती है।श्री शर्मा का यह योगदान न केवल एक सामाजिक जिम्मेदारी को निभाने का उदाहरण है, बल्कि उस नेतृत्व की मिसाल भी है जो जन-जन के सुख-दुख में सहभागी होता है।

# महिला संवाद कार्यक्रम में अब तक 64 हजार महिलाओं की हुई भागीदारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सीवान/सिसवन।** बिहार सरकार की ऐतिहासिक पहल 'महिला संवाद' कार्यक्रम के अंतर्गत सीवान जिले में अब तक 64,000 से अधिक ग्रामीण महिलाएं सक्रिय रूप से शामिल हो चुकी हैं। यह न केवल एक आंकड़ा है, बल्कि एक सामाजिक चेतना का प्रतीक है। महिला संवाद कार्यक्रम में गांव की महिलाएं अब अपने अधिकारों, योजनाओं और अपने समुदाय की जरूरतों के प्रति जागरूक हो रही हैं और सरकार से सीधे संवाद कर रही हैं। शुक्रवार को भी जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक (डीपीएम) ने सिसवन प्रखंड के माधोपुर गांव, गंगपुर सिसवन पंचायत के सितारा ग्राम संगठन (वीओ) का दौरा किया। जहां 260 से अधिक महिलाएं बड़ी उत्सुकता और जागरूकता के साथ उपस्थित रहीं। इस अवसर पर महिलाओं ने न केवल स्थानीय समस्याएं साझा कीं, बल्कि अपने समुदाय के समग्र विकास को लेकर गहरी चिंताएं और ठोस सुझाव भी रखे। डीपीएम द्वारा अपने संवाद में बिहार सरकार की सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण की ऐतिहासिक यात्रा पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार राज्य सरकार ने



महिलाओं के लिए आरक्षण, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, महिला सुरक्षा एवं पोषण से जुड़ी योजनाओं, स्थानीय स्तर पर महिला नेतृत्व को बढ़ावा देने, तथा स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आर्थिक आत्मनिर्भरता के प्रयासों को प्राथमिकता दी है। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार ने लगातार यह सुनिश्चित किया है कि महिलाओं की जरूरतों को नीति निर्माण में प्राथमिकता मिले और उन्हें सिर्फ लाभार्थी नहीं, भागीदार बनाया जाए। बदलाव की शुरूआत वहाँ होती है जहाँ सवाल उठते हैं- आज गाँव की महिलाएं न केवल सवाल पूछ रही हैं,बल्कि जवाब पाने की हकदारी भी जताती हैं। महिलाओं ने आज के संवाद में शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षित आवागमन, सामुदायिक केंद्र, रोजगार के अवसर और बेटियों की उच्च शिक्षा से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से रखा। जो संकेत हैं कि अब ग्रामीण महिलाएं व्यक्तिगत नहीं, सामूहिक सोच के साथ समाज के निर्माण में लगी हैं। महिला संवाद का यह अभियान केवल सूचना देने का माध्यम नहीं, बल्कि एक नवचेतना आंदोलन बनता जा रहा है। बिहार सरकार और जीविका के संयुक्त प्रयास से यह संवाद अब उस दिशा में बढ़ रहा है, जहाँ हर गाँव की दीदी निर्णय प्रक्रिया का हिस्सा बन सके और समाज के हर तबके को न्याय, समानता और सम्मान मिले।

उधर सिसवन प्रखंड के माधोपुर गांव में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन जीविका महिला ग्राम संगठन द्वारा किया गया जिसमें महिला संवाद के उदेश्य पर बाते किया गया जिसमे राज्य सरकार के महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम से आत्मनिर्भर होती महिलाओं के अनुभव से सभी रूबरू हुए साथ हि सभी महिलाओं के द्वारा अपनी आकांशा भी बताई गयी जहा दीदियों ने अपनी मांग के बारे मे बताया एलइडी स्क्रीन पे वीडियो के माध्यम से सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु चलाये जा रहे बिभिन्न योजनाओं से अवगत कराया गया सरकार के ग्रामीण विकास विभाग की ओर से सिसवन प्रखंड के रामगढ़ और सिसवन पंचायत में जीविका ग्राम संगठनों मे महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संवाद में महिलाओं ने अपनी समस्याएं रखी। कई लाथार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए। इस कार्यक्रम को लेकर जीविका द्वारा पूर्व से सूचना प्रसारित की गई थी। डिजिटल जागरूकता वैन के द्वारा महिलाओं ने पूरी तन्मयता से वीडियो फिल्म के माध्यम से दिखाए गए महिलाओं के लिए संचालित बिहार सरकार की योजनाओं के बारे में जाना। इसके बाद महिलाओं ने अपनी समस्याओं को उठाया और कई सुझाव भी दिए। कार्यक्रम में शामिल दीदियों को बताया की वीडियो फिल्म के द्वारा बिहार सरकार की ओर से महिला, छात्राओं और युवतियों के लिए किये गये कार्यो की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान गांव की महिलाओं से गांव व टोले की समस्या को नोट किया गया।

# बोरे में बंधा विवाहिता का शव बरामद, शव जलाने की कोशिश

## शव जलाने के विरोध में ससुराल एवं मायका वालों में हुई मारपीट

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के अमवा बैरागी टोला वार्ड 6 में बाइक के लिए गर्भवती महिला की गला दबाकर हत्या कर दी गई। घटना गुरुवार दोपहर की है।हत्या के बाद परिजनों ने लाश को बोरे में रखकर बांधकर छुपा दिया।और रात्रि में जलाने के लिए लेकर गए।हत्या के बाद ससुराल वालों ने शव को जलाने के लिए कोशिश ही कर रहे थे की मायके वाले पहुंच गए।शव जलाने पर रोक लगा दी। इसको लेकर शादी के 2 साल बाद मुखिया के उपस्थिति में पंचायती हुई थी। उस समय जनप्रतिनिधियों एवं पांचों की उपस्थिति में मोटरसाइकिल खरीदने के लिए मैं 40 हजार रुपए दे दिया। मैं अपने बहन को शादी के बाद 23 अप्रैल को उसके घर अमवा बैरागी टोला पहुंचाया।गुरुवार रात ससुराल वालों ने चम्पा की गला दबाकर हत्या कर दी। फिर शव को जलाने के लिए टायर, यूरिया और पेट्रोल लेकर घर से एक किलोमीटर दूर 80 आरडी



लेकर दोनों पक्षों में मारपीट हुई। और ससुराल वाले बोरे में लाश छोड़कर फरार हो गए।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच भेजा। मृतका के पिता रामानंद महतो ने बताया कि सात साल पहले अपनी बेटी चम्पा देवी की शादी अमवा बैरागी निवासी माधो महतो के पुत्र हरिरंजन महतो के साथ हुई थी। शादी के बाद दमाद, ससुर, सास द्वारा बाइक की मांग की जा रही थी। इसको अमवा नहर के पास ले गए। गांव वालों से सूचना मिलने पर मायके वाले मौके पर पहुंचे और विरोध किया। इस दौरान ससुराल वालों ने उनके साथ मारपीट कर फरार हो गए। थानाध्यक्ष विश्वमोहन चौधरी ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।मृतक के पिता के आवेदन पर प्राथमिक की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। वही ससुराल वाले घर छोड़कर फरार हुए हैं।

# आवास सहायकों के साथ बीडीओ ने की समीक्षा बैठक

## एमएसडीपी के तहत लाभुकों का भौतिक सत्यापन करने का दिया निर्देश

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड कार्यालय में सभी ग्रामीण आवास सहायकों के साथ बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने आवास योजना की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की। बैठक के दौरान बीडीओ ने सभी कर्मियों को निर्देशित करते हुए कहा कि एमएसडीपी योजना के तहत लाभ प्राप्त करने वाले जो भी लाभुक है। उनका भौतिक सत्यापन जल्द से जल्द करें। ताकि उन्हें दूसरे किस्त का भुगतान दिया जा सके। बीडीओ श्री सिंह ने बताया कि वर्ष 2010-11 व 2011-12 में करीब 750 लाभुकों को प्रथम किस्त की राशि दी गई थी। इनमें से कितनों को दूसरा किस्त मिल चुका है और कई बाकी है। जिन्हें यह लाभ दिया जाना है उसका भौतिक सत्यापन करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि सेमरी, भेड़ीहरवा, बरवा बरौली, नौतनवा, रखही चंपापुर, धूमनगर, चमुआ तथा बिनवलिया के पंचायत के 750 लाभुकों को दो वित्तीय वर्ष पहली किस्त 30 हजार रुपए का लाभ दिया गया था। इनमें से 645 को दूसरा किस्त दिया जा चुका है। हालाकि करीब 105 लाभुकों को दूसरे किस्त का 15 हजार रुपए का लाभ दिया जाना है। वहीं



बैठक में वर्ष 2024-25 में पीएम आवास योजना के तहत प्राप्त लक्ष्य 522 में से 483 को प्रथम किस्त, 437 को द्वितीय किस्त तथा 224 को तृतीय किस्त दिया गया है। जबकि 108 लाभुकों का आवास पूर्ण है। पूर्णता प्रतिशत बढ़ाने को लेकर सभी कर्मियों को निर्देश दिया गया है। समीक्षा बैठक में आवास पर्यवेक्षक नितेश कुमार, धीरज कुमार समेत सभी ग्रामीण आवास सहायक उपस्थित रहे।

### जांच में गड़बड़ी को लेकर एचएम से स्पष्टीकरण

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर के वार्ड संख्या 16 स्थित कन्या मध्य विद्यालय के जांच में मिली गड़बड़ी को लेकर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राजेश कुमार यादव ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक कन्हैया लाल राम से स्पष्टीकरण मांगा है।

बीईओ ने बताया कि जांच में विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति पंजी अंकित नहीं की गई थी, वर्ग शिक्षकों द्वारा बताया गया कि छात्रों की उपस्थिति एच एम द्वारा स्वयं बनाई जाती है। विद्यालय में नामांकित बच्चों में एफ एल एन किट का वितरण सभी बच्चों में नही किया गया है। साथ ही बच्चों से पूछताछ में सामने आया है कि विद्यालय में समय सारणी के अनुसार कभी पढ़ाई नहीं होती है ना ही मनु के अनुसार मध्यान भोजन बनता है। जिसके कारण कुछ छात्र-छात्राएं मध्यान भोजन से वंचित भी रह जाते हैं। वहीं विद्यालय कक्ष व शौचालय में साफ सफाई का घोर अभाव पाया गया। विद्यालय के वर्ग कक्ष में विद्युत बल्ब को पंखा भी पर्याप्त मात्रा में नहीं पाया गया है। जिसको लेकर विद्यालय के प्रधानाध्यापक कन्हैयालाल राम से स्पस्टीकरण की मांग की गई है।

# पहलगाम में पर्यटकों की हत्या के विरोध में विहिप और बजरंग दल का प्रदर्शन

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पहलगाम हमले के विरोध में विहिप-बजरंग दल ने देशव्यापी प्रदर्शन के तहत बेतिया के सोवा बाबू चौक पर प्रदर्शन कर आतंकवाद व आतंकी पाकिस्तान के फूंके पुतले। विहिप जिलामंत्री रमण गुप्ता ने बताया देश भर में हजारों स्थानों पर हो रहे इन विरोध प्रदर्शनों में लाखों की संख्या में घटना से मर्माहत लोगों ने आक्रोशित स्वर में




जिहादी आतंकवाद व पापी पाकिस्तान की काफिरोफोबिया से ग्रसित मानसिकता का समूल नाश करने का संकल्प व्यक्त किया। इसी कड़ी में विहिप बजरंग दल बेतिया इकाई द्वारा जिला मुख्यालय बेतिया में भी आज प्रदर्शन किया गया है। शहीद स्मारक पर हुए विरोध प्रदर्शन में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओ द्वारा इस कायराना हमले में मृत हुए हुतात्माओं के लिए मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई ।विहिप जिलाध्यक्ष दीपक वर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि दुनिया को पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद से मुक्त कर पाक अधिकृत कश्मीर को जिहादी चंगुल से छुड़ा कर पुनरू भारत में मिलाया जाए। प्रदर्शन को विभाग मंत्री निरज कुमार जिला सह संयोजक दीपू शर्मा जिला उपाध्यक्ष सुनील कुमार नगर सह संयोजक राज प्रियांश विहिप विधि प्रकोष्ठ के राजेश गुप्ता व ऋषव वर्मा ने भी संबोधित किया। मौके पर विरोध प्रदर्शन में अतुल कुमार, राजकुमार, राजेश गुप्ता, महेंद्र राम, शंभू कुमार, अखिलेश आर्या, मंजय सिंह, अखिलेश आर्या, सुजीत सोनी, अधिवक्ता विनोद कुमार, राजू कसेरा ,अतुल कुमार,दिलीप कुमार,अनिल कुमार,सूर्यांशु मिश्रा ,अभिमन्यु शर्मा आदि भी मौजूद रहे।

### व्यायामशाला सिवान में खेलो इंडिया मशाल यात्रा का आयोजन

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रविवार को खेलभवन- सह-व्यायामशाला सिवान में खेलो इंडिया कार्यक्रम के तहत मशाला यात्रा का जिला प्रशासन सिवान द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम का मेजबानी पहली बार बिहार कर रहा है। यह बिहार के लिए गर्व की बात है। खेलो इंडिया के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से मशाल यात्रा सभी जिलों में पहुंच रही है। इससे राज्य में खेल संस्कृति को नई ऊर्जा और प्रेरणा मिलेगी। यही नहीं उक्त मशाल यात्रा से युवाओं में खेल भावना, प्रतिस्पर्धात्मकता,अनुशासन और देशभक्ति की भावना को जागृत किया जा रहा है।जिला खेल पदाधिकारी, सिवान उपेंद्र कुमार यादव ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में जिला प्रशासन के साथ साथ विद्यालयों के वैसे बच्चे जो खेलकूद में रूची रखते हैं तथा राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना चुके खिलाड़ी तथा खेल संघों की भी भागीदारी रहेगी।

# दाउदपुर में वीर कुंवर सिंह का विजय दिवस हर्षोल्लास के साथ मना

## वीर कुंवर सिंह चौक का हुआ नामकरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**एकमा/मांझी (सारण)।** मांझी प्रखंड के दाउदपुर पंचायत के दाऊदपुर बाजार में वीर कुंवर सिंह का विजय दिवस पारंपरिक हर्षोल्लास व श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो ओम प्रकाश सिंह ने की। जबकि उद्घाटन यूपी के वलिया जिले के बैरिया के पूर्व विधायक सुरेंद्र सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर बिहार सरकार के मंत्री मंटू सिंह ने वीर कुंवर सिंह के जीवन, संघर्ष व देशभक्ति पर प्रकाश डाला।

उन्होंने बताया कि वीर कुंवर सिंह ने 1857 की क्रांति के दौरान अंग्रेजों को छठी का दूध याद दिला दिया था। वहीं सीवान की पूर्व सांसद कविता सिंह के प्रतिनिधि अजय सिंह ने कहा कि 23 अप्रैल को उन्होंने अंग्रेजों पर विजय प्राप्त कर घर वापसी की थी। इसी उपलक्ष्य में हर वर्ष यह दिन विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने यह भी घोषणा की कि अब दाउदपुर





का प्रमुख चौक वीर कुंवर सिंह चौक के नाम से जाना जाएगा। कार्यक्रम में विलंब से पहुंचे सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल द्वारा वीर कुंवर सिंह के अद्वितीय साहस की चर्चा की गई। जब उन्हें अंग्रेजों की गोली उनके बाएं हाथ में लगी, तो उन्होंने अपने ही तलवार से उस हाथ को काटकर गंगा में समर्पित कर दिया था। उनके भाई अमर सिंह ने भी स्वतंत्रता संग्राम में अहम भूमिका निभाई थी।

# आरपीएफ ने चोरी के 15 पेंड्राल क्लिप के साथ एक युवक को किया गिरफ्तार

## बरामद पेंड्राल क्लिप की कीमत बताई जा रही है लगभग 12 सौ रुपए के करीब

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रेलवे सुरक्षा बल ने गुरुवार की शाम एक व्यक्ति को चोरी कर ले जा रहे 15 पेंड्राल क्लिप के साथ गिरफ्तार किया. गिरफ्तार व्यक्ति अनिल राम नगर थाने के सिसवन ढाला हरिजन बस्ती निवासी किशुन राम का पुत्र है.

आरपीएफ निरीक्षक राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि वरिष्ठ मण्डल सुरक्षा आयुक्त के निर्देशानुसार रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट एवं टास्क टीम वाराणसी मण्डल द्वारा आपराधिक निगरानी की जा रही थी. इसी दौरान रेलवे स्टेशन सीवान मालगोदाम स्थित रेलवे लाइन के उत्तर साइड से 15 पीस रेलवे के पेंड्राल क्लिप को चोरी कर ले जा रहे अनिल राम को गिरफ्तार किया गया.




बरामद पेंड्राल क्लिप की कीमत लगभग 12 सौ रुपए बताई जा रही है.उन्होंने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति रेलवे परिक्षेत्र मे पड़े रेलवे के लोहा चोरी करके चलते फिरते कबाड़ी वाले को बेच देता था.छापेमारी में उप निरीक्षक जयेन्द्र कुमार मिश्रा, सउनि शैलेन्द्र कुमार पाण्डेय, परमेन्द्र राय, धर्म प्रकाश मिश्रा,मनोज कुमार शाह एवं विजय कुमार यादव शामिल थे.उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त को रेल मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया जाएगा.

# जिलाधिकारी के जनता दरबार में 85 मामलों की हुई सुनवाई

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिलाधिकारी कार्यालय प्रकोष्ठ में आज जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी, दिनेश कुमार राय ने लोगों की समस्याओं एवं शिकायतों को बारी-बारी से सुना।

जनता दरबार में कई समस्याओं एवं शिकायतों का ऑन-द-स्पॉट समाधान कराया गया। साथ ही कई मामलों में संबंधित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को फोन कर समस्याओं का समाधान करने के लिए शीघ्र समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।जिलाधिकारी के जनता दरबार में 85 मामले आए। जिन मामलों का समाधान आज नहीं हो सका, उसे संबंधित विभाग अधिकारियों को भेजते हुए त्वरित गति से नियमानुकूल समाधान कराने हेतु निर्देशित किया गया। जिन लोगों ने अपनी समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया, उनमें नंदा देवी, बेबी देवी, दुर्गेश शर्मा, भरत साह, अरविन्द कुमार, शैलेश दुबे, जमुरती मियां, रामशीष प्रसाद कुशवाहा, भूपेन्द्र प्रसाद, अभय राय, इद्रीश मियां, शीतल कुमारी गुप्ता आदि के नाम शामिल हैं। जनता दरबार में कई तरह के मामले आए। जिसमें



राजस्व, शिक्षा, आपूर्ति, आवास, स्वास्थ्य से जुड़ी समस्या आदि शामिल हैं। जिलाधिकारी ने हर मामले को बहुत गौर से सुना और नियमानुसार समाधान की दिशा में आवेदन को आगे बढ़ाया। इस अवसर पर अपर समाहर्ता, विभागीय जांच, कुमार रविन्द्र, अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, अनिल कुमार सिन्हा, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, अमरेन्द्र कुमार, वरीय उप समाहर्ता, रोचना माद्री, विशेष कार्य पदाधिकारी, सुजीत कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### पहलगाम में मारे गए हिन्दूओं के समर्थन में निकलेगा कैंडल मार्च

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में घुमने गए 26 निर्दोष हिन्दुओं के पाकिस्तान परस्त मुस्लिम आतंकवादियों के जघन्य हत्या कर दिए जाने को लेकर विभिन्न हिंदूवादी संगठनों की एक बैठक हुई. बैठक में निर्णय लिया गया कि 26 निर्दोष लोगों की हत्या की घटना को लेकर सीवान शहर में बजरंग दल, विश्व हिन्दू परिषद् और सनातन सुरक्षा समिति के तत्वावधान में एक कैंडल मार्च निकालकर कर जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में अपनी जान गवाने वाले हिन्दू भाइयों को श्रद्धांजलि दी जाएगी.बजरंग दल के क्षेत्रीय संयोजक जन्मेजय कुमार ने बताया कि यह कैंडल मार्च शहर के रजिस्ट्री कचहरी रोड स्थित शिव व्रत साह छठ घाट से शुरू होकर, शहर के विभिन्न मार्गो से गुजरते हुए जेपी चौक पर श्रद्धांजलि सभा में तब्दील हो गयी.

# जनता के दरबार में 79 मामलों की हुई सुनवाई

**सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शुक्रवार को जिला पदाधिकारी ने समाहरणालय सिवान के सभागार में आयोजित जनता के दरबार में"कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आये कुल-79 आवेदनकत्ताओं की समस्याओं पर सुनवाई की । अलग-अलग विभागों से संबंधित परिवाद पत्रों पर सुनवाई की गई। अंचलाधिकारी बसंतपुर ,सिवान सदर, हुसैनगंज, पचरुखी, दरौंदा, दरौली, बड़हरिया,



गोरियाकोठी, भगवानपुरहाट महाराजगंज, आंदर हसनपुरा के कार्यालय से संबंधित,एवं सिविल सर्जन के कार्यालय से संबंधित, अपर समाहर्ता सिवान के कार्यालय से संबंधित ,अनुमंडल पदाधिकारी सदर/ महाराजगंज के कार्यालय से संबंधित, जिला पंचायती राज शाखा के कार्यालय से संबंधित ,पीएचइडी कार्यालय से संबंधित, स्थापना प्रशाखा से संबंधित, प्रखंड विकास पदाधिकारी के कार्यालय से संबंधित जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आईसीडीएस के कार्यालय से संबंधित, जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय से संबंधित जिला भू अर्जन पदाधिकारी के कार्यालय से संबंधित, भूमि सुधार उपसमरता के कार्यालय से संबंधित, बैंकिंग शाखा से संबंधित, कार्यपालक अभियंता विद्युत महाराजगंज के कार्यालय से संबंधित, बाल संरक्षण पदाधिकारी के कार्यालय से संबंधित, नजारत शाखा से संबंधित, स्थापना शाखा से संबंधित आवेदन पत्र / समस्याओं पर संज्ञान लेते हुए जिला पदाधिकारी सिवान द्वारा उक्त समस्याओं का स-समय नियमानुसार निराकरण करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यकतानुसार तत्काल दिशा-निर्देश दिया गया।

# कुल्हाड़ी से हमला कर अधेड़ की हत्या

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** बारून थाना क्षेत्र के धुरिया गांव में गुरुवार की रात एक शख्स की हत्या हुई है। आरोपित ने कुल्हाड़ी से हमला कर उसकी हत्या की है। मृतक की पहचान 45 साल के दामोदर भुइयां के रूप में हुई है। दामोदर के भाई भगवान राम ने हत्या का आरोप उसकी पत्नी लगाया है। परिजन कह रहे हैं कि दामोदर की पत्नी का 10 साल से अवैध संबंध चल रहा है। उसके प्रेमी ने ही दामोदर की हत्या की है। इसको लेकर कई बाह बारूनथाना में आवेदन भी दिया गया। पंचायत भी हुई, लेकिन प्रेम संबंध नहीं टूटा। पत्नी अक्सर दामोदर से झगड़ा करती थी। उसे घर में रहने नहीं देती थी। तंग होकर दामोदर आंध्र प्रदेश मजदूरी करने चला गया था। परिजन ने कहा कि होली में लौटा था। इसके बाद उसने पत्नी के अवैध संबंध का विरोध किया, लेकिन पत्नी नहीं मानी। गुरुवार रात पत्नी का प्रेमी दामोदर को पइन की ओर ले गया। वहां कुल्हाड़ी से हत्या कर दी। वारदात के बाद वह फरार हो गया। शुक्रवार दोपहर सदर अस्पताल में पोस्टमॉर्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि हत्या की पूरी साजिश पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर रची थी। बारून थानाध्यक्ष राम इकबाल यादव ने बताया कि धुरिया गांव में कुल्हाड़ी से एक अधेड़ की हत्या हुई है। जांच जारी है। आवेदन मिलने के बाद प्राथमिकी दर्ज कर आरोपितों की गिरफ्तारी की जाएगी।


मृतक के परिजन

# विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू, गया से मंगाए गए 350 नए इवीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर औरंगाबाद जिला प्रशासन ने तैयारियों की रफ्तार तेज कर दी है। चुनाव में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (इवीएम) की संभावित कमी को देखते हुए जिला निर्वाचन कार्यालय ने पड़ोसी गया जिले से 350 नए इवीएम मंगाए हैं। ये मशीनें सोमवार को जिले में पहुंचीं और सुरक्षा व्यवस्था के बीच प्रखंड परिसर स्थित गोदाम में रखी गई हैं। चुनाव प्रक्रिया को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण कार्य को भी प्राथमिकता दी है। वर्तमान में सूची में नए नाम जोड़ने का कार्य जोर-शोर से जारी है। निर्वाचन विभाग ने स्पष्ट किया है कि जो युवक-युवतियां 1 अक्टूबर 2025 को 18 वर्ष के हो रहे हैं, वे मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। निर्धारित तिथि तक 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले सभी पात्र युवाओं को आगामी चुनाव में मतदान करने का अवसर मिलेगा।



## दो बार चलेगा विशेष पुनरीक्षण अभियान

जिला निर्वाचन पदाधिकारी के अनुसार विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम को कम से कम दो बार और चलाए जाने की योजना है ताकि कोई भी पात्र नागरिक मताधिकार से वंचित न रह जाए। इसके लिए सभी बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) को सक्रिय किया गया है और घर-घर जाकर जानकारी जुटाने व लोगों को आवेदन हेतु प्रेरित करने का निर्देश दिया गया है।

## चुनावी सामग्री की खरीद को लेकर निविदा जारी

चुनाव के दौरान आवश्यक सामग्री जैसे टेंट, पंडाल, खान-पान से जुड़ी वस्तुएं, कुर्सी, मेज, विद्युत उपकरण समेत अन्य आवश्यक वस्तुओं की खरीद के लिए भी प्रशासनिक स्तर पर कवायद तेज कर दी गई है। जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से इन सामग्रियों की खरीद के लिए विधिवत निविदा जारी कर दी गई है। इसकी सूचना विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित कर दी गई है, ताकि इच्छुक आपूर्तिकर्ता समय पर अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकें।

## सुरक्षा और पारदर्शिता पर जोर

जिला प्रशासन ने यह भी साफ किया है कि चुनाव प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। साथ ही, सभी इवीएम और वीवीपैट मशीनों की नियमित जांच, ट्रायल और सीलिंग की प्रक्रिया भी समय पर पूरी की जाएगी। जिले में मतदाता जागरूकता अभियान भी चलाए जाएंगे ताकि अधिक से अधिक मतदाता मतदान केंद्रों तक पहुंचें और लोकतंत्र के इस महापर्व में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

# 27 को सोनौरा और 28 अप्रैल को बैरिया पंचायत में ग्राम संपर्क यात्रा करेंगे पूर्व सांसद वीरेन्द्र सिंह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के पूर्व सांसद सह नबीनगर के पूर्व विधायक वीरेन्द्र कुमार सिंह 27 अप्रैल को नबीनगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सोनौरा और 28 अप्रैल को बैरिया पंचायत में ग्राम संपर्क यात्रा करेंगे। इस संबंध में नबीनगर के प्रखंड अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने बताया कि पूर्व सांसद सोनौरा पंचायत में 27 अप्रैल की सुबह 10 बजे चिरैयाटाड़, धीरी बिगहा, 10:30 बजे ईगुनाही, 11 बजे चरण, 11:30 बजे गंगहर, 12 बजे लहियारपुर, गाना बिगहा, 12:30 बजे महदेवा, 1 बजे बनहारा, बरडीहा, 1:30 बजे पुनपुन नगर, अजाद बिगहा, 2 बजे नावाडीह, 2:30 बजे खम्भा, 3 बजे नेपाल बिगहा, 3:30 बजे कोल्ह मंझौली, 4 बजे बिसाई, 4:30 बजे सोनौरी, 5 बजे सोनौरा, 5:30 बजे ढेकहा मंझौली एवं 6 बजे रेगनिया गांव में ग्राम संपर्क यात्रा करेंगे। वहीं बैरिया पंचायत में 28 अप्रैल की सुबह 10:30 बजे बढ़की रेगनिया, 11 बजे रूपन बिगहा, रघु बिगहा, 11:30 बजे बड़हारा, 12 बजे औसान, 12:30 बजे शाहपुर, 1 बजे तमसी, 1:30 बजे बगाही, 2 बजे चान्दपुर भटौलिया, 2:30 बजे पिपरा, 3 बजे बैरिया, 4 बजे बैरवां लोकनाथ, 4:30 बजे कुलहड़िया, 5 बजे कर्मा विश्रामपुर, 5:30 बजे पोला एवं 6 बजे बभंडी बभण्डीहा गांव में ग्राम संपर्क यात्रा करेंगे। इन कार्यक्रमों में जदयू के सभी वरीय कार्यकर्ता और नेता शामिल होंगे।



# आपदा में सेवा : एनटीपीसी बना ग्रामीणों का संकटमोचक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले के नबीनगर प्रखंड स्थित एनटीपीसी आपातकालीन स्थितियों में ग्रामीणों की सहायता हेतु अग्निशमन सुविधा प्रदान कर रहा है। परियोजना में नियुक्त केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की फायर विंग टीम, परियोजना से सटे ग्रामीण क्षेत्रों में आग लगने की घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई कर रही है। गर्मियों में ग्रामीण इलाकों में आग लगने की घटनाएं सामने आती रहती है, जिससे फसलों और संपत्ति को भारी नुकसान होता है। सीआइएसएफ की फायर विंग सूचना मिलते ही नजदीकी इलाकों तक पहुंचकर आग बुझाने में लग जाती है। इस त्वरित राहत कार्य से आमजनो को कम से कम क्षति का सामना करना पड़ता है। सीआइएसएफ की फायर विंग आधुनिक उपकरणों तथा प्रशिक्षित जवानों के बल पर हर आपातकाल की स्थिति में तुरंत कार्रवाई करने के लिए सदैव तैयार रहती है। यह टीम न केवल परियोजना परिसर की सुरक्षा में जुटी रहती है, बल्कि जरुरत पड़ने पर पास के ग्रामीण क्षेत्रों में आपातकालीन स्थितियों, विशेषकर आग लगने की घटनाओं पर भी तुरंत कार्रवाई कर रही है। ग्रामीणों की सुरक्षा हेतु एनटीपीसी नबीनगर द्वारा की जा रही इस पहल को स्थानीय स्तर पर खूब सराहा जा रहा है। यह प्रयास इस बात का प्रमाण है कि एनटीपीसी नबीनगर न केवल विद्युत उत्पादन में अग्रणी है, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व निभाने में भी पूरी गंभीरता से जुटा हुआ है।




# दुष्कर्म आरोपित किशोर को तीन साल की सजा

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** किशोर न्याय बोर्ड, औरंगाबाद के प्रधान दंडाधिकारी सह एसीजेएम सुशील प्रसाद सिंह ने आज एक महत्वपूर्ण निर्णय में दुष्कर्म आरोपी किशोर को तीन साल की सजा सुनाई। यह फैसला रफीगंज थाना कांड संख्या -242/22 के तहत सुनाया गया। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने जानकारी दी कि आरोपी किशोर को 08 जुलाई 2022 से पर्यवेक्षण गृह गया में संसीमित किया गया था। बोर्ड द्वारा पर्यवेक्षण गृह गया के अधीक्षक को एक पत्र जारी किया गया है, जिसमें कहा गया है कि किशोर की सजा पूरी करने के बाद उसे विशेष गृह पटना स्थानांतरित किया जाए। आवासित किशोर पर भारतीय दंड संहिता (भादंवि) की धारा 376 और 06 पोक्सो एक्ट तथा एससी/एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत जघन्य अपराध दर्ज किया गया था। इस मामले में बोर्ड ने आदेश दिया कि पीड़िता को विधिक सेवा प्राधिकरण, औरंगाबाद के माध्यम से चार लाख रुपये का प्रतिकर दिलाया जाए।

# लाठी-डंडे से पीटकर अधेड़ की हत्या

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत पवई टोले मेघराज बिगहा गांव में गुरुवार देर रात चचेरे भाई से कहासुनी के बाद एक अधेड़ व्यक्ति की सामुदायिक भवन में लाठी-डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। घटना गुरुवार की रात जिले के का है। मृतक की पहचान गांव निवासी 50 वर्षीय मिश्री चौधरी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, मामूली विवाद को लेकर दोनों भाइयों के बीच बहस हुई। इसके बाद दोनों के बीच मारपीट भी हुई। उस दौरान मौजूद लोगों ने बीच-बचाव करके दोनों को अलग कर दिया। वहीं, रात होने के बाद दूसरे पक्ष के लोग लाठी-डंडे लेकर पहुंचे और हमला करना शुरू कर दिया। जब पीड़ित ने शोर मचाना शुरू किया तो लोगों ने उसका मुंह बंद करने के बाद पीटकर उसकी हत्या कर दी। जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया। बताया गया है कि आरोपी के बेटी की आज शादी का तिलक जाने वाला था। इस मामले में 9 लोगों के खिलाफ नामजद शिकायत दर्ज कराई गई है। मृतक के परिजनों ने पुलिस को दिए आवेदन में अशोक चौधरी, उसका भाई बसंत चौधरी, पुत्र राकेश चौधरी, विवेक चौधरी, भतीजा विकास चौधरी विश्वास उर्फ पुलिस, विष्णु दयाल चौधरी, धीरज चौधरी, संतोष चौधरी समेत नौ लोगों को नामजद किया है। परिजनों ने आरोप लगाया कि अशोक का बेटा राकेश और खुद अशोक पूर्व में शराब तस्करी के मामलों में जेल जा चुके हैं और आपराधिक प्रवृत्ति के हैं।

# बिहटा-औरंगाबाद के बीच बनेंगे 14 रेलवे स्टेशन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद/पटना।** राज्य के विकास की रफ्तार अब रेलवे की पटरियों पर दौड़ने को तैयार है। लंबे समय से प्रस्तावित बिहटा-औरंगाबाद रेलवे लाइन परियोजना को नई मंजूरी मिल गई है। यह 120 किलोमीटर लंबा रेल कॉरिडोर बिहटा से औरंगाबाद तक बनाया जाएगा, जिससे न सिर्फ पटना और मगध क्षेत्र की दूरी कम होगी, बल्कि क्षेत्रीय विकास को भी नई दिशा मिलेगी। इस रेल लाइन में कुल 14 स्टेशन प्रस्तावित हैं, जो इस प्रकार हैं–बिक्रम, दुल्हिनबाजार, पालीगंज, बारा, अरवल, खभानी, सवाजपुरा, कलेर, शमशेर नगर, दाउदनगर, अरांदा, ओबरा, अनुग्रह नारायण रोड और भरथौली शरीफ। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, परियोजना का कार्य चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा है। पहले चरण में औरंगाबाद से अनुग्रह नारायण रोड के बीच की 13 किलोमीटर की लाइन पर तेजी से कार्य चल रहा है और जल्द ही इसका काम पूरा होने की उम्मीद है। इस खंड के पूर्ण होते ही यात्रियों को नया विकल्प मिलेगा और स्थानीय लोगों को भी आवागमन में सुविधा होगी। विशेषज्ञों का मानना है कि इस रेल लाइन के बन जाने से न केवल बिहार की कनेक्टिविटी बेहतर होगी, बल्कि क्षेत्रीय व्यापार, कृषि उत्पादों की ढुलाई और पर्यटन को भी बल मिलेगा। यह रेल लाइन पटना के बिहटा से शुरू होकर पूरे मगध क्षेत्र को जोड़ने का काम करेगी, जिससे दिल्ली-हावड़ा मुख्य रेल मार्ग पर भी दबाव कम होगा। यह केवल एक रेल लाइन नहीं, बल्कि लोगों की वर्षों पुरानी मांग और उम्मीदों का पुल है।




# नियमित योग अभ्यास से रोगमुक्त और स्वस्थ रहता है व्यक्ति : ममता गुप्ता



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** संगठन की मजबूती और विस्तार को लेकर महिला पतंजलि योग समिति की बैठक जिला प्रभारी-सह-राज्य कार्यकारिणी सदस्य ममता गुप्ता की अध्यक्षता में उनके आवास शहर के शाहपुर पोखरा स्थित उनके आवास पर आयोजित की गई। इस दौरान महिलाओं की विभिन्न समस्याओं के समाधान पर भी जोर दिया गया। ममता गुप्ता ने कहा कि नियमित योग अभ्यास से व्यक्ति रोगमुक्त और स्वस्थ रहता है। उन्होंने स्वामी रामदेव और आचार्य बालकृष्ण के विचारों को साझा करते हुए कहा कि योग, प्राकृतिक चिकित्सा और आयुर्वेद के माध्यम से हम निरोगी जीवन प्राप्त कर सकते हैं। हमें स्वामी रामदेव का संकल्प करो योग, रहो निरोग को जन-जन तक पहुंचाना है। बैठक में उषा किरण समेत संगठन के कई प्रभारी एवं सक्रिय सदस्यों ने भाग लिया। इस दौरान महिलाओं में काफी उत्साह दिखा।

# संत परमानन्द रामानुज वैष्णो दास महाराज का निधन

## पूर्व सांसद सहित भाजपा नेताओं व पंचायतवासियों ने जताया शोक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** सदर प्रखंड के परसडीह पंचायत स्थित ग्राम सिमरी (दोसमा) निवासी परम पूज्य संत परमानन्द रामानुज वैष्णोदास महाराज का निधन दिल्ली स्थित एक निजी अस्पताल में हुआ। उनके निधन की खबर सुनते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। भाजपा के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह, मुखिया प्रतिनिधि अमरीश सिंह और पंचायतवासियों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि संत परमानन्द महाराज का निधन हम सभी के लिए अत्यंत दुःखद है। महाराज जी का जन्म सिमरी गाँव में हुआ था और उन्होंने अपना पूरा जीवन सनातन धर्म के प्रचार और रक्षा में समर्पित किया। वे देश के विभिन्न राज्यों में महायज्ञ आयोजित करने और कई मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा करवाने के लिए प्रसिद्ध थे। उनका अधिकतर समय दिल्ली स्थित अपने मठ और आश्रम में व्यतीत हुआ, जहां वे सनातन धर्म का प्रचार-प्रसार करते रहे। उनके निधन से पूरे क्षेत्र के लोग शोकाकुल हैं और उनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक गाँव सिमरी में संपन्न हुआ, जहां उनके शिष्यों की भारी संख्या उपस्थित रही। इस मौके पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्णवल्लभ कुमार सिंह उर्फ बबुआ जी, परसडीह पंचायत की मुखिया उषा देवी, प्रखण्ड बीस सूत्री सदस्य भरत सिंह, जिला मीडिया प्रभारी मितेन्द्र कुमार सिंह, समाजसेवी पंकज सिंह, पैक्स प्रबंधक अनिल सिंह, निरंजन सिंह, विशाल कुमार उर्फ दुदुन सिंह, शिक्षक माखन सिंह, विनोद सिंह, बिजेन्द्र सिंह, मंटू सिंह, उप मुखिया राजेश शर्मा, विजय सिंह सहित पंचायतवासी और कई अन्य समाजसेवी उपस्थित रहे। सभी ने संत परमानन्द महाराज के योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि उनका जाना हम सभी के लिए अपूरणीय क्षति है, जिसकी भरपाई निकट भविष्य में संभव नहीं है। उनके जीवन को हम सब सदैव प्रेरणा के रूप में याद करेंगे।

# अगलगी में लाखों का नुकसान

नवबिहार टाइम्स संवाददात

**रफीगंज(औरंगाबाद)।** प्रखंड के जाख़िम पड़रिया गांव में आगलगी की घटना में पांच बीघा का पुआल तथा दो बीघा 10 कट्ठा के गेहूं का बोझा जलकर राख हो गया। सूचना पाकर दो अग्निशमन वाहन, एमटी तथा बड़ी वाटर टेंडर के साथ अग्निक चालक सुभाष, रामनाथ कुमार, अग्निक एजहार आलम, अग्निक सौरव कुमार, अग्निक सत्यम कुमार, अग्निक सोनम कुमारी, अग्निक अमीषा कुमारी के प्रयास से आग पर काबू पाया गया। पीड़ित बीरेंद्र यादव एवं ललिंद्र यादव ने कहा कि इस आगलगी की घटना में उन्हें लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। उन्होंने सरकार से मिलने वाली मुआवजा राशि दिलाने की मांग की। प्रभारी अंचलाधिकारी रामकुमार रमन ने कहा कि कर्मचारी को भेजकर कागजी कार्रवाई उपरांत सरकार से मिलने वाली उचित सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

# मारपीट के दौरान बीच बचाव करने आई महिला को लगी गोली

**औरंगाबाद(नवबिहार टाइम्स ब्यूरो)।** जिले के रफीगंज थाना अंतर्गत सिमवां गांव में गुरुवार देर रात एक शादी समारोह के दौरान हुए झगड़े में बीच-बचाव करने गई एक महिला को गोली लग गई। गंभीर रूप से घायल महिला की पहचान गया जिले के इमामगंज थाना क्षेत्र के बांके बाजार निवासी पवन पासवान की पत्नी रिंकी देवी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार रिंकी देवी अपने भाई रामू पासवान की शादी में शामिल होने सिमवां गांव आई थीं। गुरुवार रात गांव के ही सोनू महतो से रामू का किसी बात को लेकर विवाद हो गया। सोनू ने फोन कर रामू को घर से बाहर बुलाया और अपने साथ करीब 10 लोगों के साथ उस पर हमला कर दिया। मारपीट के दौरान जब रामू गिर गया तभी सोनू ने गोली चला दी। घटना के बाद घायल रिंकी देवी को तुरंत रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टर सुबोध कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। डॉक्टर ने बताया कि महिला को गोली लगी है। घटना की सूचना मिलते ही रफीगंज थानाध्यक्ष शंभू कुमार और सर्किल इंस्पेक्टर रामजी प्रसाद मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए हैं और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी गई है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक – कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

बिहार सरकार

गन्ना उद्योग विभाग

बिहार राज्य गुड़ उद्योग प्रोत्साहन कार्यक्रम (वित्तीय वर्ष 2025-26)

गन्ना उद्योग विभाग, बिहार सरकार द्वारा गुड़ उत्पादन इकाइयों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इच्छुक निवेशकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। इच्छुक निवेशक ccs.bihar.gov.in पर जाकर अपना आवेदन कर सकते हैं।

आवेदन आरंभ तिथि: 21 अप्रैल, 2025
अंतिम तिथि: 25 मई, 2025



- सरकार की ओर से अनुदान एवं तकनीकी सहयोग उपलब्ध।
- स्थानीय गुड़ उद्योग को सशक्त बनाएं और आत्मनिर्भर बिहार के निर्माण में भागीदार बनें।



PR No.- 001943 (Sugarcane)D. 2025-26

अधिक जानकारी हेतु अपने जिले के संबंधित जिला ईख विकास पदाधिकारी से संपर्क करें।